Impact Factor : 7.834

गीना देवी शोध संस्थान
द्वारा पटियाला, श्रीगंगानगर व नेपाल से प्रसारित
साहित्य, शिक्षा, संस्कृति एवं शोध का अंतर्राष्ट्रीय मासिक

ISSN : 2321-8037
July-August 2025
Volume 13, Issue 7-8

Gina Shodh SANGAM

AN INTERNATIONAL MULTI DISCIPLINARY MONTHLY MULTI LANGUAGE
PEER REVIEWED REFEREED RESEARCH JOURNAL

UGC Valid Journal (The Gazette of India, Extraordinary Part III, Section 4, Dated July 2018)

Editor :
Dr. Rekha Soni

Chief-Editor :
Dr. Naresh Sihag Adv.

संस्थापक सम्पादिका :
स्मृति शेष
डॉ. विश्वकीर्ति

संगम SANGAM

बहुभाषिक बहुविषयक शोध को समर्पित अंतर्राष्ट्रीय मासिक

AN INTERNATIONAL MULTIDISCIPLINARY MONTHLY MULTI LANGUAGE PEER REVIEWED REFEREED RESEARCH JOURNAL

www.ginajournal.com

संस्थापक संरक्षक :
स्मृति शेष
श्री हरविन्द्र कमल चौधरी

वर्ष : 13 | अंक : 7–8 (1) | जुलाई – अगस्त : 2025 | आई एसएसएन : 2321–8037

सम्पादक :

डॉ. रेखा सोनी
शिक्षा विभाग, टांटिया वि.वि.,
श्रीगंगानगर – 3 3 5001 (राज.)

प्रधान सम्पादक :
डॉ. नरेश सिहाग एडवोकेट
सचिव, गीना देवी शोध संस्थान,
भिवानी (हरियाणा)

मार्गदर्शन :
डॉ. राजेन्द्र गोदारा
श्रीगंगानगर, राजस्थान।

डॉ. सुरजीत सिंह कस्वां
श्रीगंगानगर, राजस्थान।

डॉ. लक्ष्मी जोशी
त्रिभुवन वि.वि. काठमाण्डू।

डॉ. सृष्टि चौधरी
लेक्चरर, इलेक्ट्रानिक्स
एंड कम्युनिकेशन,
सरकारी पॉलिटेक्निक कॉलेज फॉर
गर्ल्स, पटियाला, पंजाब।

श्री श्रेष्ठ चौधरी,
सीनियर मैनेजर,
स्टेट बैंक ऑफ इंडिया,
साहिबजादा अजित सिंह नगर,
मोहाली, पंजाब।

कानूनी सलाहकार :
डॉ. रामफल दलाल एडवोकेट,
श्रीमती रूपिन्द्र कौर, एडवोकेट

सलाहाकार समिति (Advisory Committee)

डॉ. सुलक्षणा अहलावत
अंग्रेजी प्रवक्ता, शिक्षा विभाग
नूंह (हरियाणा)

डॉ. अरूणा अंचल
बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय,
रोहतक (हरियाणा)

डॉ. सुशीला
चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय, भिवानी।

डॉ. अल्पना शर्मा
आईएएसई विश्वविद्यालय सरदारशहर

डॉ. विजय महादेव गाडे
बाबा साहेब चितले महाविद्यालय
भिलवडी (महाराष्ट्र)

डॉ. लता एस. पाटिल
राजीव गांधी बीएड कॉलेज
धारवाड़ (कर्नाटक)

डॉ. रीना कुमारी
दशमेश गर्ल्स कॉलेज,
अल्ला बक्श, मुकेरिया, पंजाब।

श्री राकेश शंकर भारती
यूक्रेन।

श्री हेमराज न्यौपाने
नेपाल।

डॉ. ममता तनेजा
अबोहर, पंजाब।

डॉ. प्रियंका खंडेलवाल
बराण, राजस्थान।

डॉ. संदीप
ओम विश्वविद्यालय, हिसार।

प्रो. मधुबाला
राजकीय महिला महाविद्यालय, हिसार।

डॉ. पीयूष कुमार द्विवेदी
जगद्गुरू रामभद्राचार्य दिव्यांग
विश्वविद्यालय, चित्रकूट, उत्तरप्रदेश

डॉ. हवासिंह ढाका
राजकीय महाविद्यालय, हिन्दुमलकोट,
श्रीगंगानगर (राजस्थान)

डॉ. मानसिंह दहिया
संस्कृत प्रवक्ता, शिक्षा विभाग हरियाणा

डॉ. राजेश शर्मा
टांटिया विश्वविद्यालय,
श्रीगंगानगर (राजस्थान)

डॉ. मोहिनी दहिया
माती जीतोजी कन्या महाविद्यालय,
सूरतगढ़ (राजस्थान)

डॉ. मुद्दस्सिर अहमद भट्ट
हिन्दी विभाग,
कश्मीर विश्वविद्यालय श्रीनगर, कश्मीर

डॉ. सीहेच वी. महालक्ष्मी
सीहेच एसडीएसटी थेरेसा महिला
महाविद्यालय, एलुरू, आंध्र प्रदेश

डॉ. मोरवे रोशन के.
यूनाईटिड किंगडम।

डॉ. अनुपमा, पूर्व प्रोफेसर,
अंकारा विश्वविधालय, अंकारा, टर्की

डॉ. आर.के विश्वास
अध्यक्ष होम्योपैथिक, टांटिया, वि.वि.

प्रकाशक, स्वामी एवं मुद्रक **डॉ. नरेश सिहाग,** एडवोकेट ने **मनभावन प्रिन्टर्ज,** पुराना बस स्टैण्ड रोड़, नया बाजार, भिवानी से छपवाकर 202, पुराना हाऊसिंग बोर्ड, भिवानी–127021 (हरियाणा) से जारी किया।

संगम SANGAM

बहुभाषिक बहुविषयक शोध को समर्पित अंतर्राष्ट्रीय मासिक

AN INTERNATIONAL MULTIDISCIPLINARY MONTHLY MULTI LANGUAGE PEER REVIEWED REFEREED RESEARCH JOURNAL

(Journal of Literature, Arts, Science, Commerece, Culture, Humanities and Social Sciences)

सचिव :

डॉ. नरेश सिहाग एडवोकेट

202, पुराना हाऊसिंग बोर्ड,

भिवानी-127021 (हरियाणा)

Email : grngobwn@gmail.com

मो. 09466532152

संगम मासिक पत्रिका में प्रकाशित रचनाओं/लेखों की मौलिकता का दायित्त्व स्वयं रचनाकारों/लेखकों का है। उससे सम्पादक व प्रकाशक का सहमत होना आवश्यक नहीं। किसी भी प्रकार का विवाद होने पर न्यायक्षेत्र केवल भिवानी (हरियाणा) होगा।
सम्पादन और प्रबंधन के सभी पद पूर्ण रूप से अवैतनिक हैं।

Published by :

Gugan Ram Educational & Social Welfare Society (Regd.)

202, Old Housing Board,

Bhiwani-127021 (Haryana) INDIA

Email : grsbohal@gmail.com

Facebook.com/bohalshodhmanjusha

Website : www.bohalsm.blogspot.com

WhatsApp : 9466532152

All Right Reserved by Publisher & Editor

Price

Individual/Institutional : 1300/-

Disclaimer :

1. Printing, Editing, Selling and distribution of this Journal is absolutely honorary and non-commercial.
2. All the Cheque/Bank Draft/IPO should be sent in the name of Gugan Ram Educational & Social Welfare Society payable at Bhiwani.
3. Articles in this journal do not reflect the Views or Policies of the Editor's or the Publisher's. Respective authors are responsible for the originally of their views/opinions expressed in their articles.
4. All dispute will be Subject to Bhiwani, Hry. Jurisdication only.

Printed by : Manbhawan Printers, Old Bus Stand Road, Naya Bazar, Bhiwani (Hry.)

Impact Factor : 7.834

ISSN : 2321-8037

Gina Shodh SANGAM

Peer Reviewed & Refereed Research Journal

International Journal of Literature, Arts, Culture, Humanities and Social Sciences

UGC Valid Journal (The Gazette of India, Extraordinary Part III, Section 4, Dated July 2018)

Publisher : Gugan Ram Educational & Social Welfare Society (Regd.)

तालिका– 2

शैक्षणिक / शोध अंक की गणना हेतु विश्वविद्यालय और महाविद्यालय के शिक्षकों के लिए कार्यप्रणाली

(आकलन शिक्षकों द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यों पर आधारित होना चाहिए, जैसेः प्रकाशनों की प्रति, परियोजना स्वीकृति पत्र, विश्वविद्यालय द्वारा जारी उपयोग तथा पूर्णता प्रमाण पत्र, पेटेंट दर्ज कराने संबंधी अभिस्वीकृति और स्वीकृति पत्र, विद्यार्थियों को पीएचडी उपाधि प्रदान किए जाने संबंधी पत्र इत्यादि।)

क्रम सं.	शैक्षणिक / शोध क्रियाकलाप	विज्ञान / अभियांत्रिकी / कृषि / चिकित्सा / पशु–चिकित्सा विज्ञान संकाय	भाषा / मानविकी / कला / सामाजिक विज्ञान / पुस्तकालय / शिक्षा / शारीरिक शिक्षा / वाणिज्य / प्रबंधन तथा अन्य संबंधित विधाएं
1	समकक्ष व्यक्ति समीक्षित अथवा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा सूचीबद्ध पत्रों में शोध पत्र	08 प्रति पत्र	10 प्रति पत्र
2	प्रकाशन (शोध पत्रों के अतिरिक्त)		
	(क) लिखी गई पुस्तकें, जिन्हें निम्नवत के द्वारा प्रकाशित किया गया :		
	अंतर्राष्ट्रीय प्रकाशक	12	12
	राष्ट्रीय प्रकाशक	10	10
	संपादित पुस्तक में अध्याय	05	05
	अंतर्राष्ट्रीय प्रकाशक द्वारा पुस्तक का संपादक	10	10
	राष्ट्रीय प्रकाशक द्वारा पुस्तक का संपादक	08	08
	(ख) योग्य संकाय द्वारा भारतीय और विदेशी भाषाओं में अनुवाद कार्य		
	अध्याय अथवा शोध पत्र	03	03
	पुस्तक	08	08
3	आईसीटी के माध्यम से शिक्षण ज्ञान– अर्जन, शिक्षण शास्त्र और विषयवस्तु का सृजन तथा नए और नवोन्मेषी पाठ्यक्रमों और पाठ्यचर्या का विकास		
	(क) नवोन्मेषी अध्यापन का विकास	05	05
	(ख) नई पाठ्यचर्या और पाठ्यक्रमों को तैयार करना	02 प्रति पाठ्यचर्या / पाठ्यक्रम	02 प्रति पाठ्यचर्या / पाठ्यक्रम

202, Old Housing Board, Bhiwani, Haryana-127021

www.bohalsm.blogspot.com grsbohal@gmail.com 8708822674 9466532152

अनुक्रमाणिका

क्र.	विषय	लेखक	पृष्ठ
1.	सम्पादकीय	डॉ. रेखा सोनी	07–08
2.	ब्रिटिश भारत में प्रतिबंधित हिंदी नाट्य-साहित्य और 'कुली प्रथा' नाटक	ललित कुमार	09–17
3.	पूर्व प्राथमिक विद्यालय जाने वाले बच्चों के भाषाई विकास पर शिक्षक तथा विद्यालयी प्रभाव की भूमिका का अध्ययन	रजनी शर्मा, डॉ. अनुमति कुमारी	18–22
4.	राजस्थान में उच्च शिक्षक (कॉलेज) बेरोजगारों का बदतर दयनीय स्थिति (The pathetic condition of unemployed Colleges teachers in Rajasthan is very bad)	Sunita Nehra	23-28
5.	महिलाओं के सामाजिक-आर्थिक परिवर्तन लाने में स्टार्ट-अप योजनाओं की भूमिका	चुनमुन कुमारी	29–35
6.	One Nation, One Election: A Comprehensive Analysis of Simultaneous Polls in India	Dr. Madhu Thawani	36-44
7.	महात्मा गाँधी के दर्शन के विविध आयाम	कोमल गर्ग	45–52
8.	From Fabric to Frame : Decoding the Costume Craft in Sanjay Leela Bhansali's Cinema	Devanshi Mehta, K. Ravi Kumar	53-59
9.	'कस्बाई सिमोन' : विवाह के बंधनों से मुक्ति की राह तलाशती नारी का संघर्ष	प्रो. अंजना मेहता	60–68
10.	దేవులపల్లి కృష్ణ శాస్త్రి కృతులలో సాహిత్య, సామాజిక, సాంస్కృతిక దృక్పథం	డా. పి. శర్వాణి	69–74
11.	भारत के राजकोषीय नीति की व्यावहार्यता Feasibility of Fiscal Policy of India	डॉ. एस. पी. भारद्वाज	75–82
12.	भारत में मानवाधिकार एवं पुलिस संगठन	डॉ. विभा शर्मा	83–88
13.	शास्त्रीय संगीत का इतिहास एवं विकास	डॉ. श्रुति मिश्रा	89–91
14.	Comparative Study of Light Intensity Distribution from CFL, LED, and Mobile Flashlight Using a Lux Meter	P. Satya Phani Kumar*, S. Suresh, D. Naresh, T. Aravind	92-98
15.	मैत्रेयी पुष्पा के उपन्यासों में शिक्षित महिला पात्रों का चित्रण और उनका सामाजिक संघर्ष	डॉ. सोनिया गुप्ता	99–103

16.	स्त्री अस्मिता का संघर्ष : छिन्नमस्ता के विशेष संदर्भ में	शंषादबी. टी	104–106
17.	गीता दर्शन में निहित शैक्षिक मनोविज्ञान	मलखान मीना	107–109
18.	**The Feminine Divine in Khajuraho : A Study of Apsarases and Their Association with Fecundity, Beauty, and Love**	**Dr. Sudhakar Deo**	**110-115**
19.	**From Fortune to Freedom : The Transformation in Anton Chekhov's 'The Bet'**	**Dr. Chitralekha**	**116-123**
20.	**Dastangoi : Oral Storytelling in Contemporary Theatre**	**Rakesh Ojha**	**124-127**
21.	हिन्दी कहानी में स्त्री सरोकार : इक्कीसवीं सदी के परिप्रेक्ष्य में	डॉ रम्या एल.	128–131
22.	**"తిక్కన మహా భారత రచన -తెలుగుదనం"**	**Dr. PSUPULETI NAGA MALLIKA**	**132-137**
23.	हिंदी का वैज्ञानिक एवं तकनीकी पक्ष	डॉ. राजकुमार शर्मा	138–144
24.	एस आर हरनोट की कहानी आभी में पर्यावरण चेतना	सीमा देवी, डॉ. अरविंदर कौर चुम्बर	145–148
25.	शैलेश मटियानी के कथेतर साहित्य की भाषा	दीपमाला, डॉ. संजय सुनाल	149–160
26.	भवभूतेः मतानुसारं 'रामचरितम्' ("Bhavabhūteḥ matānusāraṁ Rāmacaritam")	कल्पना, डॉ.बी. कामाक्षम्मा	161–168
27.	हिन्दी आदिवासी काव्य में विस्थापन का दर्द	मनीषा देवी	169–172
28.	ग्रामीण महिलाओं पर परिवार कल्याण कार्यक्रम का प्रभाव	डॉ. विजेता सिंह	173–179
29.	विशेष साक्षात्कार– साहित्य, समाज और सच्चाई की प्रतिनिधि लेखिका : नासिरा शर्मा से बातचीत	पिंकी राठी, डॉ. तृप्ता	180–186
30.	नाम में ही कथा है : 'गोदान' का बहुआयामी विश्लेषण	डॉ. सतीश चन्द अग्रवाल	187–194
31.	तुलसी का रामराज्य : भक्ति में राजनीतिक विमर्श	पीयूष कुमार दुबे	195–202

सम्पादक की कलम से.....

साहित्य और समाज : समय के संग संवाद

वर्तमान दौर में जब समाज बहुआयामी संकटों और संभावनाओं के द्वंद्व में फंसा हुआ है, साहित्य की भूमिका और भी अधिक प्रासंगिक हो जाती है। साहित्य केवल कल्पनाओं का ताना–बाना नहीं है, यह समाज की आत्मा का आईना है। 'गीना शोध संगम' के जुलाई–अगस्त अंक में हम इसी आत्मा की पड़ताल करने का विनम्र प्रयास कर रहे हैं – एक ऐसे विमर्श की ओर जो न केवल ज्ञानवर्धक हो, बल्कि संवेदनाओं को भी स्पर्श करे।

यह अंक साहित्य, समाज और संस्कृति की त्रिवेणी में डुबकी लगाने का आमंत्रण है, जहां विचार, संवेदना और विवेक के साथ विभिन्न लेखकों ने समसामयिक विषयों की पड़ताल की है। आज जब तकनीक ने सूचनाओं को तेजी से फैलाना शुरू कर दिया है, तब यह जरूरी हो गया है कि हम इस प्रवाह में मूल्य, मर्यादा और मौलिकता को बनाए रखें। गीना शोध संगम का यह विशेषांक उसी प्रयोजन की एक कड़ी है – जहाँ शोध, समीक्षा और सृजन के तीनों स्तरों को संतुलित दृष्टिकोण से प्रस्तुत किया गया है।

साहित्य : समय की चेतना :–

साहित्य महज अक्षरों का संकलन नहीं, बल्कि एक कालबद्ध चेतना है जो युगों को पार कर संवेदना की मशाल थामे चलती है। कबीर, तुलसी, मीरा से लेकर प्रेमचंद, अज्ञेय, नागार्जुन और समकालीन कवियों तक हर युग में साहित्य ने न केवल सामाजिक विसंगतियों को रेखांकित किया, बल्कि वैकल्पिक सोच को जन्म भी दिया। इस अंक में प्रकाशित शोध आलेखों और समीक्षाओं में यह स्पष्ट रूप से परिलक्षित होता है कि साहित्य आज भी मनुष्य को मनुष्यता की ओर लौटने का आमंत्रण देता है।

शोध की दृष्टि से सृजन की गहराई :–

पत्रिका के इस अंक में शामिल शोधार्थियों और लेखकों ने भारतीय साहित्य के विविध पक्षों – जैसे दलित विमर्श, नारी चेतना, ग्रामीण यथार्थ, शिक्षण में साहित्य की भूमिका, और वैश्विक साहित्य में भारतीयता पर अत्यंत गंभीर और संतुलित विवेचन किया है। उनकी यह विशेषता रही कि उन्होंने न केवल सैद्धांतिक विमर्श किया, बल्कि व्यावहारिक पहलुओं को भी सामने रखा। यह शोध न केवल विद्वानों के लिए उपयोगी हैं, बल्कि विद्यार्थियों और सामान्य पाठकों को भी दिशा देने में सक्षम हैं।

समाज और साहित्य : एक अविभाज्य रिश्ता :–

यह एक सर्वविदित तथ्य है कि साहित्य समाज से कटकर जीवित नहीं रह सकता और न ही समाज साहित्य से विमुख होकर अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़ा रह सकता है। इस पत्रिका में प्रकाशित रचनाएँ इस तथ्य की पुष्टि करती हैं। चाहे वह ग्रामीण परिवेश की समस्याओं पर आधारित लघु कथाएँ हों या स्त्री–विमर्श पर केंद्रित आलोचनात्मक लेख, सभी में यह अनुभव किया जा सकता है कि साहित्यकार अपने समय की नब्ज को पहचान रहा है।

युवा कलम और नवोन्मेष :–

हमें यह कहते हुए गर्व हो रहा है कि इस अंक में अनेक नवोदित लेखकों और शोधकर्ताओं की रचनाएँ भी शामिल की गई हैं। युवा पीढ़ी की यह कलम नई दृष्टि, नई संवेदना और नवीन सोच के साथ उभर रही

है। इनकी रचनाओं में आधुनिक जीवन की उलझनें, तकनीकी युग की जटिलताएँ और सामाजिक संरचनाओं की टूटन साफ दिखाई देती है। यह इस बात का संकेत है कि आने वाला समय साहित्यिक दृष्टि से और भी समृद्ध और सजग होगा।

शोध, सृजन और संवाद : तीन ध्रुवों की एकता :-

'गीना शोध संगम' का यह अंक केवल एक साहित्यिक संकलन नहीं, बल्कि एक संवाद है – शोध और सृजन के मध्य। यह संवाद न केवल पाठक और लेखक के बीच होता है, बल्कि समाज और विचार के मध्य भी एक सेतु का कार्य करता है। इस अंक की विशेषता यह भी है कि इसमें रचनात्मक साहित्य के साथ–साथ विश्लेषणात्मक और आलोचनात्मक दृष्टिकोण को भी समान महत्व दिया गया है।

सतत् यात्रा की एक और कड़ी :-

हर अंक हमारे लिए एक नए पड़ाव की तरह होता है। नयी चिंताओं, नए विमर्शों और नए उत्तरदायित्वों से भरपूर। यह अंक भी इसी क्रम की एक कड़ी है। हम यह स्वीकारते हैं कि साहित्यिक और शोध क्षेत्र की यह यात्रा कभी पूर्ण नहीं होती। यह एक सतत प्रयास है – समाज, शिक्षा, संस्कृति और चिंतन के बीच संतुलन स्थापित करने का।

अंत में, हम गीना शोध संगम के सभी लेखकों, शोधार्थियों, संपादन सहयोगियों और पाठकों का आभार प्रकट करते हैं, जिनकी सहभागिता इस अंक को समृद्ध बनाती है। हम आशा करते हैं कि यह अंक आपको न केवल विचारों में नवीनता देगा, बल्कि आपको आपके सामाजिक सरोकारों के प्रति भी और अधिक सजग करेगा।

साहित्य–संधान–संवाद की यह परंपरा यों ही चलती रहे। – इसी मंगलकामना के साथ...

संपादक

संगम Impact Factor : 7.834
Website : www.ginajournal.com
ISSN : 2321-8037
गीना देवी शोध संस्थान द्वारा प्रकाशित बहुभाषिक–बहुविषयक शोध को समर्पित अंतर्राष्ट्रीय मासिक
AN INTERNATIONAL MULTIDISCIPLINARY MONTHLY MULTI LANGUAGE
PEER REVIEWED REFEREED RESEARCH JOURNAL
SANGAM
Vol. 13, Issue 7-8
पृष्ठ : 09–17

ब्रिटिश भारत में प्रतिबंधित हिंदी नाट्य–साहित्य और 'कुली प्रथा' नाटक

ललित कुमार
सहायक आचार्य हिंदी, राजकीय महाविद्यालय, कुम्भलगढ़।

Abstract :

हिंदी नाट्य–साहित्य के इतिहास में प्रतिबंधित नाटकों का विशिष्ट स्थान है, जो साहित्यिक सौंदर्य से अधिक सामाजिक–सांस्कृतिक हस्तक्षेप के लिए स्मरणीय हैं। ठाकुर लक्ष्मण सिंह द्वारा रचित 'कुली प्रथा अर्थात् बीसवीं सदी की गुलामी' एक ऐसा ही उल्लेखनीय नाटक है, जिसे ब्रिटिश औपनिवेशिक सत्ता द्वारा प्रतिबंधित किया गया। यह नाटक भारत के उन श्रमिकों की वेदना और शोषण को केंद्र में रखता है, जिन्हें अंग्रेजी उपनिवेशों में 'गिरमिट प्रथा' के अंतर्गत धोखे से ले जाकर अमानवीय परिस्थितियों में कार्य करने हेतु विवश किया गया। नाटक का कथानक न केवल ब्रिटिश शोषण तंत्र की क्रूरता को उद्घाटित करता है, बल्कि भारतीय जनमानस में राष्ट्रीयता, आत्मबल, प्रतिरोध और स्वाधीनता की चेतना को भी सघन रूप में व्यक्त करता है। पारसी रंगमंच की शैली में रचित यह नाटक लोकप्रियता के माध्यम से जनता तक गहन राष्ट्रबोध पहुँचाने का कार्य करता है। इसमें चित्रित शंकर, कुंती, अब्बास तथा निप्पो जैसे पात्र, न केवल चरित्रात्मक रूप से सशक्त हैं, अपितु औपनिवेशिक दमन के विरुद्ध जनप्रतिरोध की भावनात्मक और वैचारिक अभिव्यक्ति भी हैं। यह नाटक इस बात का प्रमाण है कि प्रतिबंधित साहित्य, भले ही अकादमिक मुख्यधारा से उपेक्षित रहा हो, राष्ट्रनिर्माण की प्रक्रिया में उसकी भूमिका अत्यंत सशक्त और प्रभावकारी रही है।

Keywords : राष्ट्रीय चेतना, गिरमिट प्रथा, कुली प्रथा, औपनिवेशिक दमन, प्रतिबंधित हिंदी साहित्य, पारसी नाट्य शैली, स्वतंत्रता आंदोलन, जनप्रतिरोध, ठाकुर लक्ष्मण सिंह, फिजी, भारतीय श्रमिक, रंगमंच, सामाजिक अन्याय, भारत–भूमि, औपनिवेशिक जाँच आयोग, सत्याग्रह, साहित्यिक प्रतिरोध।

प्रतिबंधित हिंदी साहित्य में नाट्य–साहित्य का महत्त्वपूर्ण स्थान है। काव्य और कहानियों के बाद, नाटक ही वह विधा है जिस पर ब्रिटिश सरकार ने सर्वाधिक प्रतिबंध लगाए। न केवल हिंदी में, बल्कि सभी भारतीय भाषाओं में भी यही स्थिति रही। नाटक एक ऐसी विधा है, जिसमें सबसे बड़े लक्षित जनसमूह तक पहुँचने की क्षमता होती है। नाटक में दिए गए संदेश को केवल पाठन के माध्यम से ही नहीं, बल्कि प्रदर्शन के द्वारा भी एक साथ एक बड़े जनसमूह तक आसानी से पहुँचाया जा सकता है। यही कारण है कि नाटक को नवजागरण की दृष्टि से सबसे प्रभावशाली विधा के रूप में स्वीकार किया जाता रहा है।

हिंदी के प्रतिबंधित नाटक मुख्यधारा के हिंदी नाटकों से बहुत अलग हैं। मुख्यधारा के हिंदी नाटकों में कलात्मक नाटकों को, जो साहित्यिकता के प्रतिमानों पर खरे उतरते हैं, शामिल किया जाता रहा है, जबकि प्रतिबंधित हिंदी नाटक बहुधा 'लोकप्रिय' किस्म के नाटक हैं। प्रायः हिंदी साहित्य के इतिहास में पारसी शैली के नाटकों को कलात्मक दृष्टि से हीन बताकर उनकी उपेक्षा की जाती रही है, लेकिन प्रतिबंधित हिंदी नाटकों में अधिकांशतः पारसी नाट्य–शैली से संबंध रखने वाले नाटक ही अधिक हैं। इसका कारण ऐसे नाटकों की व्यापक माँग, प्रसिद्धि और बहुत बड़े दर्शक–वर्ग वाली पारसी नाटक कंपनियों का अस्तित्व था। हिंदी साहित्य के इतिहास के लिए यह एक विडंबना ही कही जाएगी कि जिस साहित्य ने सही अर्थों में जनजागरण का कार्य किया और व्यापक पहुँच बनाई, हिंदी साहित्य के इतिहासकारों ने उन्हीं को 'लोकप्रिय' की श्रेणी में डालते हुए हेय दृष्टि से देखा।

हिंदी नाटकों में अब तक आठ ऐसे नाटक ज्ञात हैं, जो पुस्तकाकार रूप में प्रकाशित होकर प्रतिबंधित हुए – कुली प्रथा अर्थात् बीसवीं सदी की गुलामी (1916, लक्ष्मण सिंह), जख्मी पंजाब (1922, किशनचंद 'जेबा'), शासन की पोल (1922, देवदत्त), जलियाँवाला बाग (1922, बिहारीलाल अग्रवाल), बरबादिए–हिन्द (1929, गोविन्दराम सेठी 'शाद'), स्वर्ण विहान (1930, हरिकृष्ण 'प्रेमी'), लवण लीला वा नमक सत्याग्रह (1931, बुद्धिनाथ झा 'कैरव') और रक्तध्वज (1931, अज्ञात)।

इनके अलावा, कुछ ऐसे नाटक भी हैं, जो किसी पत्रिका में प्रकाशित हुए और उस पत्रिका पर प्रतिबंध लगा दिया गया। ऐसे नाटकों में 'लाल क्रांति के पंजे में' (1924, पाण्डेय बेचन शर्मा 'उग्र') प्रमुख है, जो स्वदेश पत्रिका के 'विजयांक' में संकलित था। 'चाँद' पत्रिका के 'फाँसी अंक' में भी दो नाटक संकलित थे – 'कानूनीमल की बहस' (जी.पी. श्रीवास्तव) और 'पिता अब्राहम लिंकन का वध' (आचार्य चतुरसेन शास्त्री)। 'हलधर' पत्रिका के 'जुलाई, 1939' अंक को भी प्रतिबंधित कर दिया गया था, जिसमें चंद्रशेखर आजाद के जीवन पर आधारित लघु नाटक 'वीर चंद्रशेखर आजाद' (गिरजाशंकर सिंह 'अभय') संकलित था। इसी क्रम में, 'युवक' पत्रिका के दूसरे वर्ष के 'अंक–4' और बुंदेलखंड केसरी पत्रिका के 'अंक–53' भी प्रतिबंध का शिकार हुए, जिनमें नाटक संकलित थे।

प्रतिबंधित नाटकों के प्रकाशन–वर्ष पर दृष्टिपात करने पर पता चलता है कि इनमें से अधिकांश नाटक उस काल में रचे गए थे, जो मुख्यधारा के हिंदी साहित्य में नाट्य–साहित्य की दृष्टि से 'प्रसाद युग' के नाम से जाना जाता है। इस काल के नाट्य–साहित्य पर जयशंकर प्रसाद का बहुत अधिक प्रभाव था। जैसा कि सर्वविदित है, जयशंकर प्रसाद के नाटकों में संस्कृतनिष्ठ हिंदी का प्रयोग उनकी मुख्य विशेषता थी, लेकिन इन प्रतिबंधित नाटकों की रचना इस काल में होते हुए भी इन पर प्रसाद का प्रभाव नहीं दिखाई पड़ता, बल्कि पारसी शैली के नाटकों का प्रभाव अधिक है। इनमें से अधिकांश की भाषा में उर्दू के शब्दों की प्रधानता है।

गीतों की दृष्टि से दोनों धाराओं में समानता देखी जा सकती है, लेकिन यहाँ भी मुख्य अंतर का बिंदु भाषा एवं कलात्मकता ही है। प्रसाद के नाटकों में भी गीतों की अधिकता देखी जा सकती है, लेकिन उनके गीत संस्कृतनिष्ठ शब्दावली वाले कलात्मक गीत अधिक हैं, जबकि प्रतिबंधित नाटकों के गीतों की भाषा उर्दू के समीप जाती है। साथ ही, कलात्मक दृष्टि से भी ये 'लोकप्रिय' ही कहे जाएँगे। इन अंतरों से स्पष्ट है कि प्रतिबंधित नाटक बहुधा वे ही नाटक हैं, जो पारसी कंपनियों द्वारा खेले जाने वाले नाटकों की श्रेणी में आते थे।

ऐसा होने के पीछे प्रमुख कारण यही था कि ऐसे नाटकों की जनता तक व्यापक पहुँच थी। उस समय ग्रामीण क्षेत्रों में पारसी नाटक कंपनियों का मनोरंजन के क्षेत्र में लगभग एकाधिकार था, अतः नाटककारों ने इनकी पहुँच को माध्यम की तरह इस्तेमाल किया ताकि अधिक–से–अधिक जनों तक संदेश को पहुँचाया जा सके। अंग्रेजी सरकार भी इनके प्रभाव से परिचित थी, अतः ऐसे नाटकों पर ही अधिक प्रतिबंध आरोपित किए, न कि कलात्मक नाटकों पर। राष्ट्रीयता की भावना को उभारने की दृष्टि से प्रसाद के नाटकों को भी कम नहीं कहा जा सकता, लेकिन उनके किसी भी नाटक पर प्रतिबंध नहीं लगा क्योंकि उनकी पहुँच एक सीमित वर्ग तक ही थी।

इन नाटकों पर प्रतिबंध लगने का दूसरा महत्त्वपूर्ण कारण इनकी समसामयिक विषयों पर आधारित कथावस्तु का होना था। हरिकृष्ण 'प्रेमी' कृत काव्यनाटक 'स्वर्ण विहान' ही एकमात्र ऐसा नाटक है, जिसमें अंग्रेजी सरकार की भर्त्सना अप्रत्यक्ष रूप से की गई है, अन्यथा सभी प्रतिबंधित नाटकों में प्रत्यक्ष रूप से अंग्रेजी सरकार की नीतियों एवं अत्याचारों का मुखर रूप से विरोध किया गया है। जलियाँवाला बाग, नमक सत्याग्रह, कुली–प्रथा, असहयोग, क्रांति आदि इन नाटकों के मुख्य विषय हैं।

प्रतिबंधित हिंदी नाटकों के विषयों एवं इनके प्रभाव को देखते हुए सहज ही इस बात का अनुमान लगाया जा सकता है कि साम्राज्यवादी अंग्रेजी सरकार ने इन पर क्यों प्रतिबंध आरोपित किए होंगे। इन नाटकों का तत्कालीन समय के जनमानस पर बहुत अधिक प्रभाव था। इनके इस महत्त्व को दृष्टिगत रखते हुए इनकी उपेक्षा नहीं की जानी चाहिए और इन्हें हिंदी साहित्य के इतिहास में वह स्थान मिलना चाहिए, जिसके ये अधिकारी हैं।

कुली प्रथा अर्थात् बीसवीं सदी की गुलामी (1916)/लक्ष्मण सिंह :–

'कुली प्रथा अर्थात् बीसवीं सदी की गुलामी' ठाकुर लक्ष्मण सिंह द्वारा रचित नाटक है, जिसे ब्रिटिश सरकार द्वारा प्रतिबंधित कर दिया गया था। इस नाटक का उपजीव्य विषय ब्रिटेन के उपनिवेशों– जैसे फिजी, नेटाल, ट्रांसवाल, त्रिनिदाद, जमैका, गायना, जंजीबार आदि में भारत के मजदूरों की दयनीय स्थिति और उनके साथ होने वाला शोषण है। यह नाटक 1916 ई. में प्रकाशित हुआ और 1917 ई. में साम्राज्यवादी ब्रिटिश सरकार द्वारा प्रतिबंधित कर दिया गया।[1]

नाटक तीन अंकों में विभक्त है। पहले अंक में 'रंगमंच दृश्य' के अलावा नौ दृश्य, दूसरे अंक में छह दृश्य और तीसरे अंक में नौ दृश्य हैं। नाटक में भारतीय रंग–पद्धति का पूरी तरह से निर्वहन किया गया है। कई स्थानों पर पारसी थिएटर के प्रतिमानों को भी प्रयोग में लाया गया है। नाटक में कुल छोटे–बड़े 25 गीत हैं। आकार की दृष्टि से देखा जाए तो नाटक मध्यम से थोड़ा बड़ा कहा जाएगा। हालाँकि यह नाटक रंगमंच पर अभिनीत किए जाने योग्य है, लेकिन कई स्थानों पर ऐसे दृश्य शामिल कर लिए गए हैं, जो मुश्किल पैदा करते हैं, जैसे नाव के दृश्य आदि। कुछ संवाद भी अधिक लंबे हो गए हैं, जो अभिनय की दृष्टि से आदर्श स्थिति नहीं हैं।

'रंगमंच दृश्य' में सूत्रधार और नटी के माध्यम से विषय–प्रवेश करवाया गया है। नटी के माध्यम से नाटकों में चले आ रहे रूढ़िवादी विषयोंकृजैसे वीरता, पराक्रम, प्रेम आदि की वर्तमान भारत में अप्रासंगिकता को दिखाते हुए भारत की समस्याओं की ओर ध्यान आकृष्ट किया गया है – 'राजाओं और प्रासादों का समय गया, अब गरीबों और झोंपड़ियों का समय आया है।'[2]

प्रथम अंक का 'प्रथम दृश्य' भगवान् जगन्नाथ जी के मंदिर का है, जिसमें सभी स्त्री, पुरुष और यात्रीगण

भगवान् की आरती उतारते हैं। दूसरा दृश्य एक कमरे का है, जिसमें सेठ बृजलाल और उसके चार आदमियों के संवाद हैं। सेठ बृजलाल आरकाटी है, अर्थात् वह अंग्रेजों के लिए उनके उपनिवेशों जैसे फिजी, त्रिनिदाद आदि के खेतों में काम करने हेतु भारतीय मजदूरों की व्यवस्था करता है।

इस दृश्य में चित्रित किया गया है कि किस प्रकार सेठ ने अपना जाल–तंत्र फैला रखा है, जिसके सहारे वह भारतीयों को बहला–फुसलाकर 'दास–प्रथा' में ढकेलने का कार्य करता है। वह अपने आदमियों से कहता है कि आज उसके पास दस कुलियों (काले मजदूरों) की आवश्यकता का पत्र आया है और इसके लिए प्रति व्यक्ति उसे दो सौ दस रुपये मिलेंगे। सेठ का एक आदमी भारतीय मजदूरों को फँसाने के लिए बनाई गई अपनी योजना सामने रखता है– "....देखो, यह ऊतनाथ–यात्री जगन्नाथ जी का दर्शन करके लौटे जा रहे हैं। अब हममें से कुछ तो बनें यात्री, और इनमें जा मिलें। फिर, आप सेठ जी बनकर आइए और फिजी में नए प्रकट हुए भगवान गौरांग के विशाल मंदिर के लिए धर्मात्मा कुलियों की आवश्यकता दिखलाइए। जब हम सब लोग फिजी जाने को तैयार होंगे तो देखादेखी कुछ दूसरे भी साथ हो लेंगे।"[3]

इस प्रकार पूरा जाल–तंत्र बनाकर भोले भारतीय मजदूरों को फँसा लिया जाता था। उन्हें निस्सहाय करने के लिए पहले उनका सामान भी चुरा लिया जाता था, ताकि उनके पास हामी भरने के सिवा कोई विकल्प ही न बचे।

'तीसरे दृश्य' में शहर के बाहर वृक्षों से घिरे एक स्थान पर भोलाराम और उसकी पत्नी कुंती के संवाद दर्शाए गए हैं। इनका सामान उन्हीं जालसाजियों द्वारा चोरी कर लिया गया था, अतः यह भोला दंपति अब भगवान के आसरे असहाय खड़ा है। इतने में सेठ बृजलाल और उसके दो साथी–एक यात्री और एक साधु का भेष बनाकर आते हैं। सेठ बृजलाल उन्हें अपने घर ठहरने का आमंत्रण देता है और फिजी के किसी गोरांग प्रभु की महिमा का बखान करता है, जो अभी–अभी प्रकट हुए हैं। साधु और यात्री बने उसके सहयोगी योजनानुसार सेठ के साथ फिजी जाने की हामी भर देते हैं। भोलाराम, जिसका पुत्र शंकर कई वर्षों से लापता है, उससे मिलने की उम्मीद में हामी भर देता है। इस प्रकार इस भोले और असहाय दंपति को फँसाने की योजना सफल हो जाती है।

'चौथे दृश्य' में एक वाचनालय का दृश्य है, जहाँ लगी गोलमेज पर छह–सात युवक समाचार–पत्र पढ़ रहे हैं। उनमें से एक युवक 'विदेशों में भारतवासियों की स्थिति' शीर्षक लेख पर चर्चा छेड़ता है। उस लेख में अंग्रेजों की विदेशी कॉलोनियों में भारतीय मजदूरों की दुर्दशा का चित्रण किया गया है, जहाँ काम की परिस्थितियाँ अत्यधिक कठिन हैं। 'प्रतिज्ञाबद्ध कुली प्रथा' (Indenture Labour System) के अंतर्गत भोले–भाले गरीब भारतीय मजदूरों की दयनीय दशा का वर्णन इस प्रकार किया गया है– "....जो भारतवासी वहाँ जाकर रहेगा उस पर कर लगेगा। अंग्रेजी उपनिवेशों में ही नहीं किन्तु विदेशीय उपनिवेशों में भी भारतवासी कुली भेजे जाते हैं। 1912 के दिसम्बर में डच गायना में 4669 भारतीय कुली थे। वहाँ पर भी वे अत्याचारों से नहीं बचते। अपने देश भारतवर्ष में भी हमारी दशा शोचनीय है। कहीं निलहे कोठीवाले दुहरा लगान वसूल करते हैं, कहीं चाय बगानवाले नादिरशाही मचाते हैं, कहीं बेगारवाले औरंगजेबी करते और कहीं बात–बात पर ठोकरें पड़ती हैं। और हाँ! ये सब दुःख और अपमान हमें मूकभाव से सह लेने पड़ते हैं!"[4]

इसी क्रम में आगे गांधी के सत्याग्रह संग्राम पर विचार होता है। दक्षिण अफ्रीका में उनकी अभूतपूर्व

सफलता पर बोलते हुए एक युवक कहता है– "जब मैं उनके 'सत्याग्रह संग्राम' पर विचार करता हूँ तो मुझे वे साहस और वीरता के पर्वत मालूम होते हैं। उस वीर ने सार्वदेशिक संघ कराया उन मनुष्यों में जिनमें कि अधिकतर अशिक्षित हैं और अंत में, सफल हुआ। दक्षिण अफ्रीका की सरकार को उसकी बात माननी पड़ीय माननीय गोखले ने सत्य कहा था कि गांधीजी मिट्टी के पुतलों को भी योद्धा बना सकते हैं!"[5]

'पाँचवे दृश्य' में सेठ भोला और उसकी पत्नी को समझाता है कि कलकत्ता से जहाज में चढ़ते समय अंग्रेज बहादुर के सवालों के क्या उत्तर देने हैं। वह उन्हें बहला–फुसलाकर यह विश्वास दिलाता है कि जब चाहें, वापस आ सकते हैं, लेकिन अंग्रेज के सामने उन्हें पाँच साल तक वहीं रहने का वादा करना पड़ेगा। भोला की पत्नी के मन में संदेह उत्पन्न होता है, लेकिन भोला इसे गोरांग प्रभु की दया मानकर चलने को तैयार हो जाता है। साधु और यात्री के भेष में उनके साथ जाने को तत्पर ठग कल आने का कहकर रुक जाते हैं।

'छठवें दृश्य' में सेठ बनवारीलाल और उसके भतीजे सुखबासी के संवाद दर्शाए गए हैं। बनवारीलाल अंग्रेजों का परम भक्त है और इम्पीरियल लेजिस्लेटिव काउंसिल का सदस्य बनने के लिए अंग्रेजों की चापलूसी में जुटा है। उसे लाट साहब का पत्र प्राप्त होता है, जिसमें उसे उपनिवेशों में भारतीयों की दशा की जाँच के लिए गठित कमीशन में शामिल होने का निमंत्रण मिलता है। परंतु, वह अपने भतीजे सुखबासी को इस कार्य के लिए भेजने का निर्णय लेता है, क्योंकि उसका मुख्य उद्देश्य काउंसिल का सदस्य बनना है। इस संवाद के माध्यम से सेठ बनवारीलाल की अंग्रेज–भक्ति और स्वार्थी प्रवृत्ति को उजागर किया गया है।

'सातवें दृश्य' में कचहरी का दृश्य प्रस्तुत किया गया है, जहाँ इंस्पेक्टर फिजी भेजे जाने वाले लोगों को संबोधित करता है। वह उन्हें सूचित करता है कि वहाँ पाँच वर्षों तक रहना आवश्यक होगा और उन्हें बारह आना प्रतिदिन मजदूरी मिलेगी। इसके पश्चात मुंशी सबके नाम दर्ज करता है।

'आठवें दृश्य' में लाट साहब और बनवारीदास के बीच संवाद प्रस्तुत किया गया है। लाट साहब बनवारीदास को जाँच आयोग में इसलिए शामिल करना चाहते हैं क्योंकि वह अंग्रेजों की इच्छानुसार रिपोर्ट तैयार करने के लिए तैयार रहता है। आयोग में बनवारीदास को रखने से अंग्रेजों के आलोचकों को यह दिखाया जा सकता है कि एक भारतीय को भी इसमें शामिल किया गया है, जिससे उनकी आलोचना को शांत किया जा सके।

इस संवाद में बनवारीदास की चाटुकारिता का विस्तृत चित्रण किया गया है। वह स्वयं को 'अंग्रेजों का कुत्ता' कहता है, जिससे लाट साहब प्रसन्न होते हैं और उसे ळ.ऽ६ उपाधि देने का आश्वासन देते हैं। साथ ही, इनाम स्वरूप उसके भतीजे सुखबासी को आयोग का सदस्य बनाते हुए, उसे डिप्टी कलेक्टर की नौकरी देने का वचन देते हैं।

इस दृश्य के माध्यम से नाटककार ने यह दर्शाया है कि किस प्रकार अंग्रेज अपने चापलूस भारतीयों को जाँच आयोग में स्थान देकर यह दिखाने का प्रयास करते थे कि वे भारतीयों की समस्याओं के प्रति गंभीर हैं, जबकि वास्तव में वे अपनी नीतियों के समर्थन में पहले से तय निष्कर्ष वाली रिपोर्ट तैयार करवाते थे– "भारतवासी चिल्लाते हैं कि उपनिवेश में उनके भाइयों पर जो कष्ट होते हैं उनकी जाँच की जाए। करेंगे। किन्तु हम जो करना चाहेंगे वही होगा, ह्युम साहब तो अपने हैं ही, और खूब सोच–विचार कर मैंने रायबहादुर लाला बनवारीलाल जी को ढूँढा है। अंग्रेजी नहीं जानते। इसलिए उन्हें लिख दिया है कि आप न जा सकें तो अन्य किसी को भेज

दीजिए। लालाजी अपने आपको कृतार्थ समझ रहे होंगे। ऐसे ही लोगों की सहायता से हमारा काम चलता है।"[6]

'नौवें दृश्य' में भोला और उसकी पत्नी कुंती के संवाद हैं। डीपू घर (Immigration Office) की जेल के समान बनी कोठरी में, भोला कुंती को बताता है कि उन्हें अलग–अलग जहाज में चढ़ाकर भेजा जाएगा। कुंती डर जाती है। एक सिपाही कुंती को डॉक्टरी परीक्षा के लिए ले जाने आता है। कुंती के मना कर देने पर, वह उसे जबरदस्ती ले जाता है।

दूसरे अंक के 'प्रथम दृश्य' में ब्रजलाल और दो अन्य आरकटियों का संवाद है। भोला और कुंती का पुत्र शंकर मेधावी विद्यार्थी था और अमेरिका जाकर पढ़ना चाहता था। ब्रजलाल ने उसे धोखे से फिजी भेज दिया। संवाद में चित्रित किया गया है कि शंकर ब्रजलाल को पत्र भेजकर धिक्कार रहा है। अन्य दो आरकटिये उसे ब्रजलाल को उकसाते हैं कि वह शंकर को सजा दे। ब्रजलाल, फिजी में शंकर के कोठीवाले को पत्र लिखकर उसे सबक सिखाने का निश्चय करता है। इस दृश्य में पता चलता है कि किस प्रकार आरकटियों का जालतंत्र, देश के लिए अमेरिका जाकर पढ़ने की भावना रखने वाले एक होनहार विद्यार्थी के जीवन को धोखा देकर नष्ट कर देता है।

'द्वितीय दृश्य' में, कुली का वेश पहने हुए, हाथ में फावड़ा लिए शंकर अपनी मातृभूमि का स्मरण करता है। वह प्यारी भारत–भूमि को याद करते हुए उसकी वर्तमान दशा पर आँसू बहाता है :–

"पास किया एंट्रेंस अमेरिका जाना ठाना, भाग्य चक्र से पड़ा मुझे फिजी में आना।
ले आया है खेंच यहाँ पर मुझको बल से, वणिकों का व्यापार स्वार्थ चतुराई छल से।
ये सेंटर पाश्चात्य सभ्यता बाना धारी, राक्षस से भी कहीं अधिक है अत्याचारी।
है गुलाम व्यापार यह कुली प्रथा के वेश में, जो अब तक देखा न था, देखा भारत देश में।'[7]

निप्पो फिजी का मूल निवासी है और शंकर का मित्र है, जो उसकी सहायता करता है। शंकर उससे कहता है कि वह गिरमिट का पैसा चुकाकर उसे मुक्त कर दे, तो वह उसके लिए काम करेगा। निप्पो उसके मालिक से बात करने का वचन देता है। शंकर, निप्पो की प्रशंसा करते हुए तथाकथित सभ्य अंग्रेजों को धिक्कारता है :–

'यह निप्पो कितना दयालु है। सभ्य कहलाने वाले लोग इसको जंगली भले ही कहें किन्तु इसके हृदय में सच्ची सभ्यता का वास है। यह स्वभाव से ही भारतीयों का, भारतीयों का क्या सभी दीनों का मित्र है।...इसने यहाँ के कई मनुष्यों को इस प्रकार कष्ट से मुक्त किया है।"[8]

'तृतीय दृश्य' में एक गोरे पुरुष और मेम के संवाद का चित्रण है। गोरी मेम शिकायत करती हुई कहती है कि उद्यान में काले लोगों की वजह से फूलों की खुशबू समाप्त हो जाती है। गोरा पुरुष मेम को एक खेल दिखाने के लिए कहता है, जिसमें बूढ़े कुली भोला और रीछ की कुश्ती करवाई जानी थी, लेकिन तभी एक नौकर आकर सूचना देता है कि इंस्पेक्टर की मार से भोला की मृत्यु हो गई है। इस संवाद के माध्यम से नाटककार ने उपनिवेशों में कुलियों पर होने वाले अत्याचारों का चित्रण किया है।

'चौथे दृश्य' में अब्बास नाम का एक अन्य भारतीय कुली कुंती तक यह संदेश पहुँचाता है कि उसके पति भोला को इंस्पेक्टर ने मार दिया। कुंती यह सुनकर बेहोश हो जाती है। अंग्रेज साहब अब्बास को ही भोला का कातिल बताकर जेल में डाल देता है और प्रसव पीड़ा से कराह रही कुंती को काम करने के लिए बाध्य करता

है। इसमें नाटककार ने अंग्रेजों की अमानवीयता की पराकाष्ठा का चित्रण किया है। इंस्पेक्टर कुंती का शोषण करना चाहता था और इसमें भोला बाधक था, अतः उसने उसे मार डाला।

'पाँचवे दृश्य' में भारत से उपनिवेशों में भारतीयों की स्थिति की जाँच हेतु आए कमीशन के सदस्य सुखवासीलाल और एक भारतीय कुली का संवाद है। सुखवासीलाल फिजी में भारतीय कुलियों की दयनीय स्थिति से परिचित है, लेकिन वह अंग्रेजों के विरुद्ध कुछ भी बोलना नहीं चाहता क्योंकि उसे नौकरी मिलने वाली है। इससे अंग्रेजों द्वारा गठित नाममात्र के आयोगों की कार्यप्रणाली के बारे में भी पता चलता है। कुलियों के बयान उनके कोठी मालिकों के सामने ही लिए जाते थे, अतः भयवश कोई भी कुली अपने ऊपर हो रहे अत्याचारों के बारे में नहीं बताता था, क्योंकि गिरमिट की अवधि तक उसे वहीं काम करना होता था। एक भारतीय कुली द्वारा शिकायत कर दिए जाने पर उसके दाँत तोड़ दिए गए, जिसकी शिकायत वह सुखवासीलाल से करता है, लेकिन वह किसी भी प्रकार की कार्यवाही करने से डरता है।

'छठवें दृश्य' में इंस्पेक्टर द्वारा कुंती के साथ जबरदस्ती किए जाने को चित्रित किया गया है। जब बहुत डराने–धमकाने पर भी कुंती नहीं मानती, तब इंस्पेक्टर उस पर छुरे से वार करता है। वह नदी में कूद जाती है। वहाँ एक नाववाला उसे बचा लेता है। शंकर और निप्पो आकर इंस्पेक्टर को पकड़ लेते हैं।

तृतीय अंक के 'प्रथम दृश्य' में दिखाया गया है कि निप्पो और शंकर इंस्पेक्टर को पकड़कर थाने ले जाते हैं। शंकर को पता चलता है कि कुंती उसकी माँ है। कुंती शंकर को अपनी व्यथा–कथा सुनाती है।

'दूसरे दृश्य' में इंस्पेक्टर का नौकर टेमू बताता है कि कुंती के बच्चे को बड़े साहब का कुत्ता हाउंड खा गया। नाटककार ने इस प्रसंग के माध्यम से अंग्रेजों की अमानवीयता का चित्रण किया है– "मेम साहब अपने बच्चे को बरांडे में खाना खिला रही थीं। कुंती का बच्चा 'कहाँ–कहाँ' रोता था। कुत्ता भी बड़ा खिलाडी, कभी उसे झिंझोड़ के दूर फेंक देता और खड़े–खड़े टेढ़ा मुँह करके ताकता, फिर एकाएकी झुककर कूदता हुआ उसके पास जाता और कुछ देर बाद फिर एकदम मुँह में दबाकर ले भागता, फिर धीरे से नीचे रखकर बड़े ध्यान से उसकी ओर घूरता। इस प्रकार बच्चे का अंत हो गया। मेम साहब बड़ी खुश थीं। बार–बार कहती थीं, वेलडन हाउंडी, वेलडन हाउंडी।"[9]

आगे टेमू बताता है कि इस प्रकार, कुत्ते को बच्चा ले जाते हुए देखकर अब्बास उसे डंडा मार देता है, जिससे वह लंगड़ा हो जाता है। इंस्पेक्टर इसे अवसर समझकर अब्बास के माध्यम से निप्पो और शंकर की हत्या करने की योजना बनाता है। बदले में, वह उसे बड़े साहब से बचाने का वादा करता है।

'तीसरे दृश्य' में शंकर और निप्पो के संवाद हैं। शंकर निश्चय करता है कि वह इंस्पेक्टर को मारकर अपने पिता और भाई की हत्या का बदला लेगा। निप्पो उसे सरकार के पास अपील करने की सलाह देता है। शंकर के माध्यम से अन्याय और अत्याचार के विरुद्ध लड़ने की प्रेरणा दी गई है। शंकर जानता है कि इंस्पेक्टर को मार देने पर उसे फांसी पर चढ़ा दिया जाएगा, लेकिन अन्याय और अत्याचार का विरोध करना वह अपना कर्तव्य समझता है – "जो मरता धर्म करने में वह मर के भी नहीं मरता, अमरता उसको मिलती है, जो मारने से नहीं डरता।"[10]

'चौथे दृश्य' में अब्बास का एकालाप है, जिसमें वह चिंतित है कि भोला की हत्या के अपराध में बड़े साहब उसे फांसी चढ़वा देंगे। अगर वह पाँच साल का गिरमिट बढ़ाने के लिए राजी हो जाता है, तो फांसी से बच

सकता है, लेकिन पाँच और साल इस नरक में रहने से अच्छा, वह फांसी पर चढ़ जाना समझता है।

'पाँचवे दृश्य' में इंस्पेक्टर, अब्बास को निप्पो और शंकर की हत्या करने के बदले, उसे भोला की हत्या के दोष से छुड़वाने का लालच देता है, लेकिन अब्बास उसकी चाल समझ जाता है। पागल हो चुकी कुंती नदी में कूदकर आत्महत्या कर लेती है। अब्बास इंस्पेक्टर से भिड़ जाता है और उसके पेट में छुरा घोंपकर उसकी हत्या कर देता है। इंस्पेक्टर के प्रति उसकी घृणा इन शब्दों में व्यक्त हुई है :–

"या खुदा, पाक परवरदिगार, तू ने ठीक ही किया जो ऐसे पापी को मेरे हाथों से मरवाया। ओफ! इसने एक दिन दस बारह स्त्रियों को एक कतार में खड़ी करके उन्हें उनके बिलखते हुए बच्चों के ही सामने गेंडे की खाल के कोड़े से मारा था, और इतना निर्दयता से कि उनके मोटे कपड़ों के ऊपर होकर खून बहने लगा था। इसने क्या–क्या नहीं किया? एक दिन एक स्त्री अपने पाँच दिन के बच्चे को लेकर काम करने खेत पर आई थी। दोपहर को जब उसे प्यास लगी तो पानी पीने के लिए नदी पर गई। वहाँ छाया में बैठकर अपने बच्चे को दूध पिला रही थी। दुर्भाग्य से यह पापी वहाँ आ निकला। इसने उस दूध पीते बच्चे को खींच के नदी में फेंक दिया।"[11]

'छठवें दृश्य' में शंकर को कुंती की मृत्यु से आहत दिखाया गया है। वह मर जाना चाहता है, लेकिन निप्पो उसे सलाह देता है कि वह अपना जीवन हिंदुस्तान जाकर जनता को यहाँ के कुलियों की स्थिति से अवगत कराने के कार्य में लगाए। इतने में अब्बास का आगमन होता है। वह बताता है कि उसने इंस्पेक्टर की हत्या कर दी, अतः निप्पो से बचाने की गुहार करता है। निप्पो उसे गिरमिट की समाप्ति का पत्र लाने की सलाह देता है ताकि उसे हिंदुस्तान भगाया जा सके।

'सातवें दृश्य' में फिजी के गवर्नर और सुखवासी के बीच संवाद को चित्रित किया गया है। गवर्नर सुखवासी से फिजी में भारतीयों की स्थिति के विषय में पूछता है। सब कुछ पता होने के बावजूद सुखवासी उनकी स्थिति बहुत बेहतर बताता है ताकि गवर्नर हिंदुस्तान में उसके लिए सिफारिश कर सके। इस संवाद के माध्यम से नैतिक रूप से अधःपतन के शिकार हिंदुस्तानी चापलूस वर्ग के चरित्र को उजागर किया गया है।

'आठवें दृश्य' में समुद्र तट पर निप्पो, शंकर को विदा करने आया है। शंकर भारत जाकर अपनी मातृभूमि के लिए स्वयं को समर्पित कर देने का प्रण लेता है। निप्पो बलिदान के महत्त्व को इन शब्दों में बताता है :

"कितना बड़ा कार्य वह करता जो अवसर पर है मरता।
ऐसा मरना इतिहासों में चिर जीवन कहलाता है।"[12]

'अंतिम दृश्य' में निप्पो, शंकर और अब्बास को भारत के लिए नाव में बैठाकर विदा लेता है।

इस नाटक में राष्ट्रीयता की भावना के कई पक्ष उद्घाटित हुए हैं। शंकर अपने राष्ट्र के कल्याण के लिए ही अमेरिका जाकर पढ़ना चाहता था, लेकिन ब्रजलाल जैसे लोभी और सत्ता के चापलूस हिंदुस्तानी द्वारा ही वह धोखे का शिकार हुआ और फिजी भेज दिया गया। निप्पो के माध्यम से नाटककार ने जंगली कही जाने वाली जाति में सभ्यता और मानवता को दिखाया है, जबकि इंस्पेक्टर और मेम के माध्यम से तथाकथित सभ्यता का दंभ भरने वाले अंग्रेजों की अमानवीयता को उजागर किया गया है।

नाटक में कुलियों पर होने वाले अत्याचारों के साथ–साथ लोभी और अंग्रेजों के चापलूसों की निकृष्टता का चित्रण सेठ बनवारीलाल और उसके भतीजे सुखवासी के माध्यम से किया गया है, जो स्वयं को अंग्रेजों का

कुत्ता कहलाने में गौरव महसूस करते हैं।

नाटक के अंत में शंकर द्वारा अपनी मातृभूमि के कल्याण हेतु की गई यह प्रतिज्ञा परतंत्रता के पाश में बंधे तत्कालीन भारतीय जनों के लिए अवश्य प्रेरक साबित हुई होगी :–

"निबाहूँगा प्रतिज्ञा मैं यह अपने प्राण के पण से।

करूँगा देश–सेवा मैं मरूँगा देश–सेवा में, उठेंगी देश–सेवा की उमंगें देह से मन से। निवाहूँगा....।"[13]

निष्कर्षतः कहा जा सकता है कि 'कुली प्रथा' नाटक में राष्ट्रीय चेतना व्यापक स्तर पर प्रतिफलित हुई है। शंकर के राष्ट्रसेवा के प्रण और बार–बार भारत भूमि में ही जन्म लेने की चाह, अब्बास का अपने भारतीय भाइयों के प्रति प्रेम और साहस की भावना, दुष्ट इंस्पेक्टर की हत्या करना तथा निप्पो जैसे बाहरी व्यक्ति की मानवताकृइन सभी के माध्यम से नाटककार ने यह दर्शाना चाहा है कि भारतीय लोगों में प्रतिरोध की भावना का अंत नहीं हुआ है।

फिजी में भारतीय कुलियों पर होने वाले अत्याचारों के चित्रण के माध्यम से नाटककार का उद्देश्य भारतीय जनता में अंग्रेजों के प्रति घृणा की भावना विकसित करना था, और यह कार्य इस नाटक के माध्यम से भली–भाँति संपन्न हुआ। इस नाटक पर प्रतिबंध लगाया जाना ही इसका प्रमाण है।

संदर्भ :–

1. कुली प्रथा अर्थात् बीसवीं सदी की गुलामी. लक्ष्मण प्रसाद. कानपुर : प्रताप कार्यालय प्रेस, 1916. बी.एल. आर.डी. कैटलॉग–733.
2. 'कुली प्रथा – लक्ष्मण सिंह', सितम की इंतिहा क्या है, द्वितीय संस्करण. सत्येन्द्र कुमार तनेजा (सं). नई दिल्ली : राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय, 2023. पृ. 154.
3. वही, पृ. 159.
4. 'कुली प्रथा : लक्ष्मण सिंह', सितम की इंतिहा क्या है, द्वितीय सं. सत्येन्द्र कुमार तनेजा (सं). नई दिल्ली : रा.ना.वि., 2023. पृ. 167.
5. वही, पृ. 169.
6. 'कुली प्रथा : लक्ष्मण सिंह', सितम की इंतिहा क्या है, द्वितीय सं. सत्येन्द्र कुमार तनेजा (सं). नई दिल्ली : रा.ना.वि., 2023. पृ. 177.
7. 'कुली प्रथा : लक्ष्मण सिंह', सितम की इंतिहा क्या है, द्वितीय सं. सत्येन्द्र कुमार तनेजा (सं). नई दिल्ली : रा.ना.वि., 2023. पृ. 185.
8. वही, पृ. 187.
9. 'कुली प्रथा : लक्ष्मण सिंह', सितम की इंतिहा क्या है, द्वितीय सं. सत्येन्द्र कुमार तनेजा (सं). नई दिल्ली : रा.ना.वि., 2023. पृ. 204.
10. 'कुली प्रथा : लक्ष्मण सिंह', सितम की इंतिहा क्या है, द्वितीय सं. सत्येन्द्र कुमार तनेजा (सं). नई दिल्ली : रा.ना.वि., 2023. पृ. 208.
11. वही, पृ. 215.
12. 'कुली प्रथा : लक्ष्मण सिंह', सितम की इंतिहा क्या है, द्वितीय सं. सत्येन्द्र कुमार तनेजा (सं). नई दिल्ली : रा.ना.वि., 2023. पृ. 220.
13. वही, पृ. 220.

मो. नं. 8696304720

संगम Impact Factor : 7.834
Website : www.ginajournal.com
ISSN : 2321-8037
गीना देवी शोध संस्थान द्वारा प्रकाशित बहुभाषिक–बहुविषयक शोध को समर्पित अंतर्राष्ट्रीय मासिक
AN INTERNATIONAL MULTIDISCIPLINARY MONTHLY MULTI LANGUAGE
PEER REVIEWED REFEREED RESEARCH JOURNAL
SANGAM
Vol. 13, Issue 7-8
पृष्ठ : 18–22

पूर्व प्राथमिक विद्यालय जाने वाले बच्चों के भाषाई विकास पर शिक्षक तथा विद्यालयी प्रभाव की भूमिका का अध्ययन

रजनी शर्मा, शोधार्थी,
गृह विज्ञान विभाग, रांची विश्वविद्यालय, रांची, झारखंड।
डॉ. अनुमति कुमारी, शोध निर्देशिका
असिस्टेंट प्रोफेसर, वूमेन्स कॉलेज, रांची, झारखंड।

सारांश :–

कहा जाता है कि शब्द 'ब्रह्म' होता है। किसी भी व्यक्ति के संपूर्ण विकास में भाषा का विकास अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान रखता है। बच्चों में भाषा विकास एक ऐसी प्रक्रिया है, जो जन्म से ही शुरू हो जाती है। जैसे–जैसे बच्चा बड़ा होता है, उम्र के साथ यह विकसित होती जाती है। भाषाई विकास में सुनना, बोलना, पढ़ना तथा समझना सम्मिलित होता है। बालकों के तार्किक, संज्ञानात्मक, सामाजिक तथा संवेगात्मक विकास में भाषा का महत्वपूर्ण योगदान होता है। जब बच्चा पूर्व प्राथमिक विद्यालय जाने लगता है तब वहां उसके भाषा के विकास पर शिक्षक तथा विद्यालय के वातावरण का अत्यंत प्रभाव पड़ता है। विद्यालयी वातावरण में शिक्षक के देखरेख में बालक भाषा को स्पष्ट रूप से बोलना, लिखना, पढ़ना तथा सही तरीके से प्रयोग करना सीखता है। इससे उसकी संपूर्ण बौद्धिक शक्ति विकसित होती है। प्रस्तुत लघु शोध में बालकों में भाषा विकास हेतु विद्यालय का वातावरण किस प्रकार से विकसित किया जा सकता है, प्रशिक्षित शिक्षकों की मदद से किस प्रकार बालकों में भाषा का विकास उचित माध्यम से किया जा सकता है इस पर शिक्षकों द्वारा खेल क्रियाएं उपकरण एवं सामग्री के माध्यम से भाषा विकास की उद्देश्य क्रियाएं एवं मध्य पर शिक्षकों के प्रभाव का अध्ययन करेंगे।

कुंजी शब्द – भाषा विकास, विद्यालय का वातावरण, शिक्षकों का प्रभाव।

प्रस्तावना :–

मानव विकास में अभिव्यक्ति का अत्यंत महत्वपूर्ण माध्यम भाषा होता है यह वैसी प्रक्रिया है जो जन्म से शुरू होती है तथा उम्र के साथ विकसित होती है भाषा के विभिन्न चरण होते हैं जिसमें शैशव अवस्था (0 से 12 महीने) में बच्चों में रोने बड़बड़ाने, कुनकुनाने, बलबलाने जैसी आवाजें निकलते हैं। शैशवावस्था में बच्चे मां की और अपने आसपास उपस्थित अन्य लोगों की आवाजों और हाव भाव को पहचानते हैं और प्रतिक्रिया देते हैं। धीरे–धीरे वे उनकी आवाज की नकल करना शुरू करते हैं। 12 से 18 महीने में बच्चे एक–एक शब्द बोलना शुरू करते हैं जैसे मां पापा मामा नाना दादा इत्यादि। उनकी समझ विकसित होते–होते 18 से 24 महीने में बच्चे

छोटे–छोटे शब्दों को जोड़कर बोलना शुरू करते हैं जैसे मां खाना दो, पानी दो, घूमने चलो आदि। विकास के क्रम में धीरे–धीरे बच्चे बात करना प्रश्न पूछना प्रारंभ कर देते हैं सरल वाक्य से जटिल वाक्य बनाने की ओर अपनी समझ अनुसार तेजी से वृद्धि करते हैं। तीन से चार वर्ष में बच्चे सभी बातों को समझने लगते हैं और इस आयु के पश्चात बच्चें पूर्व प्राथमिक विद्यालय जाने लगते हैं। वे सरल से जटिल वाक्य कहते हैं। पाठ्यक्रम अनुसार कहानी सुनाना, कविता सुनाना भी प्रारंभ कर देते हैं। अपने मन से मनगढ़ंत कहानियां भी बच्चे इस उम्र में सुनाने लगते हैं। 5 से 8 साल की आयु में बच्चे भाषा के नियमों को समझने लगते हैं। भाषा का व्याकरणिक पक्ष एवं उनके प्रयोग से संबंधित समझ का विकास उनमें होने लगता है। बच्चों के भाषा के विकास पर पढ़ने वाले प्रभावित करने वाले कारकों में अनुवांशिक कारक, पर्यावरणीय कारक, सामाजिक कारक, विद्यालय का वातावरण तथा शिक्षकों की अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

पूर्व अध्ययनों की समीक्षा :–

कुमार कृष्ण, (1972) बच्चों के संपूर्ण विकास पर परिवार के बाद सबसे अधिक प्रभाव विद्यालय तथा शिक्षक का पड़ता है। विद्यालय अभिक्षमता बालकों के शैक्षिक उपलब्धि के साथ–साथ उसके सर्वांगीण विकास पर प्रभावी रहता है। यदि विद्यालय में शिक्षक बच्चों की ओर अधिक ध्यान देते हैं, तो बच्चों की क्षमता का संपूर्ण विकास होता है। जिन बच्चों का भाषाई, मौखिक, तार्किक, शाब्दिक विकास उचित प्रकार से नहीं हो पाता उन विद्यालय के शिक्षकों को चाहिए कि उनके उचित विकास के लिए कई विधियां बताएं तथा छात्रों को समस्या समाधान के लिए निर्देशित करें ताकि उनका विकास समुचित रूप से हो सके।

कुप्पुस्वामी (P 386) के शब्दों में 'अच्छा विद्यालय ऐसा पाठ्यक्रम प्रस्तुत करता है जो छात्रों के रुचि और आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए विभिन्न क्रियाओं से परिपूर्ण रहता है, ऐसा विद्यालय स्वस्थ मानसिक विकास का वास्तविक कारण है।'

सोरेनसन (P 45) 'शैक्षिक और मनोवैज्ञानिक दृष्टिकोण से अध्यापक मानसिक विकास के क्रम के ज्ञान को अपने हित में प्रयोग कर सकता है वह पाठ्यक्रम और शिक्षण को छात्र की सीखने की योग्यता या मानसिक क्षमता की अनुकूल बना सकता है।'

जर्मन के विद्वान मैक्समूलर का कहना है कि 'भाषा और कुछ नहीं केवल मानव के मन की चतुर बुद्धि द्वारा अविष्कृत एक ऐसा उपाय है, जिसकी मदद से हम अपने विचार सरलता और तत्परता से दूसरों पर प्रकट कर सकते हैं और यह चाहते हैं कि इसकी व्याख्या प्रकृति की उपज के रूप में नहीं बल्कि मानव कृत पदार्थ के रूप में करना उचित है।'

अध्ययन की प्रमाणिकता :–

प्रस्तुत लघु शोध के आधार पर बच्चों के भाषाई विकास की जांच करते हुए प्रश्नावली और शाब्दिक, मौखिक जांच के माध्यम से उनके भाषाई क्षमता की जांच की जाएगी तथा उन पर प्रभाव डालने वाले कारकों में से विद्यालयी वातावरण तथा शिक्षकों के प्रभाव का आकलन एवं विश्लेषण किया जाएगा।

विषय की घोषणा –

पूर्व प्राथमिक विद्यालय जाने वाले बच्चों के भाषाई विकास पर शिक्षक तथा विद्यालयी प्रभाव की भूमिका

का अध्ययन।

अध्ययन का उद्देश्य :–

प्रस्तुत शोध का अध्यक्ष के अध्ययन का उद्देश्य यह है कि बच्चों के भाषाई विकास में विद्यालय तथा शिक्षकों की अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका होती है। विद्यालय में बच्चों के लिए उद्देश्य पूर्ण पाठ्यक्रम, खेल सामग्री, उपकरण एवं भाषाई विकास के लिए समुचित वातावरण की उपलब्धता सुनिश्चित हो प्रशिक्षित शिक्षकों के द्वारा प्रत्येक बच्चे पर ध्यान दिया जाए उनके शारीरिक मानसिक विकास के साथ–साथ भाषा के विकास पर गीत, संगीत, कहानी, वाचन, लेखन के द्वारा उनके कौशलों का विकास किया जाए।

अध्ययन की परिकल्पना :–

बच्चों के भाषा के विकास पर विद्यालयी वातावरण तथा शिक्षकों का प्रभाव पड़ता है। विभिन्न उद्देश्य पूर्ण क्रियाओं के द्वारा बच्चों में भाषा का समुचित विकास किया जा सकता है।

अध्ययन की योजना एवं शोध प्रक्रिया :–

इस लघु शोध को पूर्ण करने के लिए विश्वसनीय तथा वैध परीक्षण करने के लिए अवलोकन, प्रश्नावली, साक्षात्कार तथा समाजमित्तीय तुलनात्मक अध्ययन के द्वारा विश्वसनीयता पूर्वक परीक्षण किया गया है।

शोध में प्रयुक्त उपकरण एवं शोध विधि :–

प्रस्तुत लघु शोध में प्रश्नावली एवं अवलोकन विधि का उपयोग किया गया है। बालकों एवं शिक्षकों से प्रश्नों के माध्यम से बालकों के भाषा विकास की जांच की गई है एवं उनके भाषा विकास पर पड़ने वाले अलग–अलग प्रभावों का अध्ययन किया गया है।

अध्ययन क्षेत्र लघु शोध अध्ययन के लिए झारखंड राज्य में स्थित रांची जिला के चार पूर्व प्राथमिक विद्यालय का चयन किया गया है। जो टीपूदाना, हटिया, धुर्वा तथा हिनू में है। प्रत्येक विद्यालय से 20–20 बच्चों का चयन किया गया है जिसमें 3 से 5 वर्ष के 10–10 बालक एवं बालिकाएं शामिल हैं।

स्वतंत्र चर पूर्व प्राथमिक विद्यालय, शिक्षक, शिक्षण सामग्री

आश्रित चर भाषा अभिक्षमता

सांख्यिकीय विश्लेषण लघु शोध में सांख्यिकीय विश्लेषण प्रस्तुत किया गया :–

परिणाम एवं निष्कर्ष भाषा अभिक्षमता की जांच हेतु कक्षा कक्ष में बच्चों से भाषा विकास संबंधित प्रश्न पूछे गए। साथ ही अवलोकन विधि से उन पर पड़ने वाले प्रभावों का अध्ययन किया गया। पूर्व प्राथमिक विद्यालय में विद्यालय के वातावरण में भाषा को समृद्ध करने हेतु प्रशिक्षित शिक्षक,पर्याप्त शिक्षण सामग्री, रुचिकर पाठ्यक्रम, खेल–खेल में भाषा विकास के क्रिया उपकरणों एवं वाद्ययंत्रो की उपलब्धता को देखा गया। 60 प्रतिशत विद्यालय में पर्याप्त शिक्षण सामग्री उपलब्ध थी। 80ः विद्यालय में प्रशिक्षित शिक्षक उपलब्ध थे।

1.1 शुद्ध उच्चारण, शब्द भंडार, वाक्य की पूर्ण अभिव्यक्ति की क्षमता जांच की गई जिसमें यह पाया गया कि 35% बच्चे शब्दों का शुद्ध उच्चारण करते हैं। 38% बच्चों के शब्द भंडार की क्षमता है तथा 27% बच्चों में वाक्य की पूर्ण अभिव्यक्ति की क्षमता पाई गई।



1.2 दैनिक जीवन में पूर्वशाला जाने वाले बच्चे शिक्षकों के साथ विविध क्रियाकलापों में भाग लेते हैं। शिक्षकों के साथ मुख्य वार्तालाप में 40% बच्चों ने सहभागिता किया, वस्तु या चित्र दिखाकर वार्तालाप करने में 35% बच्चों ने रुचि लेकर बात किया वहीं 25% बच्चें किसी विशेष परिस्थिति में वार्तालाप करते है।



1.3 बच्चों के भाषा विकास में विद्यालय के वातावरण और शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। प्रशिक्षित शिक्षकों द्वारा बालगीत, कविता, कहानी, चित्र वर्णन, नाटक आदि को भाषा अभिक्षमता को जांचा गया। इसमें पाया गया प्रशिक्षित शिक्षकों के द्वारा बालगीत व कविता से 45% बच्चों का, कहानी से 38% बच्चों का, चित्र वर्णन तथा नाटक से 17% बच्चों का भाषा विकास हुआ है।



सुझाव एवं शैक्षिक उपादेयता :-

प्रस्तुत लघु शोध के परिणाम के आधार पर यह सुझाव दिया जा सकता है कि भाषा के विकास हेतु पूर्वशाला में माता–पिता एवं शिक्षकों के द्वारा बच्चों को लगातार प्रेरणा एवं प्रोत्साहन देने की आवश्यकता है। बच्चे

जब अपनी बात कहें तो उन्हें बोलने का अवसर देना चाहिए। उन्हें विभिन्न घटनाओं, क्रियाओं , अनुभवों के वर्णन का अवसर देना चाहिए। उन्हें ध्यान पूर्वक सुनना चाहिए। जब वह वार्तालाप के दौरान अशुद्ध भाषा का उपयोग करें तब उन्हें व्याकरणिक ज्ञान दें तथा स्पष्ट उच्चारण का अभ्यास कराना चाहिए। बच्चों के व्यवहार को समझते हुए उन्हें छोटे–छोटे समूह में मिलजुल कर खेलने और छोटे–छोटे समस्या सामाधान करने का अवसर देना चाहिए। समस्या समाधान के क्रम में उन्हें अपनी अभिव्यक्ति लिखित एवं मौखिक रूप से करने का अवसर देना चाहिए। बच्चों को विद्यालयी पाठ्यक्रम में गीत, संगीत, नाटक, चित्रकथा, कहानी रुचि पूर्ण एवं अर्थपूर्ण माध्यम से भाषा का ज्ञान प्रदान करना चाहिए।

'कस्बाई सिमोन' उपन्यास का कथानक छः प्रकरणों में विभाजित है, और पूर्व दीप्ति शैली में लिखा गया है। उपन्यास नायिका केन्द्रित है यानी कि उपन्यास के केन्द्र में है नायिका सुगंधा। भारतीय समाज में विवाह का बंधन, स्त्री–अधिकार, आर्थिक संबल, स्त्री–पुरुष–संबंध को सामाजिक मान्यता, नारी–सुरक्षा आदि पर गहरा चिंतन–मनन प्रस्तुत किया गया है। इन सबको को पाने के लिए स्त्री विवाह करती है किन्तु क्या सही मायने में उसे यह सब मिलता है? शादी करके नारी आजीवन एक पतिरूप पुरुष का साथ–दामन थामे रखती है, सात जन्मों तक साथ निभाने की कस्में खाई जाती है, वह विश्वास बनाये रखती है। किन्तु क्या पुरुष आजीवन अपनी पत्नी को ही वफादार बने रहता है? विवाहेतर संबंध रखने पर भी वह बाइज्जत समाज में रह सकता है तो स्त्री क्यों नहीं? ऐसे अनेक प्रश्नों को सुगंधा के द्वारा उठाया गया है, उनकी जाँच–परख करने की, उनका समाधान ढूँढने की भी अच्छी कोशिश की गई है।

प्रस्तुत उपन्यास में दो पीढ़ी की नारियों की समस्या व प्रश्नों को उठाया गया है। १२ वर्षीय सुगंधा की माँ माया और पिता का दाम्पत्य जीवन लड़खड़ा जाता है। आये दिन पति–पत्नी के बीच झगड़े होते रहते हैं। उस समय उनका परिवार मध्यप्रदेश के मंडला में रहता था। माता–पिता के झगड़े का बुरा प्रभाव सुगंधा पर पड़ता है। माया ने एम. ए. किया था पर वह हाउस वाइफ है, पिता कॉलेज में प्रोफेसर हैं। माया पति द्वारा सतायी हुई, प्रताड़ित, अत्यंत व्यथित नारी है। वह पूर्णतः पति को वफादार रहती है किन्तु पति विवाहेतर प्रेम–संबंध बनाता रहता है और पत्नी को 'जाहिल', 'गंवार' जैसी उपाधियों से अपमानित करता है। दोनों के बीच भयानक झगड़ा होता रहता है। माया को जलील करने के लिए अपनी कामलीला को छिपाने के लिए पत्नी पर गंभीर आरोप लगाता है कि सुगंधा उसकी बेटी नहीं है। तब पति के कारनामों को उकेरते हुए माया कहती है– "मैं तुम्हें चैन से जीने नहीं देती हूँ? और तुम, तुम तो दूध के धुले हो न? तुम अपनी शोध छात्राओं की थीसिस पास कराने के बदले उनसे क्या लेते हो, क्या मुझे पता नहीं? उन्हें आपने साथ सोने पर मजबूर करते हो, घिन आती है तुम पर, दुर्भाग्य तो मेरा है जो मैं तुम्हारे साथ बंधी हुई हु!"

माया के साथ वे अशोभनीय संवाद करते हैं बच्ची का थोड़ा लिहाज भी नहीं रखते। पत्नी के ऊपर उनका अत्याचार, मार–पीट इस कदर होती थी कि माया भी प्रतिकार करते हुए वाद–विवाद में उतर पड़ती और दोनों के बीच हाथापाई भी हो जाती है। पिता, पति के रूप में वे गैर जिम्मेदार पुरुष सिद्ध होते है। उनके लाड़–प्यार के अभाव में ही सुगंधा का बचपन व्यतीत होता है, सुगंधा के जन्मदिन के अवसर पर भी वे अक्सर घर से बाहर रहते हैं। दूसरे बच्चे के जन्म के समय जो कि बेटा था वह अल्पायु में ही चल बसता है इसके बाद माया अर्थराइटिस का शिकार हो जाती है। माँ–बेटी ही एक दूसरे का सहारा थीं, पिता का अभाव वह सुगंधा को खलने नहीं देती थीं। इससे स्पष्ट है कि पुत्र का खलता हुआ अभाव और अपनी शोध छात्रा को आश्रय देने के लिए सुगंधा के पिता माया से दूरी बना लेते हैं। कॉलेज–यूनिवर्सिटियों में संशोधन क्षेत्र में चलनेवाला व्यभिचार, चरित्रहीन प्रोफेसरों की पॉल खोलकर रखने का अच्छा प्रयास लेखिका ने किया है।

माया और सुगंधा के चरित्र का विकास लेखिका ने मनोवैज्ञानिक धरातल पर किया है। पति की शारीरिक–मानसिक यातना–यंत्रणा का शिकार होकर माया आत्मपीड़न से गुजरती है और भारी अन्तर्द्वन्द्व का भोग

बनकर पति से अलग होने का फैसला अपनी बेटी सुगंधा के सामने रखती है। उस प्रसंग में उसकी बेबसी, विवशता, माँ–बेटी की दयनीय दशा हमारे मर्म को छू जाती है। शाम की बस से मंडला से निकलकर माया और सुगंधा भोपाल उसकी सहेली के घर जाती है। सुगंधा का एडमिशन भोपाल के अंग्रेजी माध्यम गर्ल्स स्कूल में करवा दिया जाता है, वहीं पर प्रथम दिन उसका डरा–सहमा गुजरता है। नूतन के पति अक्सर घर से बाहर रहते थे अतः माँ–बेटी का वहाँ रहना सरल था किन्तु जैसे ही नूतन के पति घर आते हैं तो माया उसका घर छोड़ने का निर्णय करती है। माया एक काफी संवेदनशील, भावुक नारी है जो रिश्तों को बनाने, निभाने में बड़ी सावधानी रखती है – "मेरे वहाँ रहने से नूतन और मेरे संबंध खराब हो सकते थे। जरा सोचो, यदि नूतन का पति मुझमें दिलचस्पी लेने लगता तो मेरी और नूतन की क्या स्थिति रहती? संबंधों को बहुत सोच–समझकर निभाना पड़ता है, सुगंधा!"

उस दौरान सुगंधा को पापा का इन्तजार बना रहता है, किन्तु वे नहीं आते। नूतन मौसी की जीवनशैली, वैभव देखकर उसमें भी ऐसे भावी जीवन की आकांक्षाएँ, सपने जाग उठते हैं। एक महिना रहकर वे किराए के घर में चली जाती हैं। वहाँ पर नई–नई कठिनाइयों से वह गुजरती है। माया एक निजी स्कूल में पढ़ाने का काम करने लगती है। परिस्थितियाँ सुगंधा को उम्र से पहले ही बड़ा और ज्यादा समझदार बना देती है। भावनात्मक स्तर पर वे दोनों एक–दूसरे के पूरक बन गये। दुःख को साझा करने के लिए उन दो के अलावा था ही कौन? वहीं पर मकान मालिक के बेटे की कुदृष्टि, शारीरिक छेड़छाड़ का भोग सुगंधा बनती है। माता–पिता का तलाक हो जाता है, सुगंधा माँ के साथ रहने का ही फैसला करती है। माँ–बेटी एक दूसरे नये घर में जाते हैं। माया काफी समझदार और संवेदनशील नारी है, वह बेटी को सांत्वना देकर जुझारू बनाती है। अब माया सचिवालय में क्लर्क की नौकरी करने लगती है वहीं पर वह सेलट के परिचय में आती है, जिसे सुगंधा सेलट अंकल कहकर पुकारती है। पितृप्रेम से विहीन सुगंधा उनमें पिता का प्रेम ढूँढने की कोशिश करती है। धीरे–धीरे वह किशोरी से युवती बन जाती है। परिस्थितियों ने उसे समय से पहले बड़ा कर दिया।

सचिवालय में टाइपिंग की परीक्षा पास करने की शर्त पर मिलनेवाली माया को क्लर्क की नौकरी परीक्षा उत्तीर्ण करने पर उन्हें नौकरी में पक्का कर दिया गया। महंगाई–भत्ते तथा अन्य भत्तों के कारण अच्छा वेतन मिलने पर माँ–बेटी का जीवन सुख–चैन से व्यतीत होने लगता है तो दूसरी ओर सेलट उपहारों के माध्यम से माया–सुगंधा को प्रसन्न रखने का प्रयास एवं दिल जीतने का यत्न करते हैं। सुगंधा के लिए यह छोटी–छोटी भेट–सौगातें उसके मन को खुशियों से भर देती है। सुगंधा खुशी से छलक उठती है – "माँ ने मेरे लिए दो स्कर्ट–ब्लाउज और एक नया बेलबॉटम–टॉप खरीदा था। वह मेरा पहला बेलबॉटम था जबकि वह बेलबॉटम के फैशन का अंतिम दौर चल रहा था। स्लेटी रंग का बेलबॉटम और उस पर लाल–पीले बड़े–बड़े फूलों वाला टॉप। मुझे बहुत पसंद आया था। सेलट अंकल ने मेरे लिए एक ब्रेसलेट खरीदा था। उसे मैंने पहली बार अपनी पक्की सहेली रीता चूड़ासमा के जन्मदिन के उत्सव में पहना था।"

पति की उपेक्षा, प्रताड़ना, उनके जीवन में आयी हुई दूसरी औरत के कारण माया अपने जीवन में अकेलापन, रिक्तता और घुटन का शिकार होकर साथी कर्मचारी सेलट में अपनापन, लगाव, सहानुभूति और उसके साहचर्य को चाहती है। किन्तु सेलट की पत्नी द्वारा अपमानित होकर उसे लांछना भी सहनी पड़ती है। वह उस संबंध को तिलांजलि दे देती है। माया आधुनिक युग की स्वाभिमानी नारी है जो पहले की नायिकाओं की भाँति

'पति है तो ही अस्तित्व है' की विचारधारा को नकारती हुई अपना मार्ग स्वयं चुन लेती है। किराये के नये मकान में रहते समय सुगंधा का परिचय गुजराती परिवार में पली–बढ़ी रीता चूड़ासमा से होता है। वह उसकी पक्की सहेली है दोनों प्रथम वर्ष बी.ए. में साथ–साथ पढ़ाई करती हैं। उम्र में रीता उससे सात साल बड़ी है और मानसिक तौर पर भी। रीता का परिवार जरूरत से ज्यादा यौन संबंधों को लेकर आधुनिक था। इसीका परिणाम था कि रीता हँसमुख, जिन्दादिल और नीडर थी। स्त्री–पुरुष के काम–संबंधों की जानकारी सुगंधा को उससे ही मिलती है। संस्कारी परिवार की सुगंधा इससे जुड़ी पुस्तक जब रीता द्वारा देखती है तो अचंभित हो जाती है, उसे क्षोभ होता है। लेकिन धीरे–धीरे रीता की सारी बातें और पुस्तक में 'ज्ञान की बातें' शीर्षक से छपा लेख पढ़कर सुगंधा इन सभी बातों में विशेष रुचि लेने लगती है।

रीता और उसकी माँ पाश्चात्य भोगवादी संस्कृति व विचारधारा के प्रतीक है। युवती सुगंधा भी सैक्स संबंधी पुस्तक को पढ़कर अपने शरीर के विभिन्न अंगों में आये बदलाव को लेकर कुतूहल अनुभव करती है। माँ के अनुभवों को देखकर सुगंधा को विवाह जैसी संस्था में कोई रूचि नहीं है। पति द्वारा उपेक्षित, प्रताड़ित और चोट खा चुकी माँ को देखकर वह विवाह को नकारती है। स्वतंत्र होकर, शादी के बंधन से मुक्त होकर वह जीने की अभिलाषा रखती है– "उफ! ये विवाह की परिपाटी। गढ़ी तो गई स्त्री के अधिकारों के लिए जिससे उसे और उसके बच्चों को सामाजिक मान्यता, आर्थिक संबल आदि–आदि मिल सके किंतु समाज ने ही इसे तमाशा बना कर रख दिया। मैं इस तमाशे को नहीं जीना चाहती थी। मैंने सोच रखा था कि मैं कभी विवाह नहीं करूंगी। माँ के अनुभवों की छाप मेरे मन–मस्तिष्क पर गहरे तक अंकित थी। उसे मैं चाह कर भी मिटा नहीं सकती थी।"

सामाजिक रूढ़ियों, विचारों एवं परंपराओं के प्रति सुगंधा विद्रोहात्मक तेवर रखनेवाली, अपने इशारों पर, मनोनुकूल जीवन जीने की आकांक्षा रखने वाली नारी है। जो समाजी रूढ़ि, परंपरा और संकीर्ण सोच से मुक्त होकर वैयक्तिक व सामाजिक तौर पर स्वतंत्र जीवन जीना चाहती है। जहाँ न कोई गिला–शिकवा हो, न कोई दबाव व पाबंदी। मानव की हैसियत से वह अधिकार पाना चाहती है, सम्मानपूर्ण जीवन जीना चाहती है, पर इस प्रयास में उसे बहुत कुछ खोना पड़ता है। लिव इन रिलेशन की विचारधारा महानगरों में एक मर्ज की भाँति पनपती व विकसित होती जा रही है। खासतौर पर पढ़ी–लिखी आधुनिकाएँ इसमें अपनी स्वतंत्रता को कुछ हद तक सुरक्षित महसुस करती हैं। इसके लिए उसे न विवाह करना पड़ेगा न सामाजिक वर्जनाओं का निर्वाह, वह स्वयं को स्वतंत्र पाकर जब चाहे ऐसे रिश्तों को निभा सकती है या तोड़ सकती है। किन्तु यह भारतीय सामाजिक व्यवस्था पर एक बहुत बड़ा प्रहार है। मात्र सहवास, शारीरिक आवश्यकताएँ पूर्ण करने वाली यह प्रणाली कभी–कभी घातक भी बन सकती है। भारत सरकार भी कायदे–कानून की दृष्टि से इस पर सोच–विचार कर फैसले करने पर मजबूर हुई है।

लिव इन रिलेशन आज भारतीय में एक बहुत भयानक समस्या बन चुकी है। जहाँ तक महानगरों में वहाँ के परिवेश, जीवनशैली की दृष्टि से यह ज्यादा खतरनाक प्रभाव नहीं डाल सकती है किंतु छोटे गाँव, नगरों में यह विचारधारा या प्रणाली स्त्री के लिए पीड़ादायक ही रहेगी। हाल ही में ७ अप्रैल २०२४ के दिन मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने लिव–इन में रहकर माँ बनने वाली स्त्री के पक्ष में अत्यंत महत्वपूर्ण फैसला किया कि ऐसी स्थिति में पति को गुजारा देना पड़ेगा। लंबी अवधि तक पार्टनर के साथ रहनेवाली स्त्री गुजारा की अधिकारिणी होगी।

प्रस्तुत उपन्यास में लिव इन रिलेशन में रहने वाली सुगंधा का प्रश्न, समस्या, परिवेश मध्यप्रदेश का ही

है अतः इसका जिक्र व उल्लेख करना नितांत आवश्यक है। सुगंधा एक अति भावुक युवती है, बचपन में माता–पिता के झगड़े का शिकार होने के कारण विवाह को लेकर उसके मन में कोई अच्छी छवि नहीं है। हमेशा पिता के प्यार को पाने के लिए तरसने वाली, उपेक्षित सुगंधा का घर से बाहर किसी युवक में प्रेम को ढूंढना साहजिक है। रीता द्वारा जगायी गयी सेक्स की भूख को तृप्त करने के लिए वह रितिक जैसे कामुक, स्वार्थी, अवसरवादी पुरुष की चंगुल में फँस जाती है। वैसे वह स्त्री–पुरुष–संबंधों में रुचि लेने लगी थी फिर भी उसे दैहिक से ज्यादा प्रेम की भूख थी, जिसे रितिक के द्वारा पूर्ण करने की कोशिश में छली जाती है। वह हमेशा प्रेम पाने की असफल कोशिश करती है – "देह की भूख ने मुझे कभी इतना प्रभावित नहीं किया जितना प्रेम की प्यास ने। मुझे सदा यही आकांक्षा रहती कि कोई ऐसा हो जो मुझे और सिर्फ मुझे चाहे।"

स्वस्थ, आकर्षक देहयष्टिवाली सुगंधा विवाह को बंधन मानती है। समाज के संकुचित दृष्टिकोण का विरोध करने वाली नारी के रूप में वह स्त्री के अधिकारों को लेकर काफी सतर्क, जागृत है। पुरुषों की स्वेच्छाचारिता से वह परेशान है और समाज भी स्त्री–पुरुषों के संबंधों को विवाह के रूप में ही मान्यता देता है। भारत में लिव इन रिलेशन को समूचे रूप से समाज में स्वीकृति नहीं मिल सकती, मिलनी भी नहीं चाहिए क्योंकि वैयक्तिक संबंधों को इसमें स्थायित्व नहीं मिल सकता, हमारी प्राचीन परिवार प्रथा चरमरा जायेगी, संबंध बनाने, टूटने के कारण अधिकतर स्त्रियाँ निराशा, डिप्रेशन एवं अकेलेपन का शिकार हो जायेगी।

सुगंधा अपने ढंग से जीवन जीने में विश्वास करती है। शिकायत शाखा में काम करने वाली उपन्यास की नायिका सुगंधा एक नाजुक क्षण में, उसके प्रति झूठी सहानुभूति रखने वाले, उसकी गर्जियनशीप करने वाले रितिक के ऐंद्रजालिक सम्मोहन में फँस जाती है। रितिक कामुक और संकुचित स्वभाव का युवक है। दोनों का मन–मेल नहीं है पर सिर्फ शादी को लेकर उन दोनों की विचारधारा समान है। पर रितिक काफी मक्कार, चालाक युवक है जो इस बहाने सुगंधा से शारीरिक निकटता बढ़ाकर उसके किराये के घर में रहने के लिए आ जाता है। वह विवाह को फिजूल और बच्चे पैदा करने का लाइसेंस मात्र मानता है उसमें स्त्री–सम्मान की भावना है ही नहीं, वह स्त्री को भोग–विलास की वस्तु के अलावा और कुछ नहीं समझता ही नहीं है। इस दृष्टि से वह सुगंधा को जलील करता है, अपमानित करता है। इससे सुगंधा को गहरी मानसिक चोट पहुँचती ऐ, वह पश्चाताप के गह्वर में डूब जाती है।

उपन्यास में सुगंधा और रितिक, सुगंधा की पड़ोसन के माध्यम से परंपरागत एवं वर्तमान आधुनिक मूल्यों के बीच की टकराहट को बखूबी प्रस्तुत किया है। रितिक और सुगंधा अपना सहजीवन यानी लिव इन रिलेशन को शुरू करने के लिए नया घर खरीदते हैं। उनके लिए मकान किराये पर लेना, पड़ोसियों के प्रश्नों का सामना करना एक बहुत बड़ी समस्या बन जाती है। सुगंधा की माँ भी ऐसे संबंध के कारण चिंतित है। पड़ोसन के पूछने पर सुगंधा रितिक को झूठ का सहारा लेकर 'मुंहबोला भाई' बताती है। पड़ोसी द्वारा सुगंधा के बॉस को दफ्तर में उसके चरित्र को लेकर शिकायत होती है। मकान की समस्या के कारण उन दोनों को बार–बार नया घर ढूंढने की जरूरत पड़ती है। घरवालों को बिना बताये ये संबंध जारी रहते हैं। रितिक के पिता द्वारा विवाह के लिए आग्रह करने पर और सामाजिक कायदे–कानून का हवाला देने पर सुगंधा समाज की कटु आलोचना करती है। वह न तो शादी करना चाहती है और न रितिक को छोड़ना। रितिक की माँ दफ्तर में फोन कर सुगंधा को भद्दी गाली देती है तब अकाउंटेंट सिकरवार उसे डाँटता है।

सुगंधा को समझाते हुए सिकरवार कहता है– "सुगंधा, ये तुम्हारा अपना जीवन है, अपना निर्णय है लेकिन इस पूरे मामले पर एक बार ठंडे दिमाग से सोचना। तुम, नीना गुप्ता, सुष्मिता सेन या करीना कपूर नहीं हो, तुम एक कस्बे की और मध्यवर्ग की लड़की हो, ये सब पैसेवालों और महानगरों के जीने के तरीके हैं, तुम जैसी लड़कियाँ दुःख ही पाती हैं, चैन–सुकून, अधिकार और सम्मान नहीं।" सुगंधा के सह कर्मचारी भी उसके ऐसे संबंध को लेकर नाराज हैं। नई मकान मालकिन उसे समझाने के लिए दिल्ली से आती है लेकिन सुगंधा अपने फैसले पर अडिग रहती है।

लेखिका ने नई मकान मालकिन तथा सुगंधा यानी दो विपरीत ध्रुवों के माध्यम से एक ओर पुरानी भारतीय संस्कृति, परंपरा को समर्थन दिया है तो दूसरी ओर विवाह को अनावश्यक मानकर लिव इन रिलेशन में विश्वास करने वाले, बंधनमुक्त जीवन जीनेवाले युवक–युवतियों को सावधानी एवं सोच–समझकर निर्णय करने की चेतावनी दी है। साहसी, जुझारू एवं अटूट आत्मविश्वास वाली सुगंधा समाज के दोहरेपन का शिकार होती है। सुगंधा विवाह–बंधन को नकारती है। यहाँ पर हमें लगता है कि अज्ञेय के 'नदी के द्वीप' उपन्यास की नायिका रेखा की भाँति सुगंधा भी एक ओर सामाजिक रूढ़ियों का विरोध करती है तो कभी उन्हें स्वीकार करने की ललक उसके मन में उठती हुई दिखाई देती है। रितिक–सुगंधा पाँच साल से एक साथ रहते हैं, खुद का घर लिया। वे मैरिज एनीवर्सरी न मनाकर 'गृहप्रवेश की एनीवर्सरी' मनाते हैं। सौभाग्यवती स्त्री की भाँति भेडाघाट से सिंदूर की डिब्बी खरीदती है, करवाचौथ की पूजा करती है।

समाज की दृष्टि में वे दोनों पति–पत्नी नहीं थे लेकिन घर की रजिस्ट्री के दस्तावेज में पति–पत्नी थे। लेखिका ने जीवन जीने के नये तौर–तरीकों के अनुसार कानून बनाने की हिमायत करते हुए लिखा है– "जीवन जीने के नए ढंग यदि हम अपनाते हैं तो उनके अनुरूप निरंतर कानून भी बनते रहने चाहिए। लेकिन कानून भी तो एक बंधन है, हम मनुष्य बंधनों के बिना क्यों नहीं रह पाते हैं?" महान दार्शनिक रूसो का कथन भी उल्लेखनीय है– ''हम स्वतंत्र जन्म लेते हैं किंतु उसके बाद सर्वत्र जंजीरों में जकड़े रहते हैं।"

सुगंधा मुक्त होकर जीवन जीने की उम्मीद करती है किन्तु उसके अवचेतन में परिवार, बच्चे और सुनहरे संसार की इच्छा दबी हुई है, जो जाने–अनजाने अभिव्यक्त भी होती है। किन्तु वह परंपरागत पत्नी की तरह जीवन बिताना नहीं चाहती। शादी के संदर्भ में इन प्राचीन मान्यताओं, बंधनों के कारण एक भय–सा उसके मनःपटल पर छा जाता है। वह विवाह को लेकर अनिर्णायक स्थिति में जा पहुँचती है तथा भारी अंर्तद्वन्द्व से गुजरती है न शादी के पक्ष में निर्णय कर सकती है न लिव इन रिलेशनवाले सहजीवन का स्वीकार। जीवन को कटु अनुभवों से परिचित माया उसे यह बताने–समझाने की कोशिश करती है कि स्त्री पुरुष के सहारे नहीं बल्कि अपनी दृढ़ता के द्वारा जिंदगी का सामना कर सकती है, फिर भी वह विवाह को अनिवार्य मानकर, उसे शादी कर लेने की सलाह देती है।

सुगंधा अपने मन के साथ समझौता करके जीवन व्यतीत करती है। सहजीवन को वह 'एन्जॉय' मानती है किन्तु वह स्वयं महसूस करती है कि यह आत्मवंचना मात्र है – "मुझे आत्मवालोकन करना चाहिए, आखिर मैं चाहती क्या हूँ? यूं ही आपसी समझौतों के तहत 'लिव इन रिलेशन' में रहना या फिर विधिवत् शादी करके विवाहित के रूप में रहना?" रितिक के साथ रहते हुए वह उसमें, उसके स्वभाव में, व्यवहार में एक परंपरावादी पति की तरह होने वाले परिवर्तनों को, 'असामाजिक रिश्ते' को 'सामाजिक' आकार लेते हुए अनुभव करती है।

वह रितिक से प्रेम, सहानुभूति चाहती है, प्रेम उसके लिए प्रमुख था लेकिन रितिक की आवश्यकता तो सिर्फ दैहिक ही थी। दोनों के संबंधों में इसी वजह से दरार पड़ने लगती है। सुगंधा तन से अधिक मन से रितिक के साथ जुड़ी हुई है, उसके भावुक मन को गहरी चोट पहुँचती है। जिस उद्देश्य की पूर्ति के लिए वह रितिक से जीवन व्यतीत करती थी वह पूर्ण नहीं हो पाता–"हम विवाहित नहीं हैं इसलिए स्वतंत्र है कि वह ताजगी इतर व्यक्तियों में ढूंढ सकें। लेकिन मैं जानती हूँ कि मेरा स्त्रीमन रितिक से इतर, दूसरी देह में चौन नहीं ढूंढ पायेगा। संबंधों की यायावरी स्त्रीदेह को भले ही नए–नकोर अनुभव दे दे किंतु स्त्रीमन को चैन नहीं दे पाती है।"

अविवाहित रहकर उसे बहुत कुछ खोना पड़ता है। शारीरिक–मानसिक यंत्रणा के साथ–साथ आर्थिक चोट भी वह स्वीकार कर लेती है। पुरुष के जीवन में अविवाहित स्त्री रखैल बनकर ही रह जाती है। रितिक द्वारा सुगंधा के लिए किया गया यह संबोधन उसे मानसिक रूप से तोड़ देता है। पुरुष कितना आधुनिक विचारोंवाला क्यों न हो बिन ब्याही स्त्री उसके लिए रखैल ही होती है। भारतीय समाज में ऐसी नारियाँ कभी अपना अधिकार एवं मान–सम्मान प्राप्त नहीं कर सकतीं। विशेष कर कस्बाई माहौल में– "तुम एकदम सड़क छाप हो, सड़क छाप!..... जब तुम एक आदमी के साथ उसकी बिन ब्याही बीवी बनकर रह सकती हो तो दसियों के साथ भी रह सकती हो, कौन जाने मुझसे पहले कितनों के साथ रह चुकी हो!" रितिक का यह कथन सामंतवादी विचारधारा का द्योतक है। भ्रमरवृत्तिवाले पुरुष अनेक युवतियों के साथ संबंध बना सकता है, पुरुष जिस शरीर का प्रयोग–उपयोग बार–बार करता, तब उसे शरीर बदलने की, नये संबंध बनाने की चाह होती है, यही क्रिया अगर नारी करें तो समाज उसे अपमानित करके देश निकाला दे देता है। समाज में वह कलंकित होकर मुंह दिखाने योग्य नहीं रहती परंतु पुरुष की प्रतिष्ठा वैसी ही बरकरार बनी रहती है।

रितिक के व्यवहार से स्पष्ट लगता है कि वह सुगंधा से ऊबने लगा है, वह उसे ताना मारकर संदेह की दृष्टि से देखने लगता है। स्वाभिमानी–स्वावलंबी नारी सुगंधा इस संबंध को तोड़ देती है और गहरी मानसिक पीड़ा–वेदना को झेलती है। उसकी कोई विवशता नहीं थी फिर भी सिर्फ अपने प्रेम को बचाये रखने के लिए परस्पर साथ थे। विडम्बना यह है कि समाज से परे रहकर ये संबंध उन्होंने बनाये पर, उसका अंत सामाजिक ढर्रे पर ही हुआ। बहाना बनाकर वह माँ के पास भोपाल चली जाती है। मन बहलाने के लिए एवं स्त्रियों के पक्ष में सुगंधा 'औरतों के अधिकारों' पर लेख लिखती है। वह अकेलापन महसूस करती है, ऐसी स्थिति में कीर्ति उसे सांत्वना और सहयोग देती है। रितिक में सामाजिक जीवन जीने की चाह उत्पन्न होती है, दोनों साथ थे तब उनके मन में बच्चे को पाने की कामना जागती है परंतु वैध–अवैध के द्वन्द्व के कारण, इच्छा को छोड़ देते हैं।

लेखिका ने रितिक को छोड़ देने के बाद माया और सुगंधा की समान स्थिति का बहुत सुंदर ढंग से वर्णन किया है। माया को पति ने छोड़ा था, रितिक को सुगंधा ने छोड़ा। माया विवाहित थी, सुगंधा अविवाहित। कीर्ति उसे विवाह करने की सलाह देती है किन्तु वह स्वतंत्र रहना ही उचित मानती है। माँ की साथी का घर उसे सागर में मिल जाता है, वहाँ पर नौकरी स्थानांतरण करके रहने लगती है। डॉ. हरीसिंह विश्वविद्यालय में सुगंधा का परिचय छिंदवाड़ा में प्रोफेसर ऋषभ जैन से होता है, जो शादीशुदा पुरुष है, कामुक है। उसके साथ विश्वप्रसिद्ध पर्यटन स्थान खजुराहो जाते हैं। वह एक के बाद एक पुरुषों के साथ संबंध बनाती है। ऋषभ के बाद विशाल पटेल उसके जीवन में आता है। स्वतंत्रता की चाह में, बंधन से मुक्त रहने के प्रयास में अंततः उसे निराशा, अलगाव, भटकन, छलना के अतिरिक्त कुछ हासिल नहीं होता। इस प्रयास में उसके हाथ कुछ बाकी नहीं बचता।

वह पुरुषों द्वारा छली जाती है, उसके जीवन में अकेलापन, ऊब, घुटन, संत्रास के अलावा कुछ नहीं रहता।

महानगरीय जीवन जीनेवाली आज की सुगंधा जैसी नारियाँ अकेलेपन के कारण रिक्तता का अनुभव करने लगती है। विशेषकर आत्मनिर्भर स्त्रियाँ इन परिस्थितियों का शिकार हो रही हैं। सुगंधा भी एक ऐसी नारी है जो दिमागी और आर्थिक आजादी के साथ–साथ शारीरिक आजादी भी चाहती है। विष्णु प्रभाकर का कथन इस संदर्भ में दर्शनीय है– 'काम और यौन के प्रति भारतीय दृष्टिकोण सदा बदलता रहा है। प्रारंभ में आर्य बहुत उदार और संतुलित विचारों के थे, परन्तु बाद में भारतीय मानस कई कारणों से नारियों के प्रति अनादर होता चला गया। पुरुष के सभी पाप क्षम्य थे पर नारी से आशा की जाती रही यौन शुचिता की और सतीत्व की। सतीत्व की इस कठोर होती गई धारणा ने नारीत्व को ही नष्ट कर दिया। यह सब पुरुष प्रधान समाज के कारण था, जो एक ओर तो नारी को भोग्या मानता रहा, दूसरी ओर उससे आशा करता रहा सतीत्व की और इन दो परस्पर विरोधी कारणों के बीच नारीत्व कराहता रहा। औद्योगिक उपभोक्ता संस्कृति के कारण हो या पश्चिमी प्रभाव के कारण, नारी आज पूर्ण मुक्ति चाहती है।"

स्त्री मुक्त तो होना चाहती है पर परंपराओं से उस पर लादे गये बंधनों को, सामाजिक परंपराओं को एक झटके के साथ तोड़कर मुक्त नहीं हो सकती। सुगंधा के चरित्र का ताना–बाना मनोवैज्ञानिक धरातल पर निर्मित और संचालित है। अपने जीवन में वह जीवन साथी की तलाश में भटक जाती है। सही व्यक्ति न मिलने पर वह किसी से भी संबंध बनाने के लिए उत्सुक रहती है, मानों पुरुषों की बेवफाई का प्रतिशोध ले रही हो। अपने परिचय में आने वाले पुरुषों की तुलना रितिक से करती है। रितिक शादी कर लेता है फिर भी वह उसे भूल नहीं पाती। समाज एवं उसकी परंपराओं के खोखलेपन का परिचय उसे तब होता है जब कीर्ति अपने पति की तरक्की के लिए पति के अलावा अन्य पुरुष से संबंध बनाती है। लेखिका ने डॉक्टर जरिए रितिक–सुगंधा के संबंध को लिव इन रिलेशन को एप्रिशिएट करवाकर स्त्रियों की स्वास्थ्य संबंधित रूढ़ियों और मान्यताओं का विरोध किया है।

अशिक्षा, दहेज, पुत्र–पुत्री पार्थक्य, बेटियों की अवहेलना, स्त्रियों का दैहिक शोषण, स्त्री–पुरुष समानता, अधिकार, स्त्री को देह से परे एक इन्सान के रूप में स्थापित करने का प्रयास किया है। उसके लिए युगों से निर्मित किये गये बंधनों की श्रृंखलाओं से मुक्त करवाने का यत्न किया है। स्कूलों में सेक्स की शिक्षा को अनिवार्य बताकर स्त्री–स्वास्थ्य को सुरक्षित बनाये रखने के लिए आधुनिक युग में गर्भ निरोधक वस्तुओं के इस्तेमाल पर जोर दिया है। उन्होंने माया जैसी औरतों के द्वारा यह दिखाने की कोशिश की है कि स्त्री आत्मनिर्भर हो तो वह जीवन जीने का हौसला व आत्मविश्वास बनाये रखती है। उपन्यास में विवाह की परिपाटी, स्त्री–अधिकार, बाल–विवाह की समस्या, कार्यालयों में कर्मचारियों की कामचोरी, दादागिरी, उच्च शिक्षा क्षेत्र में शोध छात्राओं का प्रोफेसरों द्वारा किया जाने वाला यौन–शोषण, समाज–व्यवस्था, अकेली औरत को किराये पर मकान की समस्या, उनके साथ समाज का व्यवहार, दोहरापन, दहेज के कारण महिलाओं की हत्या, पंगु कायदे–कानून, राजनीतिक भ्रष्टाचार, ऑनर किलिंग, चाटुकारिता जैसी अनेक समस्याओं का चित्रण किया गया है।

दिल्ली जैसे बड़े महानगरों में एवं छोटे गाँव, कस्बों में पनपनेवाले लिव इन रिलेशन के बनाव, इसका शिकार होती महिलाएँ, उसके भय–स्थान आदि की चर्चा लेखिका ने अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बिल–क्लिन्टन का हवाला देकर की है। यथा स्थान उपन्यास में उल्लेखित समस्याओं को दर्शाने के लिए कालिदास, मोहन राकेश,

पौराणिक कथाओं, पात्रों के माध्यम से स्त्री के सतीत्व व पतिव्रता जैसे महान गुणों का महिमामंडन एवं स्वेच्छाचारी स्वतंत्र पुरुषों के व्यभिचार को अच्छी तरह से चित्रित किया है।

निष्कर्ष रूप में अगर देखा जाए तो पितृसत्तात्मक भारतीय समाज व्यवस्था में पुरुष बंधनों से बंधकर भी उन्मुक्त ही रहता है। वह चाहे सामाजिक विवाह का बंधन ही क्यों न हो। विवाहित होते हुए भी पत्नी की उपस्थिति में भी वह अनेक प्रेमिकाएँ, रखैल रख सकता है फिर भी वह समाज की नजरों में क्षम्य ही रहेगा। किन्तु अगर स्त्री उसकी भाँति बंधन–मुक्त जीवन जीना चाहेगी तो महानगरीय नारी की भाँति उसका जीवन सरल, सहज और यंत्रणाओं से विहीन नहीं बल्कि अनेक प्रकार के संकटों, संघर्षों से युक्त होगा। जब तक नारी को देह मात्र से समझकर, उसे भोग–विलास का साधन मात्र न मानकर, देह से परे एक मनुष्य के रूप में स्वीकारा नहीं जायेगा तब तक उसे उन परंपरागत बंधनों, मान्यताओं से मुक्ति व सारे अधिकार नहीं मिलेंगे। यह तब संभव हो पायेगा जब एक स्वस्थ समाज की स्थापना की कल्पना साकार होगी जिसमें स्त्री को पुरुष के समान वास्तविक रूप में बराबरी व समानता का दर्जा प्राप्त होगा।

संदर्भ-ग्रंथ सूची :-

संगम Impact Factor : 7.834
Website : www.ginajournal.com
ISSN : 2321-8037
गीना देवी शोध संस्थान द्वारा प्रकाशित बहुभाषिक–बहुविषयक शोध को समर्पित अंतर्राष्ट्रीय मासिक
AN INTERNATIONAL MULTIDISCIPLINARY MONTHLY MULTI LANGUAGE
PEER REVIEWED REFEREED RESEARCH JOURNAL
SANGAM
Vol. 13, Issue 7-8
पृष्ठ : 69–74

దేవులపల్లి కృష్ణ శాస్త్రి కృతులలో సాహిత్య, సామాజిక, సాంస్కృతిక దృక్పథం

డా. పి. శర్వాణి

ఎమ్. ఏ., పెచ్. డి మహారాజా స్వయం ప్రతిపత్తి కళాశాల, విజయనగరం.

దేవులపల్లి కృష్ణ శాస్త్రి భావకవిగా ప్రసిద్ధి కెక్కారు. ఆయన శ్రవ్య నాటికలు, విమర్శనాత్మక రచనలు కూడా చేశారు. ఆయన రచనలలో సాహిత్య, సామాజిక, సాంస్కృతిక దృక్పథాన్ని కనబరచారు.

సాహిత్య దృక్పథం:

ఆధునిక కాలంలో కందుకూరి వీరేశలింగం పంతులు సంఘ సంస్కరణ లను ప్రవేశపెట్టారు. అదే సమయంలో బ్రిటిష్ వారి వల్ల ఆంగ్ల విద్య ఆంధ్ర దేశంలోకి ప్రవేశించింది. వాటివల్ల ఆనాటి యువకుల ఆలోచనా ధోరణిలో మార్పు వచ్చింది. దానివల్ల మహాకావ్యాలు, ప్రబంధాలు వెనకబడి ఖండకావ్యాలు తెలుగు సాహిత్యం లో ప్రవేశించాయి. ఆంగ్ల రొమాంటిక్ కవిత్వ ప్రభావంతో తెలుగు సాహిత్యం లోకి వచ్చిన భావకవిత్వానికి ప్రారంభకులు రాయప్రోలు సుబ్బారావు అయినా, దానిని ప్రజలకు దగ్గర కావడానికి తోడ్పడినవారు కృష్ణ శాస్త్రి. ఆధునిక తెలుగు సాహిత్యం లో వచ్చిన ఈ మార్పుల వల్ల కృష్ణ శాస్త్రి సాహిత్య దృక్పథం లో కొత్తదనం చోటు చేసుకుంది. మొట్ట మొదటగా రచించిన కృష్ణ పక్షం, ప్రవాసం, ఊర్వశి వంటి కవితా సంపుటి లలో కృష్ణ శాస్త్రి వ్యక్తిగతమైన భావాలే కవిత్వ రూపంలో వెలు వడ్డాయి. ఆయనకు వ్యక్తిగతంగా నచ్చిన ప్రేయసి మీద ప్రేమతో రచించిన ఊహ ప్రేయసి గీతాలు, తనకు సన్నిహితుల మరణంతో రచించిన స్మృతి గీతాలు అలాంటివే. అందులో కవి తనకు సంబంధించిన ఊహలను, విషయాలను కవితా రూపంలో విశ్వజనీనం చేశారు.

కృష్ణ శాస్త్రికి సంప్రదాయం మీద అభిమానం చాలా వుంది. కాని ఆయన

కవిత్వం అంతా గేయా లలోను, ముత్యాల సరాలు అనే కొత్త ఛందస్సు లోను వుంది. కొన్ని ఆకారం లో సిస పద్యాలు, గీతాలు, వృత్తాలలాగా వున్నా ప్రాచీన సాహిత్యం లోని పద్యాలలోని క్లిష్టత అందులో కనిపించదు. పద్యం పూర్తి కావడానికి అనవసర పదజాలంతో నింపడం ఈ ఆధునిక పద్యంలో కనిపించదు. కృష్ణ శాస్త్రి శ్రవ్య నాటికలలోని ఇతి వృత్తానికి పురాణాల కథలను తీసుకున్నా, వాటిని నాటికకు అనుగుణంగా మార్చి కొత్త రూపాన్ని తీసుకువచ్చారు. ఇక్కడ సంప్రదాయం మీద అభిమానం తో పురాతన ఇతి వృత్తాన్ని తీసుకున్నా, దానిని తనకు కావలసిన విధంగా మార్చారు.

కొన్ని సార్లు పూర్వ కథలో ఒక చిన్న విషయాన్ని ఆధారం చేసుకుని ఆయా పాత్రల పేరుతోనే తను అనుకున్న విధంగా కథను పెంచి రచించారు. వీటికి కృష్ణాష్టమి, గుహుడు, ధనుర్దాసు ఉదాహరణలు. కృష్ణ శాస్త్రి భాష వ్యావహారికంగా ఉండాలి. అలా ఉంటేనే జీవం ఉంటుంది అని అన్నారు. ఆయన రచనల్లో మాత్రం పూర్తి వ్యావహారికంగా ఉండదు. అది కొత్త పాతల కలయికతో ఉంటుంది. సంస్కృత సమాసాలను వాడినా అందులో అర్థ క్లిష్టత కనిపించదు.

సమాజం నుండి కవిత్వానికి కావలసిన విషయాన్ని తీసుకోవాలి. అప్పుడే ఆ రచన సజీవ రచన అవుతుందని కృష్ణ శాస్త్రి అభిప్రాయపడ్డారు. కృష్ణ శాస్త్రి కవిత్వం ఊహలోకంలో విహరిస్తుందనే ఒక అపవాదు వుంది. కాని ఆయన ఒక్క ఊహ ప్రేయసినే కాక జాతీయ భావ ప్రబోధంగా, జనపద జీవన సౌందర్య పూర్వకంగా రచనలు చేశారు. కాబట్టి ఆ అపవాదు నిరాధారం. ప్రాచీన సాహిత్యం లో స్త్రీ ని అంగాంగ వర్ణన చేశారు కవులు. అది క్షీణ యుగంలో అసభ్య శృంగారానికి దారి తీసింది. ఆధునిక కాలంలో ఆంగ్ల సాహిత్యం వల్ల ఆనాటి యువకుల ఆలోచనా ధోరణిలో మార్పు వచ్చింది. అటువంటి ఆనాటి ఆధునిక యువకుడైన కృష్ణ శాస్త్రి. స్త్రీ ని ప్రేయసిగా, దేవతగా, జీవితేశ్వరిగా భావించాలి అన్నారు. స్త్రీ అంగాంగ వర్ణనకు కాక ముఖ సౌందర్యానికే ప్రాధాన్యం ఇవ్వాలి అంటారు. ఆ విధంగా ఊర్వశి ని తీర్చి దిద్దారు.

ప్రాచీన సాహిత్యం లో లాక్షణికంగా అష్ట దశ వర్ణనలలో భాగంగా ప్రకృతి వర్ణన చేసేవారు కవులు. వాటిలో చమత్కారం ఉన్నంతగా జీవం ఉండేది కాదు. కృష్ణ శాస్త్రి ప్రకృతి తో తన్మాయత్వం చెందాలని ప్రకృతి తో తన బాధను వెళ్ళబుచ్చుకోవాలని ప్రకృతి కి మానవునికి అవినాభావ సంబంధం తెలపాలని భావించారు. ఆయన నల్లమల అడవుల సౌందర్యాన్ని చూసి ఆకులో ఆకుగా, పూవులో పూవుగా, కొమ్మలో కొమ్మగా ప్రకృతి తో తన్మాయత్వం చెందారు.

కృష్ణ శాస్త్రి కవికి ఉండవలసిన లక్షణాలను వివరించారు. కవి ఎప్పుడూ నిత్యప థి కుడిలాగా ఉండాలి. అతనికి గల కాలజ్ఞానం వల్ల మారుతున్న లోకంతో అత్యంత సన్నిహిత సంబంధం ఏర్పడుతుంది. ఆ జీవ జగత్తును పరిశీలించి దానిలో నుండి జీవాన్ని తీసుకుని తనలో నింపుకోక పోతే కవి కవితను సృష్టించలేడు. మట్టి బొమ్మలను చేసి వూరుకుంటాడు. కాబట్టి అతను ప్రకృతి, పరిసరాలు, చదువు సంస్కృతి తో కలిసి వ్యక్తిత్వం గల మనిషి గా తయారవుతాడు.

సామాజిక దృక్పథం:

కృష్ణ శాస్త్రి సమాజాన్ని పట్టించుకోలేదనే ఒక అపవాదు వుంది. అయితే వాస్తవం లో తన జీవితం లోనూ, కవిత్వం లోనూ సమాజాభివృద్ధి కోసం పాటుపడ్డారు. బ్రహ్మ సమాజ ప్రభావంతో హరిజన బాలురకు సేవ చేశారు. వారి అభివృద్ధి ని కాంక్షించారు. కవిత్వం లో హరిజనులు, శ్రామికుల మీద గీతాలను రాశారు. కరువు కాటకాలకు స్పందించి రచనలు చేశారు. సంఘ సంస్కరణలు కొన్ని స్వయంగా అమలు జరిపారు.

కృష్ణ శాస్త్రి ఆడంబర జీవితం ఆయన మొదటి రచనలైన కృష్ణ పక్షం, ప్రవాసం, ఊర్వశి కావ్యాలలో కనిపిస్తుంది. అది ఆయన వ్యక్తిగతమైన విషయం. రాను రాను భావ కవిత్వాన్ని ఆంధ్రదేశం అంతా తిరిగి ప్రచారం చేయడంతో కృష్ణశాస్త్రి కి సామాజిక పరిస్థితులు అవగతం అయ్యాయి. మనుష్యుల మనస్తత్వం, బానిస బ్రతుకు లోని దైన్యం, మూఢ నమ్మకాలు ఎక్కువ గా ఉండడం ఆయనకు తెలిసాయి. వాటిని తన కవిత్వంలో నిరసించారు. అస్పృశ్యతను తన కవిత్వం లో దుయ్యబట్టారు. శ్రామికుల కష్టాలకు తాను బాధ పడ్డారు. వేమనలాగే ఆయన రాసిన పద్యాలలో మూఢ నమ్మకాలను తీవ్రంగా ఖండించారు.

హిందువులకు దేవుళ్ళు ఎక్కువ అందువల్ల ఆ యా దేవుళ్లను పూజించే మనుషుల మధ్య సయోధ్య కరువైంది. వారి మధ్య కలహాలు ప్రారంభం అయ్యాయి. ఇంకా దేవుని పేరు చెప్పుకుని ప్రజలను మోసగించడం కూడా వుంది. ఇవన్నీ చూసి కృష్ణశాస్త్రి బ్రహ్మ సమాజోద్యమ ప్రచారానికి కృషి చేస్తూ మహతి వంటి రచనలు చేశారు. అందులో ఏకేశ్వరోపాసన, ప్రార్థన చేయడం ఎలా అన్నది, మతం అంటే ఏమిటీ అనే విషయాలను వివరిస్తూమనుషులంతా ఒక్కటే అని ప్రబోధించారు.

కృష్ణశాస్త్రి కాకినాడ కాలేజీ లో ఎఫ్. ఏ. చదువుతున్నప్పుడు బ్రహ్మ సమాజ బోధనలకు ఆకర్షితులయ్యారు. ఆయన అప్పుడప్పుడే రఘుపతి వేంకట రత్నం నాయుడి ఉపదేశాలను వంటపట్టించుకోనారంభించారు. ప్రార్థనా గీతాలు రచిస్తూ, పాడుతూ తీరిక వేళల్లో సంఘ సేవా కార్యక్రమాలలో పాల్గొంటూ సనాతనుల నిందలకు గురి అయ్యారు. కాలేజీ సెలవుల్లో పిఠాపురం వచ్చి పిఠాపురం మహారాజు స్థాపించిన హరిజన హాస్టల్స్ నిర్వహణలో స్వచ్ఛందంగా పాల్గొన్నారు. కృష్ణశాస్త్రి కి బాగా సన్నిహితుడైన అప్పటి హాస్టల్ విద్యార్థి బొజ్జ వెంకటరాజు తన కుమారుడికి కృష్ణశాస్త్రి అనే పేరు పెట్టారు. సాటి బ్రాహ్మణులు ఎన్ని అవమానాలకు గురి చేసినా, ఎన్ని నిందలు నిషేదాలు జారీ చేసినా కృష్ణశాస్త్రి ఎన్నడూ ఖాతరు చేయలేదు. త్రికరణ శుద్ధిగా తాను నమ్మిన విశ్వాసాన్ని, సంకల్పాల్ని విడనాడలేదు. నాన్నగారికి, పెద్దనాన్నగారికి తానే వారసుడైనా అబ్దికాలు పెట్టడం పదహారోయేటనుండే విరమించారు. ఆయనను బ్రాహ్మణ సంఘం కులం నుండి వెలివేసినా లెక్క చేయలేదు. బ్రహ్మ మతం నిర్దేశించిన సామాజిక విప్లవానికి ఆయన అనాడే పూనుకున్నారు..

కృష్ణశాస్త్రి ఇంటిలో వున్నది ఒక్కటేభోజనాల బల్ల అన్ని వర్ణాలకు చెందిన అతిథులు దాని మీదే భోజనం చేయాలి. శ్రీరంగం నారాయణ బాబు

తరువాత హైదరాబాద్ మకాంలో కవి ఆలూరి బైరాగి ఆయనింట నిరంతర అతిధి. ముద్దుకృష్ణ చివరి రోజుల్లో కొన్నేళ్ళ పాటు కృష్ణశాస్త్రి అతిధి అయ్యారు. కృష్ణశాస్త్రి ఒక గేయంలో మనుషులంతా ఒక్కటే అన్నారు. ద్వేషాలు, రోషాలు మతం తెస్తే ఆ మతం వద్దు. గాంధీ జీవితమే మతం. అదే లోకానికి హితం. హిందువులు, ముస్లిం లు అందరూ మానవులే అందరూ సోదరులే అన్నారు. ఈ విధంగా కృష్ణశాస్త్రి కవిత్వంలోనే కాక జీవితం లో కూడా పరిజనులు కూడా మనుషులే అని వారికి సన్నిహితంగా మెలిగారు. కృష్ణశాస్త్రి శ్రామికుల అభివృద్ధి కి తోడ్పాడాలి అంటూ, తానూ స్వయంగా అటువంటి రచనలు చేశారు.

1941 లో స్టూడెంట్స్ ఫెడరేషన్ ఆధ్వర్యంలో విద్యార్థి మహాసభ జరిగింది. కృష్ణశాస్త్రి నిర్వాహకుల కోరిక మీద ఆకాశము నొసట పాడుచు అరుణారుణ తార అంటూ ఎర్రజెండాను కీర్తించారు. దోపిడి కి దైన్యానికి నిలయమైన ఏకాకి నిశిదిని చీల్చుకుని వచ్చే తరుణ కాంతిధార ఎర్రజెండాను యువప తాక గా, జయ ప తాక గా తల చారు. కృష్ణశాస్త్రి హాలికుడు, రిక్షావాలా, బూట్ పాలిష్ ల మీద కూడా రచనలు చేశారు. అందులో వారి సమస్యలు, వాటికి పరిష్కారాలు చెప్పలేదు. వారిలోని శ్రమ జీవన సౌందర్యాన్ని చూపారు.

ఆనాడు భారతదేశం బ్రిటిష్ వారి పాలనలో బానిస బ్రతుకు బ్రతుకుతోంది. భారతదేశ స్వేచ్ఛ కోసం చాలామంది నడుం బిగించారు. ఆనాటి కవులు స్వాతంత్ర్య పోరాటానికి ప్రజలను ఉత్సాహ పరుస్తూ ప్రబోధ గీతాలను రాశారు. కృష్ణశాస్త్రి కూడా అటువంటి గీత రచన జరగాలి అంటూ స్వయంగా తానూ ఆ రచనలు చేశారు.

సంఘ సంస్కర్త అయిన కందుకూరి వీరేశలింగం పంతులు గురించి చెబుతూ, ఆ రచన చదివి ప్రజలు ఉత్సాహ పూరితులు కావాలని కృష్ణశాస్త్రి ఆశించారు. ఆ వ్యాసంలో కృష్ణశాస్త్రి కందుకూరి వీరేశలింగం పంతులు వ్యక్తిత్వం ఎలాంటిదో చూపారు. ఆయనలో స్త్రీ పురుష ప్రకృతులు రెండూ ఉన్నాయి. అదే ఆయనను గొప్ప సంఘ సంస్కర్తగా నిలబెట్టాయి అన్నారు. ఉద్యమాలన్నీ అయనలోనే ఉన్నాయి అంటూ, ఆయన చేసిన వితంతు వివాహాలను పేర్కొన్నారు. ఆనాటి వివాహ వ్యవస్థ లోని లోపాలను కృష్ణశాస్త్రి నిరసించారు. పెండ్లి పెద్దలకు కుండలాలు వుంటాయి. పించన్నయ్యగారి పెత్తనంతో వరుడు శకట రేఫం వధువు అరసున్నగా పెండ్లి జరుగుతుంది. ఆనాడు బాలికలను ముసలి వాళ్ళకు ఇచ్చి వివాహం జరిపించడం ఇంకా ఆచారంగా మారింది. ఆ ముసలి వాళ్ళు చనిపోతే చిన్నప్పుడే బాలికలు విధవలుగా మారుతారు. ఇంక వారికి జీవితమే ఉండదు. కాబట్టి ఆ వివాహ వ్యవస్థను కృష్ణశాస్త్రి ఎదిరించారు.

సాంస్కృతిక దృక్పథం:

కృష్ణశాస్త్రి పుట్టి పెరిగింది పల్లెలో. ఆయన ఉద్యోగానికి పట్టణానికి వచ్చారు. ఆ పట్టణ వాతావరణంలో ఇమడలేక తాను పుట్టి పెరిగిన పల్లెను గుర్తు తెచ్చుకుంటూ చివరి కాలం గడిపారు. ఆయన రచనలలో కూడా ఆ ప్రభావం ఎక్కువగా కనబడుతుంది. ఆయన సాంస్కృతిక దృక్పథంలో గత స్మృతుల విచారమే అధికంగా వుంది. అంతకు మించి సమకాలీన సమాజంలో ఆచార వ్యవహారాల ఆవశ్యకత, పల్లీయ జనాల జీవన విధానంలోని లోటుపాట్లు

కనబడవు. కృష్ణశాస్త్రి పాత ఆచార వ్యవహారాలను కాపాడాలని అన్నారు. ఆయన తన రచనలలో వాటిని చూపించారు. ఏరు వాకకు పాట, పసుపు కుంకం, మంగళ హారతి ఇవ్వడం చెప్పారు. ఏరు వాకమ్మకు మబ్బుటెండ కావాలి. కాపు కర్రుచుకుని గట్టున నిలిచి ఉంటే, కొడుకు దున్నుతుంటే, పాలేరు పండించుకోవాలి. ఏరు వాకమ్మను గరిశెలందు కొత్త సిరులు నిండాలి, నట్టింటమహాలక్ష్మి నడవాలి అని కోరాలి అంటూ పాట పాడతారు.తరువాత కొబ్బరికాయ కొట్టి, పసుపు కుంకం రాస్తారు. అది పల్లెలో వర్షాకాలం ప్రారంభంలో కనిపించే ఆచారం.

కృష్ణశాస్త్రి కి తెలుగు ప్రజలన్న, తెలుగు పల్లెపట్టు లన్న చాలా ఇష్టం. రాను రాను అవి పట్టణ వాసపు పోకడలు అంటుకొని మారిపోతూ ఉన్నాయి. కాబట్టే వాటికి తన రచనలలో చోటిచ్చారు. కృష్ణశాస్త్రి తన ఊరైన చంద్రంపాలెం గురించి చెప్పుకుంటూ చివరగా పంచదార ఫ్యాక్టరీ, బస్సు, టూరింగ్ సినిమా డేరా వచ్చి ఊరు మారిపోయిందని బాధపడ్డారు.

గ్రామంలో జరిగే మోసాలను కూడా ఒక శ్రవ్య నాటికలో చూపించారు. గ్రామ పెద్ద కొండయ్య ఆ ఊరిలోని వీరమ్మ అందానికి మోజు పడ్డాడు. ఆమె అతని పాలేరు గోపయ్యను ప్రేమించింది. గోపయ్యను పని మీద ప్రక్క ఊరికి పంపించి వీరమ్మను లొంగదీసుకున్నాడు. ఆమె చనిపోయిన తర్వాత గ్రామ దేవతగా పూజ లందుకుంది. కృష్ణశాస్త్రి పల్లెలలో అందాలే కాక క్రూరత్వం కూడా ఉంటుందని గుర్తించారు. కృష్ణశాస్త్రి కి భక్తి లేదు అని కొందరు విమర్శకులు భావించారు. కాని రచనలు చూస్తే దానిని నమ్మడానికి వీలులేనట్లుగా ఉంటుంది. ఆయనకు తెలిసిన ఒక అమ్మాయి తమిళ తిరుప్పావై ను పాడేది. దానికి ముగ్ధుడై తెలుగు లో దానిని అనువదించారు. ఆ తిరుప్పావు గేయాలను ఆయన కూతురు సీత పాడేది. ఆమెను ముద్దుగా ఆండాళ్ళు అని పిలిచేవారు. ఆమె పద్దెనిమిది ఏండ్లకే జబ్బు చేసి చనిపోయింది. ఆమె స్మృతి చిహ్నంగా శ్రీ ఆండాళ్ళు కళ్యాణం అనే శ్రవ్య నాటికను రాశారు. విగ్రహారాధనను ఖండించారు. శిధిలాలయంలో శివుడు లెడు. ప్రాంగణంలో గంట లేదు.

దివ్యశంఖం గొంతు తెరవలేదు. చిత్ర చిత్రమైన పూలన్నీ ఊరినిండా పూచాయి.శిధిలాలయంలో శిలకు ఎదురుగా కునికే పూజారికి ఒకటైనా పూవు లేదు. శిధిలాలయంలో శిలను సందిట పట్టుకుని పూజారి పొంచి వున్నాడు అంటూ భగవంతుని పేరు చెప్పి పూజారి డబ్బు దోచుకుంటాడని కృష్ణశాస్త్రి చెప్పారు. విగ్రహారాధన నిరసన బ్రహ్మ సమాజంలో ఒక సూత్రం. కృష్ణశాస్త్రి తన వేమన పద్యాలలో మతాన్ని ఖండించారు. సిలువ గుండెపైన, నెలవంక తలపైన, మనస్సులో ప్రణవ మంత్రం వున్నా మతం లేని వాడి మనుగడయే మతం. మతం అనేది మనిషి ఏర్పరచుకున్నది. అందులో భేదం పాటించవద్దు అని అంటారు.

ఆధార గ్రంధాలు:

- ఎన్. నిర్మలాదేవి (1991) దేవులపల్లి కృష్ణశాస్త్రి సాహిత్యావలోకనం. సుధాంశు ప్రచురణలు, హైదరాబాద్.
- ఆవంత్స సోమసుందర్ (1981) కృష్ణశాస్త్రి కవితాతత్వం. విశాలాంధ్ర

ప్రచురణలు, హైదరాబాద్.

- జి. చెన్నయ్య (1981) కృష్ణశాస్త్రి జీవితం, సాహిత్యం. సమతా పబ్లికేషన్స్, చిత్తూరు.
- జయప్రభ (1988) భావకవిత్వంలో శ్రీ. చైతన్య - తేజ పబ్లికేషన్స్, హైదరాబాద్.

Email: sharvaniputchala@gmail.com

Mobile: 9848261522

संगम Impact Factor : 7.834
Website : www.ginajournal.com
ISSN : 2321-8037
गीना देवी शोध संस्थान द्वारा प्रकाशित बहुभाषिक–बहुविषयक शोध को समर्पित अंतर्राष्ट्रीय मासिक
AN INTERNATIONAL MULTIDISCIPLINARY MONTHLY MULTI LANGUAGE
PEER REVIEWED REFEREED RESEARCH JOURNAL
SANGAM
Vol. 13, Issue 7-8
पृष्ठ : 75–82

भारत के राजकोषीय नीति की व्यावहार्यता
Feasibility of Fiscal Policy of India

डॉ. एस. पी. भारद्वाज
प्राध्यापक - अर्थशास्त्र, भास. एम.एम.आर. पी.जी. महाविद्यालय चांपा, जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.)

विश्व में शासन प्रणालियाँ किसी भी तरह का हो जैसे अध्यक्षात्मक, संसदात्मक, राजतंत्र, तानाशाही वर्तमान में सभी प्रणालियाँ संवैधानिक परंपरा या संविधान के अधीन होते हैं। जब बात भारत की आती है तब यह देश लम्बी गुलामी के बाद 15 अगस्त 1947 को आजादी की सांस ली, और 26 जनवरी 1950 को संविधान लागू हुआ। तब स्वतंत्र सरकार द्वारा अपने आर्थिक नीतियों के तहत् राजकोशीय नीतियों का सहारा लिया गया। आर्थर स्मिथिज के शब्दो में राजकोशीय नीति वह नीति है जिसके अंतर्गत सरकार अपने व्यय एवं राजस्व कार्यक्रमों का उपयोग करके राश्ट्रीय आय, उत्पादन तथा रोजगार पर वांछनीय प्रभाव डालने की कोशिश करती है तथा अवांछनीय प्रभाव से बचने का प्रयास किया जाता है। इस तरह राजकोशीय नीति के तहत सरकार के आय, व्यय एवं ऋण के कार्यक्रम आते हैं जिसके माध्यम से अर्थव्यवस्था में आर्थिक विकास, पूर्ण रोजगार एवं आर्थिक स्थायित्व को प्राप्त किया जाता है।

राजकोशीय नीति के संबंध में परम्परागत अर्थशास्त्री (एडम स्मिथ, केने, जे.बी. से आदि) न्यूनतम सरकारी हस्तक्षेप के साथ संतुलित बजट के पक्षधर थे, वहीं आधुनिक अर्थशास्त्री प्रो. कीन्स, ए.पी. लर्नर आदि ने कार्यात्मक वित्त का समर्थन किया। कीन्स का वृहद् अर्थशास्त्र एवं आधुनिक राजकोशीय नीति के विकास पर महत्वपूर्ण योगदान है। राजकोशीय नीतियों का क्रियान्वयन उसके प्रमुख उपकरण सार्वजनिक व्यय, करारोपण, सार्वजनिक आय तथा हिनार्थ प्रबंधन के द्वारा की जाती है। बजट नीति में इन उपकरणों का समावेश रहता है। विकसित तथा विकासशील देशों में इस नीति के उद्देश्य अलग–अलग है। जहाँ विकसित देशों में इसका मुख्य उद्देश्य सतत् आर्थिक विकास, आर्थिक स्थिरता तथा पूर्ण रोजगार की प्राप्ति है वहीं विकासशील देशों में आर्थिक विकास को बढ़ावा देना, मूल्य स्थिरता, बुनियादी ढाँचे का विकास, गरीबी एवं आय की असमानता को कम करना है। भारत के इस नीति का उद्देश्य आर्थिक विकास एवं मूल्य स्थिरता, आय एवं सम्पत्ति की असमानता में कमी, भुगतान असमानता को दूर करना एवं सामाजिक कल्याण हैं। यह शोध आलेख भारत की राजकोशीय नीतियों के क्रियान्वयन अर्थात उसकी व्यावहार्यता पर आधरित है जिसमें स्वतंत्रता से लेकर अब तक 2025–26 तक के राजकोशीय नीतियों पर समीक्षात्मक अध्ययन करने का प्रयास किया गया है। शोधपत्र द्वितीयक समंक पर आधारित है। आकड़ों में वर्शानुसार ''अनुपात एवं वास्तविक'' में कुछ अंतर हो सकता है। राजकोशीय नीति का

क्षेत्र वि ाल है जिसे इस अध्ययन में सार रूप में समझने का प्रयास किया गया है।

राजकोशीय नीति के उपकरण :-

राजकोशीय नीति के प्रमुख बिन्दू इनका उपकरण (यंत्र) है जिसके माध्यम से सरकार मजबूत आर्थिक लक्ष्य को प्राप्त करता है। राजकोशीय उपकरण के बगैर दे ा की मजबूत आर्थिक स्थिति की कल्पना नहीं की जा सकती। इस संदर्भ में राजकोशीय नीति के प्रमुख उपकरण निम्नलिखित है।

(1) सार्वजनिक व्यय (2) कराधान

(3) सार्वजनिक ऋण (4) हिनार्थ प्रबंधन

भारत सरकार के राजकोशीय नीति की व्यावहार्यता :-

सरकार द्वारा विविध आर्थिक उद्दे यों को प्राप्त करने के लिए राजकोशीय उपकरणों का उपयोग किया जाता है। जब राजकोशीय नीतियों का बजट द्वारा अनुप्रयोग किया जाता है तब व्यावहार्यता की स्थिति उत्पन्न होती है।

भारत सरकार के राजकोशीय नीतियों के क्रियान्वयन को बजट द्वारा समझा जा सकता है बजट से हमें प्राप्तियाँ, व्यय तथा ऋण की जानकारी मिल जाती है। भारत में आर्थिक विकास के कार्यक्रमों को पंचवर्शीय योजना के माध्यम से प्राप्त करने का प्रयास किया गया है। अब तक दे ा में 12 पंचवर्शीय योजना 1951 से 2017 तक लागू की गई। 2014 में योजना आयोग को समाप्त कर 01 जनवरी 2015 को नीति आयोग का गठन कर योजनाएं संचालित है।

प्रथम पंचवर्शीय योजना 1951–56 में आजादी के बाद दे ा का पुर्ननिर्माण करना था इसमें कृशि को प्राथमिकता दी गई। द्वितीय योजना में उद्योग को, तृतीय 1961–1966 में पुनः कृशि। सन् 1962 में भारत–चीन युद्ध के चलते रक्षा व्यय को बढ़ाया। चौथी योजना 1969–74 इंदिरा गाँधी की सरकार द्वारा 14 बैंको का राश्ट्रीयकरण किया गया इसी बीच 1971 में भारत–पाक युद्ध हुआ और बांग्लादे ा आजाद हुआ। 1989–91 आर्थिक अस्थिरता का दौर था, जिसके चलते 1991 में नई आर्थिक सुधार की नीति अपनाई गई जिसमें निजी क्षेत्र को बढ़ावा, उदारीकरण तथा वि व व्यापीकरण को बल मिला। आज दे ा खुलेपन की राह पर चल रही है, जिससे निजी क्षेत्र को बढ़ावा मिल रहा है। अब तक के सरकार के राजकोशीय नीतियों को निम्नानुसार अलग–अलग तालिका के द्वारा समझने का प्रयास करेंगे।

तालिका क्र. 01

विभिन्न योजनाओं में विकास दर (GDP **का % में**)

योजना	कार्यकाल	लक्ष्य	प्राप्ति	योजना का प्रमुख उद्दे य
I	1951-1956	2.1	3.6	विभाजन प चात अर्थव्यवस्था का पुर्ननिर्माण
II	1956-1961	4.5	4.27	तेजी से औद्योगीकरण
III	1961-1966	5.6	2.4	खाद्य उत्पादन में आत्मनिर्भर
IV	1969-1974	5.7	3.3	आत्मनिर्भर एवं स्थिरता के साथ विकास
V	1974-1978	4.4	4.8	गरीबी उन्मूलन एवं न्याय
VI	1980-1985	5.0	6.1	जनसंख्या नियंत्रण, परिवार नियोजन

VII	1985-1990	5.0	3.7	सामाजिक न्याय के साथ उत्पादकता बढ़ाना
VIII	1992-1997	5.6	6.8	जनसंख्या, गरीबी, बेरोजगारी में सुधार
IX	1997-2002	7.1	6.8	नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में मानव संसाधन का विकास
X	2002-2007	8.0	7.6	विकास प्राप्ति एवं गरीबी दूर करना
XI	2007-2012	9.0	8.0	तीव्र और समावे ाी विकास
XII	2012-2017	8.0	7.0	समावे ाी और धारणीय विकास

कोई भी स्थिर सरकार अपने दे ा के जनता को खु ाहाल देखना चाहती है यही वजह है कि भारत सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं में लक्ष्य निर्धारित कर उसे प्राप्त करने का प्रयास किया। ऊपर के विवरण से स्पश्ट है कि सरकार के लक्ष्य अनुरूप लगभग विकास दर की प्राप्ति हुई है। प्रथम, द्वितीय, चौथी, छठवी, आठवी योजना में लक्ष्य से अधिक विकास दर की प्राप्ति हुई, भोश योजनाओं में कमोवे ाी अन्तर है। योजना के उद्दे य के अनुरूप राजकोशीय नीति का संचालन करना होता है। अतः विभिन्न योजनाओं में अलग–अलग उद्दे य रखे गये। कुल मिलाकर दे ा विभाजन अर्थात् स्वतंत्रता प चात् दे ा की सरकार अर्थव्यवस्था की पुर्ननिर्माण एवं आर्थिक स्थिरता व विकास के साथ सामाजिक न्याय, गरीबी दूर करना, तीव्र समावे ाी और धारणीय विकास में लगी हुई है और तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था की ओर अग्रसर है।

तालिका क्र. 02

भारत सरकार की प्राप्तियाँ एवं व्यय

वर्श	प्राप्तियाँ	व्यय	आय–व्यय का अन्तर (करोड़ रूपये में)	आय–व्यय का अन्तर (प्रति ात में)
1990-91	54954	98272	-43318	78.8%
2001-02	201306	362310	-151004	79.9%
2007-08	486422	680521	-194099	39.9%
2020-21	2020926	2630145	-609219	30.1%
2022-23	2283713	3944909	-1661196	72.4%
2023-24	2716281	4503097	-1786816	65.7%
2024-25	3207200	4820512	-1613312	50.3%
2025-26 (अनुमान)	3496000	5065000	-1569000	44.8%

स्त्रोत – केन्द्रीय बजट राश्ट्रीय पोर्टल।

केन्द्र सरकार को प्राप्तियाँ मुख्य रूप से कर राजस्व और गैर कर राजस्व से आती है। इसके अलावा पूँजीगत प्राप्तियाँ भी होती है। इसी तरह केन्द्र योजना एवं गैर योजनागत मद पर व्यय करती है। अर्थात् रक्षा, ि ाक्षा, स्वास्थ्य, बुनियादी ढांचा, सामाजिक कल्याण, अनुदान, ब्याज भुगतान, सब्सिडी, राज्यों का हस्तांतरण आदि क्षेत्रों में व्यय करती है। तालिका से स्पश्ट है कि विभिन्न वर्शो में प्राप्तियाँ एवं व्यय में अंतर है। प्राप्तियों में लगातार बढ़ौत्तरी हो रही है साथ ही व्यय में भी। चूंकि सरकार को विकास एवं आव यक क्षेत्रों में व्यय करने होते है।

अतः सरकार की व्यय में लगातार वृद्धि हुई है। इन विभिन्न वर्शो में आय–व्यय का अंतर न्यूनतम 30% से अधितम 79.9% रहा है। इन अधिक व्यय की पूर्ति सरकार ऋण अथवा हिनार्थ प्रबंधन से करती है।

तालिका क्र. 03 (अ)

भारत सरकार का सार्वजनिक ऋण

वर्श	GDP का % में
1990-91	70.0
2005-06	81.0
2010-11	66.4
2018-19	75.0
2020-21	88.5
2021-22	84.0
2022-23	81.0
2023-24	82.0
2024-25	82.4 (अनुमान)

स्त्रोत :– संस्कृति–सार्वजनिक ऋण की समस्या।

तालिका क्र. 03 (ब)

भारत सरकार का सार्वजनिक ऋण (लाख करोड़ रूपये में)

वर्श	आंतरिक ऋण	बाह्य ऋण	कुल ऋण
2019-20	83.19	29.9	113.09
2020-21	102.98	38.8	141.78
2021-22	119.01	43.93	162.94
2022-23	135.66	49.31	184.97
मार्च 2024	111.49	57.49	168.72
मार्च 2025	112.87	53.70	166.57
2025-26 वित्तीय वर्श	-	-	14.82

विकास ील दे ा की सरकार को राजकोशीय घाटे की पूर्ति के लिए ऋण का सहारा लेना आव यक हो जाता है क्योंकि सरकार को न केवल विकास मद पर खर्च करने होते है अपितु रक्षा एवं सामाजिक कल्याण, प्रतिकुल भुगतान संतुलन के क्षेत्रों में भी भारी मात्रा में रा ि ा खर्च करने होते हैं। तालिका क्र. 03 (अ) विभिन्न वर्शो में केन्द्रीय सरकार के ऋण को जी.डी.पी. के प्रति ात के रूप में बताया गया है। केन्द्रीय सरकार का ऋण 1990–91 में 70.0%, 2010–11 में 66.4%, 2020–21 में 88.5% तथा 2024–25 में 82.4% अनुमानित है।

इसी तरह सरकार के सार्वजनिक ऋण को रूपये में बताया गया है। तालिका अनुसार यहां 2019–20 में 113.09 लाख करोड़ रू., 2022–23 में 184.97 लाख करोड़ रू. एवं मार्च 2025 में सरकार का कुल ऋण 166.57 लाख करोड़ रू. थी। सरकार द्वारा वित्तीय वर्श 2025–26 में 14.82 लाख करोड़ रू. ऋण लेने का अनुमान है।

वैसे सरकार द्वारा 1951 से ही ऋण लिया जाता रहा है। वह ऋण अनाज आयात के लिए था। अर्थ ाास्त्रियों ने अनुमान लगाया है कि ऋण से सकल घरेलू उत्पाद का 60% से अधिक नहीं होना चाहिए, जो इस सीमा से अधिक है। अंतर्राश्ट्रीय मुद्रा कोश के रिपोर्ट के अनुसार भारत का सरकारी खर्च 2028 तक जी.डी.पी. का 100% पहुंच सकता है। रिजर्व बैंक ने अनुमान लगाया है कि सरकार को कर्ज से फिलहाल कोई खतरा नहीं है। एक अनुमान के अनुसार 1947 से 2014 तक पूर्ववर्ती सरकार द्वारा जितना ऋण लिया गया है उससे 05 गुना अधिक वर्तमान सरकार द्वारा 2014 से 2023 तक में लिया गया है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के जून 2025 की फाइनें ियल स्टेबिलिटी रिपोर्ट के अनुसार हर भारतीय पर 4.8 लाख रूपये का कर्ज है। जो भी हो सार्वजनिक ऋण की मात्रा को कम किया जाना आव यक है।

तालिका क्र. 04

घाटे की वित्त व्यवस्था (हिनार्थ प्रबंधन) (करोड़ रूपये में)

योजना	वर्श	अनुमान	वास्तविक
I	1951-1956	290	420
II	1956-1961	1200	1450
III	1961-1966	550	1150
IV	1969-1974	850	2625
V	1974-1978	-	1354
VI	1980-1985	5000	5000 से अधिक
VII	1985-1990	14000	25034
-	1990-1991	7206	11347
31 मार्च 2022	WMA सीमा	-	51560
2025–26	WMA सीमा	-	150000

प्राचीन काल में हिनार्थ प्रबंधन का कोई महत्व नहीं था। 1930 के मंदी के बाद विकसित दे ाों में इसका प्रयोग एवं 1937 में कींस के विचारधारा से इसको ज्यादा बल मिला। भारत में इसका उपयोग प्रथम पंचवर्शीय योजना से ही प्रारंभ हो गया था। तालिका क्र. 03 से स्पश्ट है कि सरकार द्वारा प्रत्येक पंचवर्शीय योजना में हिनार्थ प्रबंधन का सहारा लिया गया। प्रथम योजना में 420 करोड़, पांचवी में 1354 करोड़ और सातवी योजना में 25034 करोड़ का हिनार्थ प्रबंध किया गया। प्रथम योजना में इससे मूल्यों में कोई वृद्धि नही हुई लेकिन द्वितीय योजना से मूल्यों में वृद्धि (मुद्रा स्फीति) दिखाई देने लगी। चतुर्थ योजना के समय 1965 तथा 1971 में भारत–पाक युद्ध के चलते भी मुद्रा स्फीति में व द्धि हुई। विदित हो 31 मार्च 1997 से हिनार्थ प्रबंधन की नीति को समाप्त कर अर्थोपाय अग्रिम WMA (Ways and means Advance) का सहारा लिया जा रहा है। यह रिजर्व बैंक ऑफ इण्डिया द्वारा केन्द्र सरकार को दी जाने वाली एक अस्थाई एवं अल्पकालिक ऋण है, जो सरकार की प्राप्तियों और भुगतान के बीच नकदी प्रवाह में अस्थायी अंतर को पूरा करने के लिये दिया जाता है। अब तक के आर्थिक आकड़े स्पश्ट करते हैं कि हिनार्थ प्रबंधन से मुद्रा स्फीति को बढ़ावा मिला है। इसे एक स्थायी ऋण नीति के रूप में नहीं अपनाया जाना चाहिए और अर्थोपाय अग्रिम की सीमा भी अधिक न हो। सन् 2025–26 में अर्थोपाय

अग्रिम की सीमा 150000 करोड़ रूपये रखी गई है।

तालिका क्र. 05

राजकोषीय घाटा (GDP का % में)

वर्श	प्रति ात	रिमार्क
1951-52	-	92 लाख रू. का अधि ोश
1965-66	-	395 करोड़
1970-71	4.8	1579 करोड़
1980-81	6.0	-
1990-91	8.9	-
2000-01	5.1	-
2009-10	5.2	-
2020-21	3.5	-
2021-22	4.4	-
2022-23	6.4	16.61 लाख करोड़
2023-24	5.9	-
2024-25	4.8	-
2025-26	4.4	-

स्त्रोत :– लेखा महानियंत्रक और बजट डाटाबेस (2021–22 से 2025–26 भोश अन्य से)

राजकोशीय नीति की कमियों को समझने के लिए राजकोशीय घाटा को जानना आव यक है। राजकोशीय घाटा का अर्थ सरकार के कुल खर्च और कुल प्राप्तियों (उधार को छोड़कर) के बीच का अन्तर है। जब सरकार अपनी आय से अधिक व्यय करती है तब उसे राजकोशीय घाटा कहा जाता है। तालिका क्र. 04 से स्पश्ट है कि 1951 में सरकार का राजकोशीय अधि ोश 92 लाख का था जो सरकार की विवके ीलता, मूल्य नियंत्रण, प्र ाासनिक खर्चो में कटौती आदि के कारण था लेकिन आगे के वर्शो में राजकोशीय घाटा में लगातार वृद्धि हुई है। 1965–66 में राजकोशीय घाटा 395 करोड़ था। भोश वर्शो का GDP का प्रति ात में द ार्शाया गया है।

वर्श 1990–91 में अर्थव्यवस्था डॉवाडोल होने के कारण घाटा 8.91% था वहीं 2024–25 में 4.8 तथा 2025–26 में 4.4% अनुमानित है। यह राजकोशीय घाटा कर संग्रह में धीमी वृद्धि, प्रतिकूल भुगतान संतुलन, रक्षा तथा सब्सिडी में अधिक व्यय आदि के कारण है। विदित हो दे ा में राजकोशीय घाटे का सुरक्षित स्तर सकल घरेलू उत्पाद का 3% तक सीमित रखने का प्रावधान किया गया है। इस अर्थ में घाटा को लगभग 1.5% और कम करने होंगे।

निश्कर्श एवं सुझाव :-

जैसे ही दे ा 15 अगस्त 1947 को अपने स्वतंत्र अस्तित्व में आया, जर्जर हुई दे ा की अर्थव्यवस्था को आर्थिक आयोजनों (पंचवर्शीय योजना) के द्वारा सवारने में लग गये। सरकार द्वारा राजकोशीय नीति को बजट नीति द्वारा अमली जामा पहनाया गया। बजट में प्राप्तियाँ, व्यय, ऋण के अलावा हिनार्थ प्रबंधन के आंकड़े हैं।

[3] उ.रा., 3.1

मानमर्दनं दर्शयति तदा रामः तद्विषयमपसारयन् कथयति - **अयि वत्स ! बहुतरं द्रष्टव्यमन्यतो दर्शय**[1] तदा सीता तस्य विनयं दृष्टवा वदति - **सुष्ठु शोभते एतेन विनयमाहात्म्येन।** एवमेव क्षमाभावोऽपि पूरितोऽस्ति तस्य मनसि। यदा लक्ष्मणः कैकय्याः कारणात् प्राप्तं वनवासदृश्यं दर्शयति तदापि रामः विषयान्तरं निर्मापयति। तदा लक्ष्मणः कथयति - **अये मध्माम्बावृत्तमन्तरितमार्येण**[2]**।** सीता परित्यागानन्तरं वासन्ती तमुपालम्भं करोति परं ते शान्तमनसा स्वदोषं स्वीकुर्वन्ति।

- **<u>उपसंहार :</u>**

वयमत्र पश्यामो यत् भवभूते उत्तररामचरितस्य रामः वस्तुतः मानवजीवनसम्बन्धीन् सर्वान् व्यवहारान् सर्वोत्तमरूपेण पालनस्य सन्देशं ददाति। समस्तेऽपि भूमण्डले तत्सममपरं चरित्रं दुर्लभमस्ति। आदिकविना वाल्मीकिना प्रोच्यते रामस्य विषये - **स च सर्वगुणोपेतः कौशल्यानन्दवर्धनः। समुद्र इव गाम्भीर्ये धैर्येण हिमवानिव॥**[3]

वयं रामस्य जीवने सम्यकतया दृष्टिपातं कुर्यामश्चेत्तर्हि कुत्रापि अपूर्णता न दृश्यते। यस्मिन् समये यादृशं कर्म करणीयं तस्मिन्समये तादृशमेव विहितं रामेण। रामः खलु रीति-नीति-प्रीतीत्यादि सर्वं जानाति। सत्यमेव रामस्य जीवनं सदैव मानवसमाजाय प्रकाशस्तम्भरूपेण पथप्रदर्शको भविष्यसि।

सन्दर्भग्रन्थसूची :

1. भवभूतिकृत उत्तररामचरितं सँशोधनसहितं संस्कृतपाठः, Sri Balamanorama Press, द्वितीयसंस्करणम्,संवत्सरः-1962, पृष्ठसंख्या-492 पृष्ठाः।
2. विरराघवाचार्य टीकासहितम्, संशोधकाः- टी.आर.रत्नम्ङ् अय्यर्, काशीनाथपांडुरंग परब्, प्रकाशकः,Tukaram Javaji, Nirnaya Sagara Press, संवत्सरः-1903।
3. भाट्जीशास्त्रीघटे कृतः- **भाट्जीशास्त्रीघटः**, "The Uttara Rama Charita of Bhavabhuti, with Sanskrit commentary by Bhatji Shastri Ghate

[1] उ.रा., 7.6

[2] तदेव, पृ. सं. - 35

[3] वा.रा. - बालकाण्डः, 1.16

of Nagpur" प्रकाशनम्- प्रथमसंस्कृतटीकासहितं संस्करणं, (Tukaram Javaji, Nirnaya-Sagara Press, 1903)।

4. नारायणभट्टकृतः भाष्यः, नारायणभट्टशिष्यः नारायणः, संपादकः शंकररामशास्त्री, प्रकाशनम्- १९३२ ई., इंटरनेट-आर्काइव् आधारितम् संस्करणम्।

5. विरराघवटीका संहितं प्राचीनसम्पादनम्- **Uttararāmacarita: Edited with the commentary of Viraraghava; various readings...,** प्रकाशकः Motilal Banarsidass International, ISBN- 9788120805200 (६ठा पुनर्मुद्रणम्- २०१६ ई.)।

6. महर्षिः वाल्मीकिविरचितम्, **वाल्मीकिरामायणम्,** गीताप्रेस गोरखपुरम्, संवत्- २००९ वि.।

7. रामचरितमानसस्य संस्कृतरूपान्तरणम्, तुलसीदासकविना रचितस्य रामचरितमानसस्य संस्कृतभाषायां रूपान्तरणम्, सम्पादकः- डॉ. रामानन्दः शर्मा, चौखम्भा विद्याभवनम्, वाराणसी, संवत्- १९९५।

संगम Impact Factor : 7.834
Website : www.ginajournal.com
गीना देवी शोध संस्थान द्वारा प्रकाशित बहुभाषिक–बहुविषयक शोध को समर्पित अंतर्राष्ट्रीय मासिक
AN INTERNATIONAL MULTIDISCIPLINARY MONTHLY MULTI LANGUAGE PEER REVIEWED REFEREED RESEARCH JOURNAL
ISSN : 2321-8037
SANGAM
Vol. 13, Issue 7-8
पृष्ठ : 169-172

हिन्दी आदिवासी काव्य में विस्थापन का दर्द

मनीषा देवी
डिप्टी सुपरीटेंडेंट, छोटूराम शिक्षा महाविद्यालय, रोहतक।

आदिवासी इस धरती का मूल निवासी है। उनका अपना भव्य इतिहास है। आदिवासी समाज अपने आप में वि ाष्ट है, उनका अपना रहन–सहन, रीति–रिवाज, नाच–गान आदि अन्य समाज से बिल्कुल भिन्न है। इन सारी वि ोशताओं के बावजूद सभ्य समाज उसे स्वीकार करने को तैयार नहीं है, वह आज भी उन्हें मनुश्य के रूप में स्वीकार नहीं कर रहा है, यही कारण है वह आज दूर–दराज जंगलों में रहने पर लाचार है। सभ्य समाज उनका सामाजिक–नैतिक भाोशण करने से अभी तक बाज नहीं आया। आदिवासी समाज आजादी के पूर्व और आजादी के बाद भी अपने अस्तित्व के लिए संघर्श कर रहा है।

आदिवासी समाज पिछली कई सदियों से विना ा की त्रासदी झेलता रहता है। भारत सरकार ने विकास के पक्ष में बड़ी–बड़ी दलीलें देकर आम जनता को भ्रमित करने का प्रयास किया है। परन्तु विकास और विना ा की प्रक्रियाओं तथा उसके तुलनात्मक वि ोशण से विकास की अपेक्षा विना ा की कहानी ही प्रमाणित होती है। विकास के नाम पर आदिवासियों की जो स्थिति हुई उसका वर्णन करते हुए मैथ्यू अरीपरम विल ने लिखा है – ''अब तक हम यही देख रहे थे कि आदिवासियों को अपने जंगल को अधिकारों एवं परम्परागत गाँवों से जबरन हाथ धोना पड़ा है। यह सब हुआ 'राश्ट्रहित' के नाम पर जिसका लाभ मात्र प्रभावी वर्ग की आय के लिए जंगल एक बना–बनाया स्त्रोत बन गया। उन्हें जंगल के चीर हरण के लिए सस्ते मजदूरों की एक वि ाल सेना की भी जरूरत थी। आदिवासियों को जो अब तक अभाव ग्रस्तता की हद से भी गिर चुके थे, सस्ता मजदूर का रोल ग्रहण करना पड़ा। जिस जंगल के वे स्वामी थे, उसी जंगल में अपनी ही जमीन कुली बनकर खटने पर मजबूर होना पड़ा।''[1] जिस जंगल, जमीन एवं जल पर आदिवासियों का अधिकार था, उसी से उन्हें बेदखल होना पड़ा। विकास के नाम पर उनका विना ा किया गया। यही कारण है कि कई आदिवासी कवियों की कविताओं में विस्थापन की समस्याओं को मूल रूप में उभारने का प्रयास किया गया है। प्रभु नारायण मीणा की, 'ये किसने आग लगाई' कविता में विकास के नाम पर आदिवासियों का जो विना ा किया गया है वह दिखाया गया है–

''औद्योगीकरण व विकास के नाम पर
विस्थापन तेरा हुआ
जल, जंगल, जमीन गई
तू मूल निवासी बेसहारा हुआ।''[2]

विस्थापन के ि ाकार आदिवासी अपने जीवनयापन के लिए दर–दर भटकने पर मजबूर हो गये हैं।

सरकारी योजनाओं के नाम पर उन्हें धोखा दिया जा रहा है। पुनर्वास को लेकर आज तक कोई ठोस काम नहीं किया गया। बेबस एवं लाचार आदिवासी समाज सदियों से आज तक मर–मर कर जी रहा है।

आदिवासी समाज जहाँ पला–बढ़ा, स्वाभाविक रूप से उस स्थल के प्रति उन्हें वि ोश लगाव रहता है। हरे–भरे जंगलों में स्वच्छंदतापूर्वक विचरना उनका अपना स्वभाव होता है। परन्तु विकास के नाम उनका अपना प्यारा जंगल आँखों के सामने उजड़ता देखकर उनको जो पीड़ा पहुँची होगी, उसे कौन समझ सकता है। उनके इस दर्द का वर्णन करते हुए महादेव टोप्पों ने अपनी कविता 'नाज का जंगल' में लिखा है–

''वीराना होते, उजड़ते जंगल
कटते पेड़ प्रदूशण का जाल फैला।
बादल उड़ा।
उड़ गई बारि ा भी
भाग रहे हैं जानवर,
एक जंगल से दूसरे जंगल।
बचपन का मेरा,
मेरा वी क्रीड़ा स्थल नहीं है
अब वैसा जंगल।''[3]

उजड़ते हुए जंगलों को देखकर प्रकृति प्रेमी आदिवासी समूह का दर्द भला कौन समझ सकता है। जबरदस्ती उन्हें उनके स्थल से, घरों से खदेड़ दिया जा रहा है। महादेव टोप्पो ने 'नाज का जंगल' कविता में लिखा है –

''खड़कती हैं जूतों की आवाज़,
सुखी पत्तियों पर छाया है
आतंक का साम्राज्य चहुं ओर।''[4]

औद्योगीकरण एवं सिंचाई परियोजनाओं, पावर स्टे ान के निर्माण के लिए सरकार ने निजी व सरकारी संस्थानों के लिए भारी मात्रा में जमीनों का अधिग्रहण किया, जिसके कारण लाखों आदिवासियों को विस्थापित बना दिया है। विस्थापन पीड़ा को दिल में लिए आदिवासी समाज आज भी दर–दर भटक रहा है। विस्थापन के कारण आदिवासियों का पारिवारिक जीवन छिन्न–भिन्न हो गया है। विस्थापन के दर्द का वर्णन करते हुए डॉ० मंजु ज्योत्सना ने अपनी कविता 'विस्थापित का दर्द' में लिखा है–

''आऊँगा अगले वर्श कहा था
बेटे ने बार–बार कहने के बावजूद।
पिछले कई वर्शों से आया नहीं था।
ि ाकायत है उसे अपने गाँव में
पला ा के फूल नहीं रहे
सरई के वन नहीं रहे।''[5]

अतः विस्थापन के कारण अपनों से बिछड़ने का दर्द भी उनके लिए असहाय बन पड़ा है।

आदिवासियों को विस्थापित करने के समय बड़े–बड़े वचन दिये जाते हैं, जिससे भोला–भोला आदिवासी उनके बहकावे में आ जाते हैं। जब उसे पता चलता है कि उनके साथ छलावा हुआ है, तब तक बहुत देर हो चुकी थी। प्रभु नारायण मीणा ने अपनी कविता 'ये किसने आग लगाई' में लिखा है –

''लूटा है चालाकी से,
एजेन्ट अभिजात तुममें से बनकर,
उनके जरिये तुझे खरीदा,
प्रतिनिधि का झुन–झुना थमाकर।
अब तो जग,
मत रह अपने अभिजातों के वि वास में।''[6]

अतः अनपढ़ साफ दिल आदिवासी हर तरह से लुटा गया। वह चाहे सामाजिक हो या आर्थिक एवं नैतिक। हर तरह से उनका भाोशण किया गया है, प्रभु नारायण मीणा ने अपनी 'आदिवासी महिला' कविता में विस्थापित हुई महिला की व्यथा है।

''क्या बिगाड़ा हमने,
जो विस्थापन हमारा हुआ
गये खेत खलियान हमारे
विकास ओरों का हुआ,
फिरती डोलू जंगल जुगल,
नहीं मंगल की आ ाा,
बेबस लाचार जीवन,
टूट गई जीवन आ ाा।।''[7]

सभ्य समाज के विकास के नाम पर आदिवासियों का विना ा किया जा रहा है। आदिवासियों को उनके घर से निकाल दिया जाता है, जिसके कारण उन्हें दर–दर भटकना पड़ता है।

राजनेताओं, मिल मालिकों, सभ्य व्यक्तियों द्वारा मानवता को भूलकर आदिवासियों का भाोशण किया गया है। उनकी बस्तियों में जा–जाकर नेताओं ने उनके साथ छलावा किया है। पुनर्वास का वि वास दिलाकर उनका सब कुछ लूट लिया गया है। सरकारी योजना मानो केवल आदिवासियों को विस्थापित करने के लिए बनाई गई है। प्रभु नारायण मीणा ने लिखा है –

''ना काफी सरकारी योजना,
नही पुनर्वास की नीति,
चारों तरफ भाोशण है,
वोकट बटोरू है राजनीति।
हमारे नाम लाखों हड़पे,
एनजीओ से भी नहीं आ ाा,
बेबस लाचार जीवन,

टूट गई जीवन आ ा।।''[8]

आदिवासी अनपढ़ जरूर हैं, परन्तु उनके साथ होने वाला छलावा वे अच्छी तरह से समझ सकते हैं। विस्थापन के कारण उनका अपना जीवन इतना प्रभावित हुआ है कि जीवन उन्हें बोझ लगने लगा है।

विस्थापन के आदिवासियों के समूह समाप्त हो गए हैं। विस्थापित होते ही आदिवासियों का लंबा इतिहास, उनकी अपनी भव्य सभ्यता एवं संस्कृति सबका विना ा हो गया है। आदिवासियों को ऐसी अवस्था में दफना दिया गया है कि उन तक आ ा की कोई किरण नहीं पहुँच पायेगी। उनका अपना परम्परागत जीवन देखते ही देखते तबाह हो गया। आजीविका का कोई साधन उनके पास नहीं बचा। पेट की आग बुझाने के लिए कभी न किया हो ऐसा काम करने पर वे लाचार हो गये हैं। हरिराम मीणा ने 'सड़क–मजदूरों को देखकर' नामक कविता में लिखा है –

''जंगलों से खेदेड़े और बस्तियों से भगाए हुए वे
अनजान रास्तों की धूल फाँकते–फाँकते,
बहुत रियाज के बाद,
आखिर हो ही गए थे,
माहिर सड़क बनाने में।।''[9]

अतः विस्थापन के कारण हंसता–खेलता जीवन बर्बाद हो गया। स्वच्छंदतापूर्वक जंगल में विचरने वाला समूह भाहरों की गंदी सड़कों पर रेंगने को मजबूर हैं। जहाँ उनका न केवल भाारीरिक भोशण हुआ, बल्कि नैतिक एवं सामाजिक भोशण भी किया गया।

अतः निश्कर्श के रूप में कहा गया है कि विस्थापन के पहले जिन्हें आदिवासी होने का गर्व था, वही आदिवासी आज लाचार एवं बेबस होकर जी रहे हैं।

संदर्भ :-

1. आदिवासी विकास से विस्थापन, सं० रमणिका गुप्ता, पृश्ठ 104
2. अरावली उद्घोश, सं० वी० पी० वर्मा, आदिवासी कविता, अंक–81, सितम्बर 2008, पृश्ठ 25
3. वही, पृश्ठ 27
4. वही।
5. वही, पृश्ठ 10
6. वही, पृश्ठ 17
7. वही, पृश्ठ 26
8. वही, पृश्ठ 26
9. सुबह के इंतजार में काव्य संग्रह, हरिराम मीणा, सड़क–मजदूरों को देखकर, संस्करण 2008, पृश्ठ 15

संगम Impact Factor : 7.834
Website : www.ginajournal.com
ISSN : 2321-8037
गीना देवी शोध संस्थान द्वारा प्रकाशित बहुभाषिक–बहुविषयक शोध को समर्पित अंतर्राष्ट्रीय मासिक
AN INTERNATIONAL MULTIDISCIPLINARY MONTHLY MULTI LANGUAGE
PEER REVIEWED REFEREED RESEARCH JOURNAL
SANGAM
Vol. 13, Issue 7-8
पृष्ठ : 173–179

ग्रामीण महिलाओं पर परिवार कल्याण कार्यक्रम का प्रभाव

डॉ. विजेता सिंह
शोधार्थी, स्नातकोतर समाजशास्त्र विभाग
वीर कुँवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा (बिहार)

शोध सारांश :–

ग्रामीण समाज कि महिलाओं पर परिवार कल्याण कार्यक्रम की स्थिति अभी संतोषजनक नहीं कही जा सकती। स्वतंत्रता के उपरांत स्वास्थ्य राज्यों की सूची का वि ाय रहा है। राजनैतिक एवं आर्थिक बाधाओं के कारण राज्य अपने इस उत्तरदायित्व का निर्वहन भली प्रकार नहीं कर सके। पिछले दो दशकों में स्वास्थ्य के क्षेत्र में भारत की प्रगति संतोषप्रद रही है क्योंकि इस अवधि में स्वास्थ्य के क्षेत्र में निजी क्षेत्र तथा केन्द्र सरकार ने सार्थक भूमिका निभाई है। परिवार नियोजन कार्यक्रम की प्रसार शिक्षा इकाई को अभी तक पूर्णरूपेण से विकसित नहीं किया जा सकता है। यद्यपि स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्रालय एवं सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा परिवार नियोजन एवं परिवार कल्याण कार्यक्रम के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने के लिए इनमें संबंधित विषयों पर विभिन्न कार्यक्रम एवं सूचनाएँ प्रसारित किए जाते हैं, इसके लिए समाचार पत्र, पत्रिकाएँ, दूरदर्शन, रेडियो, पोस्टर, भित्ति लेखन आदि साधनों का प्रयोग किया जाता है। फिल्म डिवीजन ने भी इस विषय पर कई फिल्मों का निर्माण किया है। वर्तमान में दूरदर्शन का इस उद्देश्य से प्रभावी प्रयोग किए जा रहे हैं। इन सभी समस्याओं को ध्यान में रखते हुए इस शोध के आलेख का उद्देश्य बनाया गया है। अध्ययन के उपरांत यह समझने में सहायता मिलेगी कि ग्रामीण महिलाओं में परिवार कल्याण कार्यक्रमों के प्रति जागरूकता क्या स्थिति है।

कीवर्ड :– ग्रामीण महिलाएं, परिवार कल्याण कार्यक्रम, स्वास्थ्य, सरकारी योजनाएं।

भूमिका :–

परिवार कल्याण कार्यक्रम की उपयोगिता भारतीय परिप्रेक्ष्य में एक महत्वपूर्ण स्थान रखती है, क्योंकि प्रतिदिन सैकड़ों बच्चों का आगमन चिन्ता का विषय बना हुआ है। यदि जन्म दर में कमी नहीं लाई गई तो देश में जनसंख्या के ज्वालामुखी का भयंकर विस्फोट को लाई गई तो देश में जनसंख्या के जनसंख्या ज्वालामुखी का भयंकर विस्फोट को टाला नहीं जा सकेगा और आर्थिक, सामाजिक, नैतिक, राजनीतिक, स्वास्थ्य और सुप्रजनन

से जुड़े पक्ष अविकसित रह जायेंगे। भारतीय परिप्रेक्ष्य में स्वास्थ्य व परिवार कल्याण के मार्ग में आज धार्मिक, नैतिक, सामाजिक एवं आर्थिक बाधाएँ अवरोध उत्पन्न कर रही हैं। आवश्यकता है स्वास्थ्य वर परिवार कल्याण कार्यक्रम की उपयोगिता को उजागर करने व इसके अवरोधक तत्त्वों को उद्घाटित करने की। वर्तमान अध्ययन इसकी पूर्ति का एक प्रयास है।

स्वास्थ्य किसी भी देश के सम्पूर्ण सामाजिक व आर्थिक विकास का एकीकृत अंग है। स्वस्थ व्यक्ति न केवल शारीरिक व मानसिक रूप से वरन् सामाजिक–सांस्कृतिक व आर्थिक रूप से भी स्वयं को अच्छा महसूस करता है। स्वस्थ व्यक्ति उचित व्यवहार व सामाजिक समायोजन करता है। स्वास्थ्य को आधारभूत मानव अधिकार की संज्ञा प्रदान की गयी है। इसका तात्पर्य यह है कि राज्य का यह दायित्व है कि अपने नागरिकों को स्वास्थ्य संरक्षण प्रदान करें। आधुनिक राज्य स्वास्थ्य संरक्षण के दायित्व को जिन विविध तरीको से निर्वाह कर रहा है उनमें से एक प्रमुख प्रविध प्राथमिक स्वास्थ्य संरक्षण सेवा के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र के निवासियों के चिकित्सकीय एवं स्वास्थ्य की दशाओं को उन्नत बनाना है। भारत में यह कार्य अत्यन्त व्यापक रूप से किया जा रहा है।[1] रोग तथा स्वास्थ्य में जहाँ शारीरिक विशेषता महत्वपर्ण है वहीं उसमें सांस्कृतिक एवं सामाजिक वास्तविकता भी अन्तर्निहित है। रोग की उत्पत्ति की प्रक्रिया यद्यपि प्राकृतिक एवं शारीरिक हो सकती है किन्तु उसके प्रसार अथवा फैलाव में एवं व्यक्ति की रोगग्रस्तता की स्थिति में उसके प्रसार अथवा फैलाव में एवं व्यक्ति की रोगग्रस्तता की स्थिति में उसके आसपास का सांस्कृतिक एवं सामाजिक वातावरण निश्चित रूप से जुड़ा होता है। इसलिए रोग–ग्रस्तता जहाँ एक ओर शारीरिक कमजोरी, काम करने की क्षमता में क्षीणता, शारीरिक पीड़ा और कष्ट को तो जन्म देती ही है पर उसके साथ ही यह व्यक्तियों के सामाजिक व्यवहार एवं उसकी भूमिका पूर्ति को भी प्रस्ताविक करती है जिसके फलस्वरूप व्यक्तिगत, सामाजिक एवं संस्थागत हितों को क्षति पहुँचती है अथवा पहुँचने की सम्भावना रहती है। रोग और स्वास्थ्य का सम्बन्ध व्यक्ति के जन्म से ही जुड़ जाता है। ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य में यदि हम उसे देखने का प्रयास करें तो हमें ज्ञात होगा कि सम्भवतः धरती पर मनुष्य का प्रथम अवतरण हुआ तब से लेकर अब तक की उद्विकासीय अवस्था के विभिन्न काल से लेकर वर्तमान समय तक रोग एवं स्वास्थ्य मनुष्य के साक्षी रहे हैं। धीरे–धीरे स्वास्थ्य संरक्षण के परम्परागत एवं परिवर्तनशील परिदृश्य ने रोग एवं स्वास्थ्य की पहचान तथा रोग उपचार के उपक्रम ढूँढ़ने की क्षमता उत्पन्न की है।

शरीर और मस्तिष्क की सामान्य एवं प्राकृतिक स्थिति स्वास्थ्य का सर्वप्रथम एवं सर्वाधिक महत्वपूर्ण लक्षण है। दूसरे शब्दों में स्वास्थ्य की अनुपस्थिति का नाम ही रोग है।

स्वस्थ के अन्तर्गत व्यक्ति का शारीरिक रूप से स्वस्थ होना मानसिक रूप से संतुलित एवं स्वस्थ होना तथा समाज, जिसमें वह रहता है, कि व्यवस्था का सौहार्द्रपूर्वक कार्य करना सम्मिलित है। इस प्रकार स्वास्थ्य के तीन क्षेत्र हैं।

- शारीरिक स्वास्थ्य
- मानसिक स्वास्थ्य

- सामाजिक स्वास्थ्य।

साहित्य की समीक्षा :-

- हसन (1967) ने अपने अध्ययन के द्वारा यह स्पष्ट किया है कि ग्रामीण समुदाय में रोग और स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्याएं उनके संस्कृति का अंग होती है और परम्परागत चिकित्सकों द्वारा की गयी चिकित्सा उन्हें मनोवैज्ञानिक संतुष्टि प्रदान करती है।
- मान (1967) ने ग्रामीण समुदाय में रोग सम्बन्धी धारणाओं में हो रहे परिवर्तन का विश्लेषण किया है। उन्होंने उन कारकों एवं प्रक्रियाओं को स्पष्ट करने का प्रयास किया है जिनके द्वारा अधिकांश ग्रामीण जनता ने रोग सम्बन्धी नवीन विचारों को ग्रहण किया है।
- वालुंजकर और चतुर्वेदी (1967) ने अपने अध्ययन में यह स्पष्ट करने का प्रयास किया है कि रोग के कारण के सम्बन्ध में पाये जाने वाले दृष्टिकोण के अनुरूप रोग के इलाज के तरीकों में किस प्रकार अन्तर उत्पन्न होता है।
- ईश्वरन (1968) ने चिकित्सा व्यवस्था और सामाजिक व्यवस्था के अंतःक्रिया की विवेचना की है। अपने अध्ययन में उन्होंने यह स्पष्ट करने का प्रयास किया है कि चिकित्सक, रोगी और समुदाय की मनोवृत्ति सामाजिक आदर्शों और परिस्थितियों से प्रभावित होती है।
- मसीही (1969)31 ने सीमा के निकट स्थित एक गांव के स्वास्थ्य और उपचार संबंधी विशेषताओं की विवेचना की है। उन्होंने अपने अध्ययन में यह स्पष्ट किया है कि ग्रामीण जनता परम्परागत चिकित्सा–प्रणाली में अधिक विश्वास रखती है।

अध्ययन का उद्देश्य :-

- ग्रामीण महिलाओं पर परिवार कल्याण कार्यक्रम के प्रभाव का अध्ययन।
- ग्रामीण महिलाओं पर परिवार कल्याण कार्यक्रम के प्रति जागरूकता का अध्ययन करना।

अध्ययन पद्धति :-

वर्तमान अध्ययन वर्णात्मक एवं अन्वेषणात्मक शोध प्रारूप पर आधारित है। प्रस्तुत अध्ययन बिहार के सासाराम नगर में रहने वाले 100 उत्तरदाताओं पर आधारित है। उत्तरदाताओं के रूप में चयन उद्देश्यपूर्ण निदर्शन पद्धति के आधार पर किया गया है। प्रस्तुत अध्ययन में तथ्य संकलन दो स्तरों पर किया गया है। प्राथमिक एवं द्वितीयक तथ्य। प्राथमिक तथ्यों का संकलन शोधकर्ता द्वारा साक्षात्कार– अनुसूची की सहायता से अवलोकन एवं व्यक्तिगत साक्षात्कार विधियों द्वारा किया गया है। द्वितीयक तथ्यों का संकलन अध्ययन से सम्बंधित विभिन्न पुस्तकों, शोध–पत्रों, सन्दर्भ ग्रन्थों, पत्र–पत्रिकाओं, समाचार पत्रों, प्रकाशित व अप्रकाशित विविध सरकारों एवं गैर सरकारी प्रतिवेदनों, इंटरनेट, पुस्तकालयों तथा वाचनालयों से किया गया है। प्राप्त दतों के विश्लेषण के लिए मैन्युअल के द्वारा तथ्यों का विश्लेषण किया गया है। संकलित गुणात्मक तथ्यों को वर्गीकरण एवं सारणीयन द्वारा मात्रात्मक दतों में परिवर्तन करके विभिन्न अध्यायों से सम्बंधित सारणी का निर्माण करके सम्पूर्ण शोध प्रतिवेदन तैयार किया गया है।

आंकड़ों का वर्गीकरण एवं विश्ले□ाण :-

तालिका संख्या - 1

उत्तरदाताओं की आयु

आयु समूह	आवृत्ति	प्रतिशत
30-40	15	15.00
41-50	50	50.00
51-60	30	30.00
60 से अधिक	5	5.00
योग	100	100.00

स्पष्ट होता है कि वर्तमान अध्ययन के निदर्श में 15.00 पारिवारिक मुखिया 30–40 वर्ष आयु समूह के हैं, 50.00 प्रतिशत उत्तरदाता 41–50 वर्ष आयु समूह के हैं, 30.00 प्रतिशत उत्तरदाता 51–60 वर्ष आयु समूह के एवं 5.00 प्रतिशत उत्तरदाता 60 से अधिक आयु समूह के हैं।

स्पष्ट है कि अधिकांश उत्तरदाता 45.00 प्रतिशत 41–50 वर्ष आयु समूह के हैं। स्पष्ट है कि अध्ययन में सम्मिलित उत्तरदाता परिपक्व आयु–समूह के हैं।

सारणी संख्या - 2

परिवार कल्याण कार्यक्रम जानकारी के स्रोत

स्रोत	**आवृत्ति**	**प्रतिशत**
एवं दूरदर्शन	40	40.00
समाचार एवं पत्रिकाएं	06	6.00
ग्राम सभा या पोस्टर	33	33.00
प्रसार कार्यकर्त्ता शिविर	04	4.00
ए.एन.एम. या आशा कार्यकत्री	16	16.00
योग	100	100.00

स्पष्ट है कि स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण कार्यक्रम की जानकारी 40 प्रतिशत उत्तरदाताओं को एवं दूरदर्शन से, 6 प्रतिशत का समाचार एवं पत्रिकाओं से, 33 प्रतिशत को ग्राम सभा या पोस्टर से, 4 प्रतिशत को प्रसार कार्यकर्त्ता शिविर से एवं 16 प्रतिशत को ए.एन.एम. या आशा कार्यकत्री से हुई।

अतः स्पष्ट है कि स्वास्थ्य मोबाईल एवं परिवार कल्याण कार्यक्रम की जानकारी का स्रोत एवं दूरदर्शन है।

तालिका संख्या – 3

ग्रामीण समाज में विवाह की आयु

जानकारी है	आवृत्ति	प्रतिशत
हाँ	56	56.00
नहीं	26	26.00
कह नही सकते	18	16.00
योग	100	100.00

अवलोकन से पता चलता है कि 56.00 प्रतिशत उत्तरदाता यह मानते हैं कि ग्रामीण समाज में विवाह की आयु में अन्तर आया है। 26.00 प्रतिशत उत्तरदाता ऐसा नहीं मानते हैं कि ग्रामीण समाज में विवाह की आयु में अन्तर आया है एवं 16.00 प्रतिशत उत्तरदाता इस सम्बन्ध में निरूत्तर पाये गये।

अतः स्पष्ट है कि अधिकांश 56.00 प्रतिशत उत्तरदाताओं के अनुसार ग्रामीण समाज में विवाह की आयु में अन्तर आया है।

तालिका संख्या – 4

शिक्षा के प्रसार से ग्रामीण समाज में परिवार नियोजन साधनों को अपनाने वालों की संख्या

जानकारी है	संख्या	प्रतिशत
हाँ	64	64.00
नहीं	23	23.00
कह नही सकते	13	13.00
योग	100	100.00

बहुलांक 64.00 प्रतिशत उत्तरदाता यह मानते हैं कि शिक्षा के प्रसार से ग्रामीण समाज में परिवार नियोजन साधनों को अपनाने वालों की संख्या बढ़ी है। 23.00 प्रतिशत उत्तरदाता ऐसा नहीं मानते हैं कि शिक्षा के प्रसार से ग्रामीण समाज में परिवार नियोजन साधनों को अपनाने वालों की संख्या बढ़ी है, जबकि 13.00 प्रतिशत उत्तरदाता इस सम्बन्ध में निरूत्तर पाये गये।

अतः स्पष्ट है कि अधिकांश 64.00 प्रतिशत उत्तरदाताओं के अनुसार शिक्षा के प्रसार से ग्रामीण समाज में परिवार नियोजन साधनों को अपनाने वालों की संख्या बढ़ी है।

तालिका संख्या – 5

ग्रामीण क्षेत्रों में संक्रामक रोगों पर नियंत्रण

बाधक तत्त्व	आवृत्ति	प्रतिशत
ग्रामीणों की जागरूकता में कमी	26	26.00
सरकार की कमी	07	7.00
योजना निर्धारण में कमी	10	10.00
व्याप्त भ्रष्टाचार	33	33.00
आपसी मतभेद	24	24.00
योग	100	100.00

स्पष्ट है कि 26.00 प्रतिशत उत्तरदाता स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण के लक्ष्य की प्राप्ति ने ग्रामीणों की जागरूकता की कमी को बाधक मानते हैं, 7.00 प्रतिशत उत्तरदाता स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण के लक्ष्य में सरकार की कमी को बाधक मानते हैं, 10.00 प्रतिशत उत्तरदाता योजना निर्धारण में कमी को बाधक मानते हैं, 33 प्रतिशत उत्तरदाता व्याप्त भ्रष्टाचार को बाधक मानते हैं, तथा 24.00 प्रतिशत उत्तरदाता स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण के लक्ष्य की प्राप्ति में आपसी मतभेद को बाधक मानते हैं।

अतः स्पष्ट है कि अधिकांश 33 प्रतिशत उत्तरदाताओं के अनुसार स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण के लक्ष्य की प्राप्ति में व्याप्त भ्रष्टाचार को बाधक माना है।

निष्कर्ष :-

ग्रामीण क्षेत्रों में निरक्षरता, अज्ञानता एवं निर्धनता हो तो परिवर या परिवार कल्याण कार्यक्रम को सफल बनाना एक चुनौती के समान है। परिवार नियोजन की राह में धार्मिक एवं परंपरागत विश्वास व मान्यताएं हैं। जन सामान्य की अभिवृत्तियों में परिवर्तन करना एक लम्बी प्रक्रिया है। इसके लिए सतत् नियमित एवं धैर्यपूर्वक प्रयासों की आवश्यकता होती है। ग्रामीण समाज की महिलाओं पर परिवार नियोजन कार्यक्रम का सकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। प्राचीन काल की अड़चनों के उपरान्त परिवार नियोजन कार्यक्रम की लोकप्रियता धीरे–धीरे बढ़ती जा रही है। धीरे–धीरे छोटे परिवार के मानक के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित हो रहा है। अब अधिकतर युवा जोड़े छोटे परिवार के मानक का पालन कर रहे हैं। बड़े पैमाने पर परिवार नियोजन के साधनों का उपयोग किया जा रहा है। इसका प्रभाव जनसंख्या वृद्धि दर पर भी पड़ता है। सामाजिक स्वास्थ्य से अभिप्राय सामाजिक व्यवस्था के स्वस्थ एवं उत्तम रूप से कार्य करने से है। स्वस्थ समाज में सामान्यतया रोग सद्चरित्र नियमों का पालन करने वाले, व्यवस्था के सुचारू संचालन में सहायक, शिक्षित, आपराधिक गतिविध्यिों से दूर, मूल्य युक्त, सामाजिक बुराइयों का विरोध करने वाले सहनीय, सौहार्द्रपूर्ण वातावरण निर्मित करने वाले होते हैं। सामाजिक स्वास्थ्य का आंकलन अपराध दर, तलाक, आत्महत्या, सामजिक सौहार्द्र आदि सूचकों के आधार पर किया जा सकता है।

सन्दर्भ सूची :-

1. W.H.O. (1981): Global Strategy for Health for All by the year 2000, HFA Sr. No. 3.
2. एम.एम. लवानिया (1998) : चिकित्सा समाज शास्त्र, रिसर्च पब्लिकेशन्स, नई दिल्ली, पृ. 1.
3. W.H.O. (1946): The Constitution of the World Health Organisation, W.H.O. Geneva.
4. Marriott, M. (1955): "Western Medicine in a Village of Northern India", Health, Culture and Community, B.D. Paul (ed.), Russell Sage Foundation, New York, pp. 239-269.
5. Corstaires, G.M. (1955): "Medicine and Faith in Rural Rajasthan", in B.D. Paul (ed.) *Health Culture and Community,* Russell Sage Foundation, New Yokr, pp. 107-134.
6. Mintum, L. and HitchCock, J. (1963): "The Rajputs of Khalpur, India", in B.B. Whiting (ed.), Six *Cultures: Studies of Child Rearing,* Johnwiley and Sons Inc, New York, pp. 203-361.
7. Bhatnagar, G.S. (1978): "Community Rersponses to Health: A Study Conducted in Patiala Villages in Punjab", Paper presented at the *14th All India Sociological Conference,* Jabalpur University, Jabalpur.
8. Gould, H.A. (1965): "Modern Medicine and folk Cognition in Rural India", *Human Organization,* 24 (3), pp. 201-208.
9. Hasan, K.A. (1967): Cultural Frontiers of Health in Village India, Manktins, Bombay.
10. Shukla K.P., Marwah, S.M. and Srivastava, L.C. (1973): "Incorporation of Indegenous Prectitioners in Health Care System", *Ind. Jour. Pre. Soc. Med.,* Vol. 16.
11. Bhatia, J.C. (1975): "Traditional Healer and Modern Medicine", *Social Sciences and Medicine,* Vol. 9.
12. Lewis, O. (1958)" *"Village Life in Northern India",* Random House, New York.
13. Opler, M.E. (1963): "The Cultural Definition of Illiness in Villge India", *Human Organization,* Vol. 22(1), 1963, pp. 32-35.
14. डॉ. नरेन्द्र पाल सिंह चन्देल एवं डॉ. विजय कुमार चन्द (2010) जनसंख्या शिक्षा, विनोद पुस्तक मंदिर, आगरा, पृ. 242–244.

Email ID- vijetaluck@gmail.com

संगम Impact Factor : 7.834
Website : www.ginajournal.com
ISSN : 2321-8037
गीना देवी शोध संस्थान द्वारा प्रकाशित बहुभाषिक–बहुविषयक शोध को समर्पित अंतर्राष्ट्रीय मासिक
AN INTERNATIONAL MULTIDISCIPLINARY MONTHLY MULTI LANGUAGE PEER REVIEWED REFEREED RESEARCH JOURNAL
SANGAM
Vol. 13, Issue 7-8
पृष्ठ : 180–186

विशेष साक्षात्कार

साहित्य, समाज और सच्चाई की प्रतिनिधि लेखिका : नासिरा शर्मा से बातचीत

साक्षात्कारकर्ता– **पिंकी राठी**
शोधार्थी, दिल्ली विश्वविद्यालय
शोध निर्देशक– **डॉ. तृप्ता**
प्रोफेसर, अदिति कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय।

नासिरा शर्मा, हिंदी साहित्य की जानी–मानी लेखिका, पत्रकार और सामाजिक सरोकारों की मुखर स्वर रही हैं। उनके साहित्य में समकालीन राजनीति, स्त्री विमर्श और वैश्विक दृष्टिकोण का अनूठा संगम देखने को मिलता है। उनसे किया गया विचारोत्तेजक साक्षात्कार प्रस्तुत है, जिसमें उनके साहित्यिक दृष्टिकोण, सामाजिक सरोकारों और लेखकीय जिम्मेदारी पर गंभीर चर्चा हुई।

प्रश्न : आपकी हाल ही में दो नई पुस्तकें प्रकाशित हुई हैं : 'फिलिस्तीन : एक नया कर्बला' और उपन्यास 'कुछ रंग थे ख्वाबों के'। इन रचनाओं के संदर्भ में हमें विस्तार से बताएं?

उत्तर : यह संयोग है कि हाल के समय में मेरी कई पुस्तकें प्रकाशित हुई हैं। लोकभारती प्रकाशन ने मेरी चार पुस्तकों को एक साथ प्रकाशित किया है, जिनमें स्त्री–विमर्श से लेकर समकालीन सामाजिक स्थितियों तक विभिन्न विषयों को समेटा गया है। इनमें अधिकांश वे लेख शामिल हैं जो मैंने विभिन्न अखबारों और पत्रिकाओं में समय–समय पर लिखे थे। इन रचनाओं में पर्यावरण, स्त्री दृष्टिकोण और समसामयिक सामाजिक मुद्दों पर मेरे विचारों की अभिव्यक्ति हुई है अर्थात् एक स्त्री किस प्रकार इस संसार को उसकी समस्याओं, सुख–दुख को देखती और समझती है– यही सब इन पुस्तकों में समाहित है। लोकभारती से ही मेरी पुस्तक 'फिलिस्तीन : एक नया कर्बला' भी प्रकाशित हुई है। इसके अतिरिक्त संवाद प्रकाशन से मेरी दो अन्य पुस्तकें : इराक और अफगानिस्तान पर आधारित : एक लंबे अंतराल के बाद पुनः नए संस्करण में प्रकाशित हुई हैं। ये पुस्तकें पहले अत्यधिक माँग में थीं परंतु किसी कारणवश पुनर्मुद्रण नहीं हो पा रहा था। अब उनका फिर से प्रकाशित होना मेरे लिए अत्यंत प्रसन्नता का विषय है।

प्रश्न : आपके जीवन में लेखन की यात्रा कैसे प्रारंभ हुई और आप अपने जीवन का प्रेरणास्रोत किसे मानती हैं?

उत्तर : मेरी गम्भीर लेखन–यात्रा की शुरुआत मेरी पहली कहानी 'बूतखाना' से हुई, जिसे प्रतिष्ठित लेखक कमलेश्वर जी ने सन् 1976 में प्रकाशित किया था। हालांकि, इससे पूर्व भी मैं लिखती रही थी– स्कूल की

पत्रिकाओं में, विभिन्न लेखन प्रतियोगिताओं में। उस समय भी लेखन मेरे जीवन का स्वाभाविक हिस्सा था। घर का वातावरण भी इस ओर प्रेरित करता था– परिवार में सभी पढ़ते–लिखते थे, जिससे एक सहज प्रेरणा मिली कि हमें भी लेखन में भागीदारी करनी चाहिए। प्रेरणा के साथ–साथ एक प्रकार का भय भी मन में बना रहता था, क्योंकि हमारे घर में अपने–अपने समय के प्रतिष्ठित कवि और लेखक रहे हैं। यह भावना सदैव मन में रहती थी कि मैं कुछ ऐसा न लिखूं जो उनकी गरिमा को ठेस पहुँचाए। साहित्य में तो एक से एक महान लेखक हुए हैं, इसलिए लेखन करते समय यह सावधानी अवश्य बरतती थी कि मेरी रचना ऐसी हो, जिसे पढ़कर मुझे कभी पछतावा न हो कि :मैंने यह क्या लिख दिया।'

प्रश्न : जब हमारा मुल्क करवट बदल रहा था, उस समय हिंदू–मुसलमानों के बीच जो आपसी संबंध थे, उनके संदर्भ में आपके अनुभव कैसे रहे?

उत्तर : उस दौर के प्रत्यक्ष अनुभव तो मेरे नहीं हैं, क्योंकि मेरी पैदाइश आजादी के बाद की है। लेकिन जो कुछ मैंने साहित्य के माध्यम से देखा और समझा, वह बहुत गहराई से मेरे भीतर उतरा। विभाजन के समय हिंदू–मुसलमान संबंधों में जो आक्रोश था, उसमें राजनीति की भूमिका और अंग्रेजों की वह छटपटाहट कि वे देश छोड़ने पर मजबूर हो रहे थेकृये सभी बातें उस साहित्य में बखूबी दर्ज हैं। इन रचनाओं को पढ़कर मुझ पर जो प्रभाव पड़ा, उससे मैंने सियासत की नीयत को समझा और यह जाना कि राजनीति किस तरह मानवीय रिश्तों और संवेदनाओं को निर्ममता से रौंद डालती है। विशेष रूप से मंटो की कहानी 'खोल दो' ने मुझे भीतर तक झकझोर दिया। उस समय की सभी महत्वपूर्ण कहानियाँ मैंने पढ़ीं, और उनके माध्यम से यह महसूस किया कि हिंदू–मुसलमान का रिश्ता कितना गहरा और साझा था। अफसोस है कि आज हम हर बात में 'हिंदू–मुसलमान' का चश्मा पहनकर देखने लगे हैं, जबकि हमारी साझी विरासत कहीं अधिक व्यापक और समरस रही है।

प्रश्न : उस दौर और आज के दौर में हिंदू–मुस्लिम संबंधों में आपको क्या परिवर्तन दिखाई देता है?

उत्तर : परिवर्तन अत्यंत गहरा और व्यापक रहा है। यह नहीं कहा जा सकता कि आजादी के बाद हमारे देश ने प्रगति नहीं की–बल्कि देश ने हर क्षेत्र में अद्‌भुत तरक्की की है। मुझे 1970–80 का वह दशक याद है, जब मैंने साहित्य में और सामाजिक लेखन के माध्यम से सक्रिय भागीदारी शुरू की। उस समय हमारा समाज विचारशील था और साहित्य का जुड़ाव सामाजिक सरोकारों से स्पष्ट रूप से दिखाई देता था। हम सामाजिक मुद्दों पर खुलकर लिखते थे और मिडल–ईस्ट, विशेषकर ईरान में हमारे कार्यों को सराहना मिलती थी। वे अक्सर कहते थे कि भारत का योगदान कितना व्यापक है–जहाँ सुई से लेकर हवाई जहाज तक का निर्माण स्वदेशी रूप से होता है। उस समय देश में आत्मनिर्भरता और समन्वय की भावना थी। आज की राजनीति में सांप्रदायिकता और विभाजन की प्रवृत्ति अधिक प्रबल हो गई है, जिससे हिंदू–मुस्लिम संबंधों की आत्मीयता को क्षति पहुँची है। पहले जहाँ साझी संस्कृति की भावना थी, वहीं अब शंकाओं और अलगाव का माहौल बन गया है।

प्रश्न : आपने अपनी रचनाओं "कागज की नाव, जीरो रोड, पत्थर गली" आदि में इलाहाबाद का विशेष उल्लेख किया है। आपका बचपन से ही इलाहाबाद से जो आत्मीय संबंध रहा है, शायद वही वजह है कि आपकी रचनाओं में उस मिट्टी की खुशबू महसूस होती है। क्या भविष्य की रचनाओं में भी इलाहाबाद की उपस्थिति बनी रहेगी?

उत्तर : इलाहाबाद को मैंने कभी हिंदुस्तान से पृथक नहीं समझा। मैं स्वयं को मात्र 'इलाहाबादी' के रूप में सीमित नहीं मानती थी। जब किसी स्थान से गहरा प्रेम होता है, तो वह धीरे–धीरे हमारे व्यक्तित्व का हिस्सा बन जाता है–बिना यह बताए कि हम उससे प्रेम कर बैठे हैं। मेरी पहचान सदैव 'हिंदुस्तानी' रही है, और उसी व्यापक पहचान में एक शहर इलाहाबाद भी था, जहाँ मेरा जन्म हुआ। लेकिन जब मेरी माँ का निधन हुआ, तो ऐसा प्रतीत हुआ मानो जीवन का एक पूरा अध्याय समाप्त हो गया हो। उसी क्षण ऐसा भी महसूस हुआ कि इलाहाबाद से मेरा रिश्ता भी ढीला पड़ रहा है। उस समय तक मेरा कहानी–संग्रह 'पत्थर गली' प्रकाशित हो चुका था। उस क्षण मैंने स्वयं से एक वादा किया– 'मैं अपनी कलम के माध्यम से इलाहाबाद को जीवित रखूँगी, और उससे जुड़ा हुआ संबंध साहित्य में बनाए रखूँगी।' इसी सोच के तहत मैंने दिल्ली के प्रकाशकों से हटकर लोकभारती को अपनी पुस्तक प्रकाशन के लिए दी, ताकि साहित्य के माध्यम से इलाहाबाद से एक स्थायी ताना–बाना बना रहे। मेरे चार उपन्यास पूर्णतः इलाहाबाद की धरती, संस्कृति और चेतना से जुड़े हुए हैं। और मैं यह कह सकती हूँ कि भविष्य की रचनाओं में भी इलाहाबाद की आत्मा अवश्य बसेगी।

प्रश्न : आपके उपन्यास 'कागज की नाव' का मूल उद्देश्य क्या था?

उत्तर : इस उपन्यास के पीछे मेरा एक प्रमुख उद्देश्य यह था कि पाठकों को यह समझाया जाए कि बड़ी संख्या में हमारे मजदूर और तकनीशियन मिडिल ईस्ट में जाकर अच्छी आजीविका अर्जित करते हैं। यह एक बड़ी आर्थिक व्यवस्था है, उसका जो टर्नओवर है–वह करोड़ों में है और उसमें भारतीय प्रवासी मजदूरों का योगदान अतुलनीय है। उनकी कमाई का बड़ा हिस्सा भारत लौटता है, जो आश्चर्यजनक और विचारणीय है। इसके साथ ही, दुबई का अत्याधुनिक और आत्मनिर्भर सांस्कृतिक–तकनीकी विकास मुझे बहुत प्रभावित करता है। वहाँ का विकास पूरी तरह उधार का नहीं, बल्कि अपनी सांस्कृतिक समझ और अनुशासन से रचा गया है। जो प्रवासी कायदे–कानूनों का पालन करते हैं, उन्हें वहाँ सुखद जीवन मिलता है।

और अंतत :– मैंने यह भी दिखाया कि जब पुरुष प्रवासी होकर बाहर जाते हैं, तो उनके पीछे छूट गई स्त्रियाँ और परिवार किस प्रकार अकेलेपन, लालच, और अंधविश्वास के दलदल में फँस जाते हैं। कैसे टोटकों, दुआ–तावीज, और पाखंड का बाजार चलता है–कैसे मौलवी, पंडित, या झाड़–फूँक करने वाले लोगों द्वारा स्त्रियों और बच्चों को मानसिक रूप से शोषित किया जाता है। इसमें मैंने विशेष रूप से बिहार के परिवेश को आधार बनाया है, जहाँ यह सामाजिक समस्या विकराल रूप में दिखाई देती है।

प्रश्न : आपके उपन्यास 'कागज की नाव' में मलकानूर के माध्यम से स्त्री की नई चेतना और सामाजिक व्यवस्था के टकराव को दर्शाया गया है। आपने स्त्री के बुनियादी सवालों को बहुत प्रभावशाली ढंग से उठाया है। आपके दृष्टिकोण से आज के स्त्री–विमर्श में कितना बदलाव आया है?

उत्तर : इस प्रश्न में दो पहलू हैं– एक स्त्री–विमर्श और दूसरा बिहार की स्त्रियों की स्थिति, विशेष रूप से ग्रामीण और निम्नवर्गीय पृष्ठभूमि की।

मैंने बिहार को सबसे पहले जेएनयू के जरिए जाना जहाँ अधिकांश छात्र बिहार से थे। वहाँ से बिहार की स्त्रियों की स्थिति को गहराई से समझने का अवसर मिला। एक बात जो मैंने स्पष्ट रूप से महसूस की, वह यह थी कि बिहार की स्त्रियों में आगे बढ़ने की एक तीव्र आकांक्षा है–एक बेचैनी, जो उन्हें हर परिस्थिति में शिक्षा और प्रगति की ओर धकेलती है। मैंने कई लड़कियों को देखा, जो गर्भावस्था के नौवें महीने में भी परीक्षा देने

आती थीं। यह अद्‌भुत साहस और जिजीविषा का प्रतीक है। लेकिन दुर्भाग्यवश, उस समय का सामाजिक ढाँचा और संस्थागत व्यवस्थाएँ उन्हें समुचित अवसर नहीं दे रही थीं। यही विडंबना थी जिसे मैंने अनुभव किया और अपनी रचना में पिरोया। बिहार के ग्रामीण क्षेत्रों में जो पिछड़ापन था, वह धीरे–धीरे कम हो रहा है। पिछले दो दशकों में वहाँ सकारात्मक परिवर्तन हुआ है, जो सराहनीय है। लेकिन मलकानूर जैसे इलाके अब भी ऐसे हैं जहाँ स्त्री का उड़ती पतंग पकड़ना भी संदेह और तानों का विषय बन जाता है। वहाँ स्त्रियों को इसलिए भी बंदिशों में रखा जाता है क्योंकि घर के पुरुष कमाने बाहर चले जाते हैं और घर में एक वृद्ध पुरुष ही रहता है–ऐसे में पारिवारिक नियंत्रण की मानसिकता और सामाजिक असुरक्षा, दोनों मिलकर स्त्री की स्वतंत्रता को बाधित करते हैं।

'कागज की नाव' में मलकानूर जैसी स्त्रियाँ केवल प्रतीक नहीं, बल्कि उस गूंगी आवाज की प्रतिध्वनि हैं जो हर उस समाज में गूंज रही है जहाँ बदलाव की चाह तो है, परंतु उसे स्वीकारने का साहस अभी समाज में नहीं है।

प्रश्न : आज के दौर में जब स्त्री विमर्श और उनकी सामाजिक बंदिशों को लेकर व्यापक चर्चा हो रही है, क्या आप पुरुष को भी कहीं–न–कहीं उसी तरह की बंदिशों में जकड़ा हुआ महसूस करती हैं?

उत्तर : यह एक महत्वपूर्ण प्रश्न है। जब पश्चिमी देशों, विशेषकर यूरोप में स्त्री विमर्श का तीव्र दौर समाप्ति की ओर बढ़ रहा था, उसी समय भारत में उसे एक नई चेतना के रूप में अपनाया गया। एक विशिष्ट संपादक और पत्रिका ने इस विमर्श को आगे बढ़ाया, जिससे उसमें तीव्रता और मुखरता आई। इस पहल का सकारात्मक पक्ष यह था कि जिन महिलाओं की अभिव्यक्ति अब तक दबा दी गई थी, वे खुलकर बोलने लगीं। प्रारंभिक दौर में स्त्री–विमर्श उन्हीं लेखकों की लेखनी से उभरा जिनकी इस विषय पर गहरी पकड़ थी। उस समय मर्द और औरत की कहानियों में स्त्री की पीड़ा, संघर्ष और व्यथा को बेहद सशक्त ढंग से प्रस्तुत किया गया। लेकिन जैसे–जैसे स्त्री की मुखरता बढ़ी, विमर्श में संतुलन की जगह भावनात्मक प्रवाह ने ले ली। समाज में यह धारणा बनने लगी कि मानो हर पुरुष दमनकारी है और स्त्री मात्र पीड़िता। इससे साहित्य और विमर्श में जो संतुलन था, वह प्रभावित हुआ।

मैं यह मानती हूँ कि जैसे स्त्रियाँ सामाजिक संरचनाओं की बंदिशों में जकड़ी होती हैं, वैसे ही पुरुष भी अनेक सांस्कृतिक, मानसिक और पारिवारिक अपेक्षाओं की बेड़ियों में जकड़े होते हैं। उन्हें भी एक पूर्वनिर्धारित भूमिका में जीना पड़ता है। इसलिए विमर्श में दोनों पक्षों को समावेशी और संतुलित दृष्टि से देखना अत्यंत आवश्यक है।

प्रश्न : आप एक लेखिका भी हैं और पत्रकार भी रही हैं। आप साहित्य और राजनीति को किस दृष्टिकोण से देखती हैं?

उत्तर : मेरे दृष्टिकोण से उत्कृष्ट लेखन वही है, जिससे समाज और देश की यथार्थ स्थिति उजागर हो। देश की सामाजिक–राजनीतिक दशा, चाहे वह सुधर रही हो या और अधिक बिगड़ रही हो, उसमें सबसे बड़ा योगदान शासन और उसकी नीतियों का होता है। जब सरकार की नीतियाँ जनसाधारण के विरुद्ध होती हैं, तो उसका प्रभाव प्रत्यक्ष रूप से आम आदमी के जीवन में दिखाई देता है। यही वास्तविकता जब लेखनी के माध्यम से सामने आती है, तब राजनीति अपने आप उस रचना का हिस्सा बन जाती है। एक जागरूक लेखक जब सृजन करता

है तो उसे यह भली–भाँति ज्ञात होता है कि व्यक्ति किस स्तर पर पीड़ित हो रहा है। उदाहरण के लिए, जब सरकार यह कहती है कि 'गेहूँ महँगा इसलिए है क्योंकि फसल खराब हुई,' तो प्रश्न यह उठता है कि फसल की सुरक्षा और किसानों की सहायता के लिए सरकार ने क्या किया? लोगों की आय तो नहीं बढ़ी, लेकिन महंगाई ने उनकी कमर तोड़ दी। किसान, जो कभी विषम परिस्थितियों में भी आत्महत्या जैसे कदम नहीं उठाता था, आज आत्महत्या को विवश हो रहा है। एक लेखक के नाते जब हम इन वास्तविकताओं को रचनात्मक दृष्टिकोण से देखते हैं, तो साहित्य राजनीति से स्वतः जुड़ जाता है–क्योंकि साहित्य केवल कल्पना नहीं, बल्कि यथार्थ का प्रतिरूप है।

प्रश्न : राजनीतिक पक्षों को उभारने में बतौर एक लेखक के रूप में आपका क्या दृष्टिकोण है?

उत्तर : देखिए, मैं किसी राजनीतिक दल से ताल्लुक नहीं रखती और न ही मुझे इसमें कोई विशेष रुचि है कि कौन चुनाव जीत रहा है और कौन हार रहा है। लेकिन मुझे इसमें अवश्य रुचि है कि जो भी सरकार सत्ता में आती है, वह आम जन को क्या नया देती है, उनकी जरूरतों को किस हद तक समझती और पूरा करती है। आज के दौर में शिक्षा एक ऐसा क्षेत्र है, जिसे सबसे अधिक संसाधनों की आवश्यकता है, लेकिन यही क्षेत्र सबसे अधिक उपेक्षित होता दिख रहा है। बतौर एक जागरूक नागरिक, मैं वोट देती हूं, टैक्स अदा करती हूं, मेरे पास यह अधिकार है कि मैं सरकार से सवाल करूं कि उसके बदले मुझे क्या सुविधाएं मिल रही हैं। यह तो मेरा मूलभूत अधिकार है। जैसे एक परिवार में बच्चा अपने माता–पिता से यह पूछ सकता है कि उसे पर्याप्त भोजन क्यों नहीं मिल रहा, उसी तरह हम सरकार से यह पूछ सकते हैं कि हमें क्यों बुनियादी जरूरतें नहीं मिल रही हैं।

मुझे पुल और भव्य इमारतें नहीं चाहिए, मुझे एक पक्की छत चाहिए, जो बारिश में मेरे परिवार को भीगने से बचा सके। जितनी जरूरत है, उतनी ही आधारभूत संरचनाएं बनें–उससे ज्यादा नहीं। उसकी जगह अगर अस्पताल, स्कूल और सार्वजनिक कल्याण की सुविधाएं दी जाएं, तो वह कहीं अधिक आवश्यक और प्रभावी होंगी। भारत एक विशाल, विविधताओं से भरा हुआ देश है– यहां विभिन्न धर्म, भाषाएं और सामाजिक परिस्थितियां हैं। ऐसे में हमारी प्राथमिकताएं भी भिन्न होंगी, और सबसे पहले हमें अपने नागरिकों को रोटी, कपड़ा और मकान जैसे बुनियादी अधिकार देना होगा। आज का सबसे बड़ा संकट बेरोजगारी है। लोगों को जब यह विश्वास दिलाया गया कि अब सरकार आम आदमी के पक्ष में काम करेगी, तब उन्होंने स्वागत किया– कांग्रेस के विरुद्ध विकल्प के रूप में भाजपा को चुना। उन्हें आशा थी कि यह सरकार रोजगार देगी, समाज में शांति स्थापित होगी और किसी प्रकार का तनाव नहीं रहेगा। लेकिन धीरे–धीरे यह भ्रम टूटता चला गया और लोग आहत हुए। मेरे अनुसार, यदि सरकार वास्तव में जनसाधारण की जरूरतों को पूरा करे और उनके दिलों को छू सके, तो वही उसकी सबसे बड़ी विजय होगी। जनता का दिल जीतना राज करने का सबसे सरल और स्थायी मार्ग है।

प्रश्न : आप उस दौर में ईरान में रहीं, जब हालात बेहद पेचीदा थे। ईरान में क्रांति का समय था। आपने उस समय ईरान की शासन व्यवस्था के खिलाफ बड़ी बेबाकी से लिखा। आपका वह अनुभव कैसा रहा?

उत्तर : मेरा अनुभव कुछ ऐसा था कि मैंने किसी विशेष व्यक्ति या सत्ता के खिलाफ जानबूझकर नहीं लिखा था। दरअसल, मेरा जो क्लास वर्क था जहां मैं एक लेखक की हैसियत से कार्य कर रही थी वहां मैंने यह महसूस किया कि वहां न तो किसी को बोलने की स्वतंत्रता है, न लिखने की और न ही पढ़ने की। जब समाज का एक

वर्ग अपनी मांगों को लेकर मुखर हुआ, तो मुझे स्वाभाविक रूप से अपने वर्ग के साथ खड़ा होना पड़ा। और जब मैंने ऐसा किया, तो उन लोगों ने मुझसे आग्रह किया कि मैं गांधी के देश से हूं। जहां स्वतंत्रता है। इसलिए मैं उनकी आवाज वहां तक पहुंचाऊं जहां उनकी बात सुनी जा सके। उनकी आवाज को उठाने और उनके पक्ष में खड़े होने के चलते अगर मेरा लेखन किसी के विरोध में माना गया, तो उसकी कीमत मुझे चुकानी पड़ी। सच्चाई यह है कि आप सभी को खुश नहीं रख सकते। लेखन और पत्रकारिता में आपको एक स्पष्ट नजरिया अपनाना ही पड़ता है। यही मेरे लिए उस समय का सबसे बड़ा सबक और अनुभव रहा।

प्रश्न : आप भारत की राजनीति को वैश्विक स्तर पर किस दृष्टि से देखती हैं?

उत्तर : भारत का वैश्विक स्तर पर एक विशिष्ट स्थान रहा है। मुझे आज भी याद है कि जब मैं विभिन्न देशों की यात्राओं पर गई, तो वहाँ भारत को एक विशेष सम्मान की दृष्टि से देखा जाता था। यह सम्मान हमारे सांस्कृतिक पहनावे से लेकर हमारी कूटनीति, नीतियों और सामाजिक सरोकारों तक फैला हुआ था। विशेषकर श्रीमती इंदिरा गांधी का पहनावा और उनकी उपस्थिति अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की गरिमा और पहचान को सुदृढ़ करती थी। भारत की नीतियों और उसके मूल्यों के प्रति विश्व में एक सम्मानजनक दृष्टिकोण हमेशा रहा है। आजकल यह कहा जा रहा है कि भारत की वैश्विक पहचान अब बन रही है, जबकि सच्चाई यह है कि भारत दशकों से विश्वमंच पर अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराता रहा है। दरअसल, यह उस दृष्टिकोण का परिणाम है, जहां लोग इतिहास से अनभिज्ञ हैं। अगर मैं स्वयं को उदाहरण बनाऊँ– तो मान लीजिए मैं इस घर में 75 वर्ष पूर्व जन्मी और आज अपने पोते को गोद में लिए खड़ी हूँ, जिसने अभी इस संसार के दो वर्ष ही देखे हैं तो स्वाभाविक है कि उसे बहुत–सी चीजें नई प्रतीत होंगी। वही स्थिति आज के कई लोगों की है, जिन्हें लगता है कि अभी का समय ही सब कुछ है। जबकि हमने उन तमाम दौरों को जिया और देखा है, जिनमें भारत का नाम, उसकी प्रतिष्ठा और उसकी कूटनीति वैश्विक मंच पर सम्मान के साथ चर्चित रही है।

प्रश्न : आपके नए उपन्यास 'अल्फा–बीटा–गामा' में आपने कुत्तों की व्यथा को केंद्र में रखा है। कुत्तों को ही माध्यम के रूप में लेने का क्या कारण रहा?

उत्तर : 'कुत्ते' हमारी जिंदगी के बेहद करीब हैं हमारे मुहावरों में, कहावतों में, और हमारे आसपास की गली–चौपालों में टहलते हुए। वास्तव में, मेरे बेटे को कुत्तों से बहुत लगाव था। यूनिवर्सिटी के कैम्पस में जब भी कुत्तों के बच्चे जन्म लेते, मेरे बच्चे और उसके साथी उन्हें गोद में उठाकर दूध–डबलरोटी खिलाया करते थे। इन अनुभवों ने मेरे भीतर कुत्तों को लेकर एक गहरी संवेदना जगाई। फिर जब कोविड काल आया, तो उन निरीह जीवों की हालत और भी दयनीय हो गई। एक कहानी, जो शुरू में बच्चों के लिए लिखी थी, धीरे–धीरे आकार लेती गई और अंततः 'अल्फा–बीटा–गामा' उपन्यास का रूप ले लिया। हालाँकि कुत्ते प्रतीक हैं, माध्यम हैं असल में, उनके जरिए मैंने भारतीय समाज की परतों को खोलने की कोशिश की है। इस उपन्यास में सामाजिक मुद्दों की बहुलता है। कुत्तों के माध्यम से समाज के हाशिए पर खड़े इंसानों, उनकी उपेक्षा, संघर्ष और अस्तित्व की कहानी कही गई है।

प्रश्न : अंतर–धार्मिक और अंतरजातीय विवाहों के बारे में आपका क्या मानना है तथा इस तरह के विवाह में किन–किन चुनौतियों का सामना करना पड़ता है?

उत्तर : चुनौतियां तो होती ही हैं, क्योंकि अगर किसी व्यक्ति का दिल बड़ा नहीं है और दिमाग खुला नहीं है तो

वह ऐसे रिश्तों में अनुकूलन नहीं कर सकता। धर्म और संस्कृति के कारण स्वाभाविक रूप से कुछ अंतर होते हैं और वे विवाह के बाद सामने आते हैं। पहले के समय में ऐसी शादियां होती थीं और समाज उन्हें सहजता से स्वीकार भी कर लेता था, कोई बड़ा हंगामा नहीं होता था। लेकिन अब हालात बदल गए हैं। आज खाप पंचायतें सक्रिय हो गई हैं, धार्मिक उन्माद इस कदर बढ़ गया है कि लोग अपने ही बच्चों को मारने तक को तैयार हो जाते हैं। यह एक असामान्य स्थिति है, जो पहले नहीं थी। पहले हम ज्यादा खुले और आजाद ख्याल के लोग थे। मुझे लगता है कि आज की नई नस्ल को यह गलतफहमी है कि वे बहुत 'अग्रिम' हैं, लेकिन सच तो यह है कि मानसिक रूप से हम पहले की तुलना में कहीं ज्यादा पिछड़े हुए हैं। आज का इंसान बाहरी दिखावे में भले आधुनिक लगे, लेकिन सोच के स्तर पर वह कहीं न कहीं संकीर्ण होता जा रहा है। यही वजह है कि ऐसे विवाहों में तमाम सामाजिक और मानसिक बाधाएं खड़ी हो जाती हैं।

प्रश्न : आज के दौर में सोशल मीडिया का रुझान दिन पर दिन बढ़ता जा रहा है। बतौर एक हिन्दी साहित्यकार होने के नाते क्या आप नई आने वाली पीढ़ियों के लिए अपनी लेखनी के माध्यम से क्या संदेश देना चाहेंगी, जो उन्हें जागरूक व भविष्य के लिए प्रेरित करें?

उत्तर : वे हम लोगों से ज्यादा जागरूक हैं। सोशल मीडिया पर आज लिटरेचर बहुत चर्चा में रहता है, क्योंकि इस पीढ़ी ने देख लिया है कि साहित्यिक दुनिया में बहुत ज़्यादा पॉलिटिक्स है। नई लेखकों के लिए किताब छपवाना मुश्किल है, समीक्षाएं छपती नहीं हैं और वही कुछ लोग हर मंच पर दिखाई देते हैं। हमने भी अपने बुजुर्गों की गलतियाँ दोहराईं और इस नई पीढ़ी को कुछ खास नहीं दे सके। ऐसे में सोशल मीडिया इनके लिए वरदान बन गया है। यहां वे अपनी कच्ची–पक्की रचनाएं तुरंत साझा करते हैं और फौरन प्रतिक्रिया भी मिलती है, हालांकि यह त्वरित तारीफें कभी–कभी विकास को रोकती हैं। जब तारीफ की आदत पड़ जाती है तो आत्म–मंथन रुक जाता है और रचना में परिपक्वता नहीं आती। लेकिन ऐसा नहीं है कि नए लोग अच्छा नहीं लिख रहे। बहुत से युवा लेखक गंभीरता एवम् संवेदनशीलता से लिख रहे हैं। हां, एक भीड़ भी है जो बस छपने के लिए लिख रही है। गैर–जरूरी किताबें भी आ रही हैं और नए पब्लिशर्स का अंबार लग गया है। कुल मिलाकर यह एक मिश्रित परिदृश्य है जिसमें संभावनाएं भी हैं और चुनौतियां भी।

संगम Impact Factor : 7.834
Website : www.ginajournal.com
ISSN : 2321-8037
गीना देवी शोध संस्थान द्वारा प्रकाशित बहुभाषिक–बहुविषयक शोध को समर्पित अंतर्राष्ट्रीय मासिक
AN INTERNATIONAL MULTIDISCIPLINARY MONTHLY MULTI LANGUAGE
PEER REVIEWED REFEREED RESEARCH JOURNAL
SANGAM
Vol. 13, Issue 7-8
पृष्ठ : 187-194

नाम में ही कथा है : 'गोदान' का बहुआयामी विश्लेषण

डॉ. सतीश चन्द अग्रवाल
प्रधानाचार्य, डॉ. के. एन. मोदी साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज मोदीनगर, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश।

प्रस्तावना :-

'गोदान' मुंशी प्रेमचन्द का एक युगांतरकारी उपन्यास है, जिसे हिंदी साहित्य में यथार्थवाद और सामाजिक चेतना की पराकाष्ठा माना जाता है। यह उपन्यास न केवल भारतीय ग्रामीण जीवन की विषम परिस्थितियों, आर्थिक विषमताओं और सांस्कृतिक संक्रमणों का सजीव चित्रण करता है, बल्कि नगरीय जीवन के अंतर्विरोधों और बौद्धिक संघर्षों को भी अत्यंत प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत करता है। प्रस्तुत शोध–पत्र में 'गोदान' की बहुआयामी संरचना का विश्लेषण करते हुए ग्रामीण एवं शहरी जीवन की प्रासंगिकता, पात्रों के निर्माण में निहित सामाजिक एवं मनोवैज्ञानिक गहराई, तथा शिल्पगत विशेषताओं की विवेचना की गई है। विशेष रूप से मालती और मेहता जैसे पात्रों के माध्यम से प्रेमचन्द ने भारतीय परंपरा और पाश्चात्य आधुनिकता के बीच एक संतुलित संवाद स्थापित किया है, जो आज भी उतना ही समीचीन और विचारोत्तेजक है। यह शोध–पत्र इस बात की पड़ताल करता है कि किस प्रकार 'गोदान' समय के साथ–साथ अधिक प्रासंगिक होता गया है और वर्तमान सामाजिक–सांस्कृतिक संदर्भों में उसकी व्याख्या के नये आयाम उद्घाटित होते हैं।

बीज शब्द :- प्रेमचन्द, गोदान, यथार्थवाद, आंचलिकता, मालती, मेहता, ग्रामीण जीवन, नगरीय जीवन, सामाजिक चेतना, नारी सशक्तिकरण, समकालीनतां

परिचय :-

प्रेमचन्द का कथा–साहित्य भारतीय समाज की गहनतम परतों को उद्घाटित करने वाला सजीव दर्पण है। वे केवल साहित्यकार नहीं, अपितु अपने युग के सजग सामाजिक द्रष्टा भी थे, जिनकी रचनाएँ भारतीय जनजीवन की पीड़ा, संघर्ष, आकांक्षा और चेतना को स्वर देती हैं। उनके अंतिम और सर्वाधिक चर्चित उपन्यास 'गोदान' को समझने के लिए उनके समग्र साहित्यिक दृष्टिकोण और विचारधारा की पृष्ठभूमि को ध्यान में रखना आवश्यक है। प्रेमचन्द की रचना–यात्रा एक सतत विकासशील प्रक्रिया रही है, जिसमें विषयवस्तु की गहराई और शिल्प की परिपक्वता दोनों का क्रमिक विकास दिखाई देता है।

'गोदान' न केवल उनके साहित्यिक जीवन की पराकाष्ठा है, बल्कि यह उपन्यास उनकी सामाजिक–सांस्कृतिक चेतना, आर्थिक विश्लेषण और मानवीय करुणा का समेकित स्वरूप भी प्रस्तुत करता है। यद्यपि 'गोदान' प्रेमचन्द की पूर्व रचनाओं से कथ्य और शिल्प में भिन्न प्रतीत होता है, तथापि उसका मूल स्वर प्रेमचन्द के ही सामाजिक यथार्थवाद से अनुप्राणित है। यह उपन्यास ग्राम्य जीवन की करुण गाथा के साथ–साथ

नगरीय जीवन की बौद्धिक विडम्बनाओं को भी रेखांकित करता है, जिससे इसकी प्रासंगिकता आज भी अक्षुण्ण बनी हुई है।

शोध पद्धति :-

यह शोध–पत्र गुणात्मक विश्लेषण की पद्धति पर आधारित है। इसमें पाठ–आधारित विवेचन, तुलनात्मक दृष्टिकोण और सामाजिक–सांस्कृतिक पृष्ठभूमि के आधार पर 'गोदान' के प्रमुख तत्वों की व्याख्या की गई है। शोध कार्य हेतु प्राथमिक स्रोत के रूप में स्वयं उपन्यास 'गोदान' और द्वितीयक स्रोतों में आलोचना–ग्रंथ, समीक्षाएं, और संबंधित शोध आलेखों का अध्ययन किया गया है।

साहित्य समीक्षा :-

प्रेमचन्द के 'गोदान' पर साहित्यिक जगत में विस्तृत और गंभीर विमर्श हुआ है। यह उपन्यास केवल कथा नहीं, बल्कि एक सामाजिक दस्तावेज है, जिसे विभिन्न आलोचकों ने भिन्न–भिन्न दृष्टिकोणों से परखा और विश्लेषित किया है। डॉ. रामविलास शर्मा के अनुसार, गोदान' भारतीय किसान की आर्थिक, सामाजिक एवं नैतिक त्रासदी का महाकाव्य है, जो भारत की औपनिवेशिक संरचना को बेनकाब करता है। वे इसे भारतीय समाज की बहुआयामी विडम्बनाओं की सशक्त अभिव्यक्ति मानते हैं, जिसमें शोषण, वर्ग–संघर्ष, धार्मिक पाखंड और सांस्कृतिक संक्रमण की गूंज स्पष्ट सुनाई देती है।

आचार्य हजारीप्रसाद द्विवेदी ने 'गोदान' को भारतीय सामाजिक चेतना और यथार्थवादी दृष्टिकोण का सर्वोच्च शिखर" कहा है। उनके अनुसार, प्रेमचन्द की यह कृति न केवल एक ग्रामीण किसान की व्यथा का चित्रण है, बल्कि यह एक व्यापक समाज की आत्मा को उद्घाटित करती है।

जयशंकर प्रसाद के नाटक 'स्कन्दगुप्त' और प्रेमचन्द के 'गोदान' में नारी दृष्टि को लेकर समानान्तर सूक्ष्मताएँ लक्षित की गई हैं। दोनों रचनाकारों के यहां स्त्री केवल प्रेम की आकांक्षी नहीं, बल्कि सांस्कृतिक अस्मिता, विचारशीलता और संघर्षशील चेतना का प्रतीक बनकर उभरती है। वर्तमान में अनेक समकालीन शोध–प्रबंध यह स्थापित करते हैं कि 'गोदान' की नगरीय कथा–संरचना, विशेषतः मेहता और मालती के संवादों और बौद्धिक विमर्शों के माध्यम से आधुनिक भारत के बौद्धिक वर्ग, नारी स्वतंत्रता, और संस्कृति बनाम आधुनिकता के द्वंद्व को उजागर करती है, जो आज के भारतीय समाज में अत्यंत प्रासंगिक है। डॉ. धनञ्जय वर्मा के अनुसार दृगोदान' में वर्णित नगरीय संघर्ष और ग्रामीण जीवन की दरिद्रता, आज भी भारतीय समाज की मूलभूत समस्याओं के रूप में विद्यमान हैं। यह उपन्यास समय को पार करते हुए सामाजिक चेतना की अंतर्धारा बना रहता है। इस प्रकार, 'गोदान' पर हुआ आलोचनात्मक विमर्श यह स्पष्ट करता है कि यह कृति केवल प्रेमचन्द के साहित्यिक जीवन की पराकाष्ठा नहीं है, बल्कि हिंदी उपन्यास की सामाजिक जमीन का प्रामाणिक दस्तावेज भी है, जिसकी वैचारिक प्रासंगिकता आज भी अक्षुण्ण बनी हुई है।

गोदान' का प्रतीकात्मक अर्थ और समकालीन भारतीय समाज :-

प्रेमचन्द के कथा–साहित्य की सम्यक् समझ तभी संभव है जब उनकी रचनाओं का मूल्यांकन उनके समग्र साहित्यिक चिन्तन और रचनात्मक विकास की निरंतरता में किया जाए। प्रायः आलोचकों द्वारा उनकी कृतियों का मूल्यांकन खंडित दृष्टि से– एकल उपन्यासों या कहानियों के आधार पर किया गया है, जो उनके समग्र अवदान की पूर्ण व्याख्या नहीं कर पाता। प्रेमचन्द की रचना–यात्रा एक निरंतर विकसित होती प्रक्रिया रही

है, जिसमें विषयवस्तु और शिल्प–दृष्टि दोनों में क्रमिक परिष्कार स्पष्ट रूप से लक्षित होता है।

उनकी अंतिम औपन्यासिक कृति 'गोदान', इस रचनात्मक विकास की परिपक्व परिणति के रूप में सामने आती है। यह उपन्यास प्रेमचन्द की पूर्ववर्ती परंपरा से भिन्न प्रतीत होता है, किंतु वस्तुतः उसकी जड़ें उन्हीं के सामाजिक यथार्थवाद और आदर्श–प्रेरित दृष्टिकोण में निहित हैं। अतः 'गोदान' का मूल्यांकन प्रेमचन्द की रचना–परंपरा के संदर्भ में ही सार्थक रूप से किया जा सकता है।

प्रेमचन्द की रचनाएँ प्रायः विषय– और समस्या–प्रधान होती हैं, और उनके उपन्यासों के शीर्षक सामान्यतः व्यक्तिनिष्ठ न होकर सामाजिक–सांस्कृतिक समस्याओं को इंगित करते हैं। 'निर्मला' को छोड़कर कोई भी उपन्यास किसी पात्र के नाम पर नहीं है। उदाहरणतः, 'रंगभूमि' को 'सूरदास' और 'गोदान' को 'होरी' नाम दिया जा सकता था, किंतु प्रेमचन्द द्वारा समस्या के शीर्षक को प्राथमिकता देने से उनके आशय की गहनता का संकेत मिलता है।

प्रेमचन्द के चरित्र–निर्माण की प्रक्रिया विशेष रूप से उल्लेखनीय है। यद्यपि उनकी रचनाओं के सामाजिक–आर्थिक संदर्भ समयानुसार बदल चुके हैं, परन्तु उनके पात्रों की मानवीय संवेदनशीलता, नैतिक संघर्ष और चारित्रिक विकास आज भी प्रासंगिक हैं। उनके पात्रों में सद् और असद् दोनों प्रवृत्तियाँ पाई जाती हैं, जो परिस्थितियों के अनुसार विकसित होकर व्यक्ति को देवत्व या दानवत्व की ओर ले जाती हैं। विशेष बात यह है कि अनेक बार असद् प्रवृत्तियों वाले पात्र भी प्रेमचन्द की लेखनी में अंततः सकारात्मक दिशा में विकसित होते हैं। यह दृष्टिकोण उनके आदर्शोन्मुख यथार्थवाद की विशेष पहचान है।

यद्यपि 'आदर्शोन्मुख यथार्थवाद' कोई औपचारिक वाद नहीं है, तथापि प्रेमचन्द की रचनाओं में यह प्रवृत्ति स्पष्ट रूप से दृष्टिगोचर होती है– जहाँ यथार्थ की प्रस्तुति करते हुए भी वह उसे एक नैतिक ऊर्ध्वगमन की दिशा में ले जाते हैं। 'गोदान' में यह प्रवृत्ति अपेक्षाकृत अधिक सूक्ष्म और जटिल रूप में प्रकट होती है। उपन्यास का नायक 'होरी' अपने अंतर्मन में आदर्शों के प्रति आस्था रखता है, परंतु सामाजिक संरचनाएं, आर्थिक विवशताएं और धार्मिक विडंबनाएं उसे बार–बार झुका देती हैं। इस संघर्ष की परिणति एक त्रासद सौंदर्य में होती है, जो 'गोदान' को प्रेमचन्द की सर्वाधिक सशक्त कृति बनाती है।

'गोदान' के कथानक की संरचना में प्रेमचन्द ने स्थान परिवर्तन का नवाचार किया है। उन्होंने अपने गांव लमही (वाराणसी के पास) की अपेक्षा अवध क्षेत्र के काल्पनिक गांवों – सेमरी और बेलारी– को कथा के केंद्र में रखा। इसका कारण यह है कि अवध के भू–सामाजिक परिवेश में वे सभी तत्त्व जैसे तालुकेदारी शोषण, ग्रामीण महाजनी व्यवस्था, धार्मिक रूढ़ियाँ और आंचलिक जीवन की विविधता – सहज रूप से समाहित हो सकते थे, जो 'गोदान' के कथ्य के लिए आवश्यक थे।

वस्तुतः, अवध और आगरा खंड की सामाजिक संरचनाएं भिन्न थीं। अवध क्षेत्र के जमींदारों, महाजनों और किसानों के संबंधों में जो विडंबनाएं थीं, वे आगरा खंड की अपेक्षा अधिक तीव्र थीं। प्रेमचन्द ने इसी विशेषता को कथावस्तु में रूपायित किया। रामलीला, पंचायती व्यवस्था, तालुकेदारी का दबाव और महाजनी शोषण जैसे प्रसंग 'गोदान' में आंचलिकता की सघन उपस्थिति को प्रमाणित करते हैं।

आज भले ही स्वतंत्र भारत में जमींदारी उन्मूलन, सहकारिता आंदोलन, ग्रामीण बैंकिंग, संचार माध्यमों की व्यापकता आदि ने परिस्थितियाँ बदल दी हों, परन्तु प्रेमचन्द द्वारा चित्रित मानवीय संघर्ष, सामाजिक असमानता,

और संस्कृति बनाम सत्ता की लड़ाई अब भी जीवित है– भले ही उनके रूप बदल गए हों।

इस दृष्टि से 'गोदान' केवल एक युग विशेष का आंचलिक चित्रण नहीं है, बल्कि यह भारतीय समाज की चिरंतन विडंबनाओं का प्रतिनिधित्व करता है। प्रेमचन्द की दृष्टि में लोक ही साहित्य का केन्द्र है– और 'गोदान' इसी लोक का अमर आख्यान है।

'गोदान' उपन्यास में 'होरी' की आर्थिक समस्याओं और उसके शोषण की जटिल परिस्थितियों को उजागर करते हुए प्रेमचन्द ने इसे केवल एक आंचलिक कथा के दायरे में सीमित नहीं होने दिया। यदि हम चरित्रों की मनोवृत्तियों को छोड़ दें, तो 'गोदान' की ग्रामीण कथा का बहुत बड़ा भाग आज की सामाजिक संरचना में अप्रासंगिक प्रतीत हो सकता है, किन्तु प्रेमचन्द के रचे गए ग्रामीण पात्र आज भी अपनी विश्वसनीयता बनाए हुए हैं। जब ये पात्र समाज के गहरे संवेदनशील प्रश्नों पर अपने आचरण में मर्दानगी दिखलाते हैं, तो पाठक के मन में उनके प्रति आस्था और सघन हो जाती है। 'होरी' का 'सिलिया' और 'झुनिया' को संरक्षण देना, अपने अलग हो चुके भाई 'हीरा' की अवहेलना न कर उसके परिवार को संभालना, तथा रामलीला में मेहता के वेश को पहचान कर उपजे अपमान और आतंक को चुनौती देना, ऐसे प्रसंग हैं जो 'होरी' के चारित्रिक सौंदर्य और साहस को उजागर करते हैं। अमीरी और गरीबी के बीच गहराते हुए सांस्कृतिक तनाव के क्षणों में, 'होरी' का व्यक्तित्व इन दोनों के मध्य खड़ा होकर न्याय और मर्यादा की रक्षा करता है। जब शहर के संभ्रांत और शिक्षित वर्ग के लोग 'मालती' की अस्मिता पर संकट आते देख चुप्पी साध लेते हैं, तब एक साधारण कृषक 'होरी' निर्भीक होकर खड़ा होता है और सामाजिक आततायी के प्रतिरोध में प्रत्यक्ष संघर्ष करता है।

इस प्रकार प्रेमचन्द ने अपने उपन्यास के शिल्प में घटनाओं की प्रधानता के माध्यम से चारित्रिक उदात्तता को अधिक महत्व दिया है। उनके लिए शिल्प का नैसर्गिक प्रवाह चरित्रों की गरिमा के समक्ष गौण हो जाता है। यही दृष्टिकोण प्रेमचन्द की कथा–कला को जीवंत बनाता है और उनके पात्रों को समयातीत प्रासंगिकता प्रदान करता है। यद्यपि ग्रामीण समाज में स्त्रियों के प्रति उत्पीड़न की प्रवृत्तियाँ आज भी किसी न किसी रूप में उपस्थित हैं, तथापि सामाजिक चेतना में परिवर्तन के कारण अब वे परंपरागत दबावों से मुक्त होती जा रही हैं। जिन वर्गों की स्त्रियाँ पहले उच्च जातियों के पुरुषों के शोषण की शिकार होती थीं, अब वे अपनी अस्मिता और अधिकारों के प्रति सजग हो चुकी हैं। 'मातादीन' के साथ घटित घटना इस संघर्ष की प्रतीकात्मक अभिव्यक्ति बनकर सामने आती है, जो ब्राह्मणवादी वर्चस्व के विरुद्ध उभरते दलित प्रतिरोध का संकेत देती है।

'गोदान' शीर्षक भी आज नए सवालों के घेरे में है। गोदान की धार्मिक, आर्थिक और सांस्कृतिक प्रासंगिकता अब बदलते सामाजिक संदर्भों में पुनः मूल्यांकन की अपेक्षा रखती है। इसके समानांतर नगरीय कथा के पात्र, विशेषकर वे जो आधुनिकता, शिक्षा और व्यवसाय से जुड़े हैं– जैसे मिल मालिक, पत्रकार, विधायक, डॉक्टर– आज भी अपने पूरे प्रभाव के साथ उपस्थित हैं। 'मालती' और 'मेहता' जैसे पात्र प्रेमचन्द के साहित्यिक दृष्टिकोण की व्यापकता को दर्शाते हैं। विशेषकर 'मालती' का चरित्र, जिसमें युग–बोध, अनुभव और भविष्य की सामाजिक चेतना का समावेश है, प्रेमचन्द की रचनात्मक दृष्टि की पराकाष्ठा मानी जा सकती है।

शिकार आयोजन और रामलीला जैसे प्रसंगों में प्रेमचन्द ने नारी और पुरुष वैभव की संरचना को अत्यंत सूक्ष्मता से चित्रित किया है। इस चित्रण के क्रम में कई घटनाएं जैसे– गोबर का पलायन, झुनिया द्वारा होरी के उपकारों को भुलाकर गोबर के साथ जाना, तथा उनका 'मालती' और 'मेहता' की मंडली से जुड़ जाना–कथानक

के प्राकृतिक प्रवाह को कहीं–कहीं बाधित करते प्रतीत होते हैं। प्रतीत होता है कि प्रेमचन्द युगबोध के चित्रण में इतने प्रतिबद्ध थे कि उन्होंने गोबर जैसे संभावनाशील पात्र को उसके विकास से वंचित कर दिया। गोबर के व्यक्तित्व में वह क्षमता निहित थी कि वह युवा वर्ग का प्रतिनिधि बन सकता था, परन्तु प्रेमचन्द ने उसे कथा के मुख्य प्रवाह से विलग कर दिया, जिससे उसकी नियति भी 'होरी' जैसी हो गई।

नारी पात्रों का चित्रण 'गोदान' में विशेष रूप से सशक्त रूप में किया गया है। चाहे वह 'धनिया' हो, 'दुलारी' सहुआइन या 'सिलिया'–सभी में जीवन शक्ति, साहस और सामाजिक चेतना की स्पष्ट झलक मिलती है। आधुनिक शिक्षा के आलोक में विकसित होती नारी चेतना को प्रेमचन्द ने 'मालती' के माध्यम से विशेष रूप से रूपायित किया है। 'मालती' आधुनिकता, सेवा–भाव, स्वाभिमान और सामाजिक उत्तरदायित्व की प्रतीक है, परन्तु उसकी असमर्थताएं भी प्रेमचन्द की दृष्टि से ओझल नहीं हैं। वे उसे एक पूर्ण मानव रूप में प्रस्तुत करते हैं– जिसमें शिक्षा और स्वतंत्रता है, पर साथ ही नारी सुलभ दुर्बलताएं भी। "मालती बाहर से तितली है, भीतर से मधुमक्खी"।[1] यह कथन उसके अंतःस्वरूप को उजागर करता है। सेवा–भाव से युक्त और आत्मसम्मान से संपन्न 'मालती' अपने स्वभाव में सहज है, पर अवसर आने पर उसमें ईर्ष्या और स्वाभाविक स्त्री–भावनाएं भी मुखर हो उठती हैं। वही दूसरी ओर कहते हैं कि–"शिक्षा भले ही किसी को नई दृष्टि दे, पर वह व्यक्ति के मूल संस्कारों को पूरी तरह परिवर्तित नहीं कर सकती। भारतीय नारी के विकास की यह यात्रा पौराणिक युग से आज तक की है, जिसमें उसने असंख्य विरोधाभासों को अपने भीतर समेटे रखा है।"[3] प्रेमचन्द इसी विरासत को 'गोदान' में पकड़ते हैं। 'उर्वशी' का 'पुरुरवा' को दिया गया उपदेश", नारी के चरित्रगत द्वंद्व को गहराई से प्रकट करता है। प्रेमचन्द 'मालती' के माध्यम से इस द्वंद्व को आधुनिक संदर्भों में पुनः प्रतिपादित करते हैं। जब 'मालती' अपने भीतर उमड़ती ईर्ष्या की भावना से किसी काली–कलूटी जंगली युवती की उपेक्षा करती है, तो यह केवल एक स्त्री का ही नहीं, बल्कि मनुष्य की संकीर्णता का भी सूक्ष्म चित्रण बन जाता है।

'मालती' का आधुनिक जीवन, उसके सामाजिक व्यवहार, पुरुषों से उसका खुला संवाद, और सेवा भावना – ये सब उसे एक विचारशील आधुनिक महिला बनाते हैं। पर यदि प्रेमचन्द केवल इन पहलुओं पर ही ध्यान देते, तो वह एक सजीव नारी पात्र नहीं बनती, बल्कि एक आदर्शवादी बौद्धिक कल्पना मात्र रह जाती। उसकी सहज दुर्बलताएं, असहज प्रतिक्रियाएं, और ईर्ष्या–भाव उसे मांस–मज्जा की स्त्री बनाते हैं। यही संतुलन प्रेमचन्द की रचनाशीलता को महान बनाता है और 'गोदान' को एक शाश्वत सामाजिक दस्तावेज का दर्जा देता है।

प्रेमचन्द की दृष्टि सदा भविष्य की ओर उन्मुख रही है। अब तक उन्होंने प्रेम की परिणति विवाह में दिखाकर उसके अभाव को पाप की संज्ञा दी थी, किंतु यदि मालती और मेहता के प्रसंग में भी यही परिपाटी अपनाई जाती, तो आज यह युग–सापेक्ष नहीं रह पाता। प्रेमचन्द ने इस प्रेम–संबंध को औपचारिकताओं से मुक्त किया है। बहते जल में मेहता के डूब जाने की आशंका से व्यथित होकर मालती का विचलित होना, उसके प्रेम की गंभीरता को रेखांकित करता है। यद्यपि वह मेहता के कंधे पर चढ़कर उस प्रवाह को पार करती है, तथापि "अगर कोई देख ले"[4] – यह कहना उसकी स्वाभाविक लज्जा का परिचायक है। भले ही आज की आधुनिक नारी इस स्थिति में लज्जा का अनुभव न करे, किन्तु प्रेमचन्द की दृष्टि में उस समय का वर्तमान और संभावित भविष्य दोनों ही विद्यमान थे। उपन्यास की समाप्ति तक आते–आते प्रेम की चरम परिणति किसी करुण त्रासदी में नहीं बदलती, यही प्रेमचन्द की विलक्षण विशेषता है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया है कि– "प्रेम के परिणय–विहीन अंत

को लेकर प्रेमचन्द के समय में भी पश्चिमी शिक्षा के प्रभाव स्वरूप सामाजिक दबाव सशक्त हो रहा था।"[5]

हिंदी साहित्य में इस प्रवृत्ति के प्रवर्तक के रूप में जयशंकर प्रसाद का नाम उल्लेखनीय है। उनके नाटक 'स्कन्दगुप्त' में स्कन्द और देवसेना का प्रेम–विकास परिणय में नहीं, बल्कि एक आध्यात्मिक पूजाभाव में संपन्न होता है, जिसने अनेक बाद के रचनाकारों को भी प्रभावित किया। प्रेमचन्द के 'मालती–मेहता' और आचार्य हजारीप्रसाद द्विवेदी के 'बाणभट्ट की आत्मकथा' में 'भट्ट' और 'भट्टिनी' के प्रेम–प्रसंग में इसी दृष्टिकोण की झलक स्पष्ट रूप से देखी जा सकती है। यह दोनों ही रचनाएँ 'स्कन्दगुप्त' के पश्चात प्रकाशित हुई थीं। प्रसाद की दृष्टि भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों से परिपूर्ण रही, इसलिए उन्होंने प्रेम के अंतिम क्षणों में भी नारी–पुरुष संबंधों को वासना की भूमि से उठाकर श्रद्धा और पूजन की भावभूमि पर प्रतिष्ठित किया। इसके विपरीत प्रेमचन्द और द्विवेदी की कृतियों में यह आदर्श पूरी तरह से नहीं दिखाई देता। प्रेमचन्द की कथा–सृष्टि में पाश्चात्य दृष्टिकोण का और द्विवेदी जी के साहित्य में छायावादी मूल्यबोध का प्रभाव स्पष्ट रूप से परिलक्षित होता है।

प्रेमचन्द की रचनात्मक दृष्टि ने नारी–पुरुष संबंधों को केवल पारंपरिक विवाह की सीमा तक नहीं बाँधा, बल्कि उन्होंने सामाजिक यथार्थ और बदलते समय के संदर्भ में इन्हें पुनर्परिभाषित करने का प्रयास किया। श्गोदानश में मालती और मेहता का संबंध इसी नव्य दृष्टिकोण का परिचायक है। यह संबंध केवल भावनात्मक नहीं, बल्कि सामाजिक और बौद्धिक विमर्श का भी केंद्र बनता है।

आज के समाज में जॉन पॉल सार्त्र और सिमोन द बोउआर जैसे दार्शनिकों के परिणयरहित प्रेम संबंधों को खुले रूप में स्वीकार किया जा रहा है। आधुनिक महानगरीय जीवन में कुँवारी माँ और स्वतंत्र विधवा जैसी संकल्पनाएँ अब लज्जा का कारण नहीं, बल्कि सामाजिक आत्मविश्वास की प्रतीक बन चुकी हैं। विज्ञापन और मीडिया इन रूपों को गर्व से प्रस्तुत कर रहे हैं।

इस सन्दर्भ में प्रेमचन्द की मालती एक ऐसी स्त्री का प्रतिनिधित्व करती है, जो आधुनिकता और परंपरा के मध्य संतुलन बनाकर चलती है। वह पश्चिमी मुक्त प्रेम की विचारधारा को तो समझती है, किन्तु भारतीय सामाजिक मूल्यों को भी पूरी तरह नकारती नहीं है। मेहता और मालती के मध्य विवाह न करने का निर्णय केवल निजी स्वतंत्रता का नहीं, बल्कि दायित्व और आत्मनिर्णय का भी घोष है। मालती कहती है– 'मैं महीनों से इस प्रश्न पर विचार कर रही हूं और अंत में मैंने यह तय किया कि मित्र बनकर रहना स्त्री, पुरुष बनकर रहने से कहीं सुखकर है... मैं भी तुमसे प्रेम करती हूं, तुम पर विश्वास करती हूं और तुम्हारे लिए कोई ऐसा त्याग नहीं है जो मैं न कर सकूं...'।[6]

यह कथन केवल एक स्त्री के निर्णय की स्वतंत्र घोषणा नहीं, बल्कि उस सामाजिक संक्रमण की ओर संकेत करता है, जिसमें प्रेम, विवाह और जीवन की पारंपरिक परिभाषाएं पुनः गढ़ी जा रही हैं।

यदि प्रेमचन्द इस प्रसंग को यहीं समाप्त कर देते, तो यह केवल आदर्श प्रेम की एक कोमल अभिव्यक्ति होती। लेकिन लेखक आगे बढ़ते हैं और लिखते हैं– 'और दोनों एकान्त होकर प्रगाढ़ आलिंगन में बंध गए। दोनों की आंखों से आंसुओं की धारा बह रही थीं।'[7]

यह 'एकान्त'शब्द उस गहरे भावबोध को व्यक्त करता है, जिसमें प्रेम, संवेदना और सामाजिक वर्जनाओं से परे आत्मीयता एक नये रूप में उभरती है। प्रेमचन्द एक प्रकार से उस भावी भारतीय समाज की झलक देते हैं, जिसमें परिणयविहीन प्रेम संबंधों की स्वीकृति बढ़ेगी और महानगरीय संस्कृति में यह संबंध सामाजिक ढांचे का

हिस्सा बन जाएंगे। जहाँ एक ओर 'होरी' और 'धनिया' जैसे ग्रामीण पात्र अपनी पारंपरिक भूमिका में सीमित होकर धीरे–धीरे अपनी प्रासंगिकता खोते जाते हैं, वहीं मालती और मेहता जैसे पात्र भविष्य की सामाजिक संरचना में अधिक सार्थक और जीवंत प्रतीत होते हैं।

आज भी समाज में उपदेश देना एक सामान्य प्रवृत्ति बनी हुई है, परंतु यह कार्य प्रायः आत्मावलोकन के अभाव में ही किया जाता है। यह मानवीय स्वभाव की शाश्वत विसंगति है। 'गोदान' का पात्र दातादीन स्वयं नैतिक रूप से पतित होते हुए भी सामाजिक प्रतिष्ठा का स्वांग रचता है। उसका पुत्र एक निम्नवर्णीय स्त्री के साथ संलग्न है, फिर भी दातादीन, धनिया जैसी स्त्री को यह कहने का साहस करता है– 'कैसे धोखा ख गई?' यह द्वैध आचरण आज भी हमारे सामाजिक और राजनीतिक नेतृत्व में देखा जा सकता है, जहां दागदार व्यक्तित्व सार्वजनिक मंचों पर सम्मानित पदों पर सुशोभित हैं।

'मातादीन' के मुंह में जब निम्न जाति के लोगों द्वारा हड्डी डाल दी जाती है, तो सामाजिक व्यवस्था का सारा ढांचा हिल जाता है। प्रेमचन्द ने इस घटना के माध्यम से दलितों के दमन के विरुद्ध प्रतीकात्मक प्रतिरोध को दर्शाया है। आज की सामाजिक स्थिति में जब दबे–कुचले वर्ग अपने अधिकारों के लिए मुखर हो रहे हैं, 'गोदान' की यह घटना नई चेतना का प्रतीक बन जाती है।

उपन्यास में स्त्री पात्रों की प्रस्तुति विशेष रूप से उल्लेखनीय है। झुनिया और सिलिया जैसी स्त्रियाँ बहस में अपनी सक्रिय भागीदारी देती हैं। वहीं धनिया का साहस इस हद तक बढ़ा हुआ है कि वह थानेदार से भी टकरा जाती है, जबकि पुरुष वर्ग लाल पगड़ी देखकर सहम जाता है। प्रेमचन्द ने यह स्पष्ट कर दिया है कि स्त्रियाँ अब केवल घर की चारदीवारी तक सीमित नहीं हैं, वे अपने अधिकार और सम्मान की लड़ाई लड़ने को तैयार हैं। चाहे वह झोपड़ी की महिलाएं हों या उच्च शिक्षित नागरी स्त्रियाँ, उनमें आत्मचेतना और आत्मसम्मान का बोध स्पष्टतः परिलक्षित होता है।

'मालती' के चरित्र में प्रेमचन्द ने उस आधुनिक स्त्री की छवि प्रस्तुत की है जो परंपरा और आधुनिकता के द्वंद्व में जूझते हुए भी अपनी स्वतंत्र अस्मिता की खोज करती है। उनके इस चित्रण के माध्यम से यह सुस्पष्ट होता है कि ग्रामीण परिवेश की महिलाएं अपेक्षाकृत अधिक चारित्रिक दबाव और विचलनों की शिकार रही हैं।

शिल्प की दृष्टि से 'गोदान' का दोहरा कथानक–ग्रामीण और नागरीय जीवन की समानांतर प्रस्तुति–भारतीय उपन्यास साहित्य में एक अभिनव प्रयोग रहा है। इस पर आलोचकों और पाठकों के मध्य अनेक सार्थक चर्चाएँ हुई हैं। परंतु यह निर्विवाद है कि विषयवस्तु के धरातल पर 'गोदान' आज भी स्वतंत्रता–पूर्व और पश्चात भारत की यथार्थपरक सामाजिक व्याख्या प्रस्तुत करता है।

निष्कर्ष :-

'गोदान' केवल एक किसान की व्यथा–कथा नहीं, बल्कि तत्कालीन भारतीय समाज का बहुआयामी दर्पण है, जिसमें ग्रामीण और शहरी दोनों जीवन के संकट, संघर्ष, परिवर्तन और विडंबनाएँ गहराई से चित्रित हैं। प्रेमचन्द ने न केवल शोषण और सामाजिक असमानताओं को उकेरा है, बल्कि उन्होंने मानव प्रवृत्तियों, राजनीतिक अवसरवाद, धार्मिक पाखंड, स्त्री–जागरण और वर्ग–संघर्ष को भी बड़ी ईमानदारी और यथार्थवादी दृष्टिकोण से प्रस्तुत किया है। आज की सामाजिक और राजनीतिक परिस्थितियाँ यदि देखें, तो 'गोदान' में चित्रित हर पात्र और परिस्थिति आज भी किसी न किसी रूप में हमारे सामने विद्यमान है–चाहे वह दातादीन जैसा ढोंगी नेता हो,

मातादीन जैसा पाखंडी धर्मगुरु, या झुनिया और धनिया जैसी जागरूक स्त्रियाँ। ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी स्त्रियाँ सामाजिक अन्याय के विरुद्ध आवाज उठा रही हैं और नगरीय समाज में पूंजीवाद, मीडिया की विकृति, चुनावी स्वार्थ और नैतिक पतन की समस्याएँ जस की तस बनी हुई हैं।

प्रेमचन्द की दृष्टि केवल सामाजिक वर्णन तक सीमित नहीं रही, उन्होंने अपने साहित्य से उस परिवर्तन की नींव रखी जिसकी गूंज आज भी सुनाई देती है। 'गोदान' का ग्रामीण कथानक उस काल की सामाजिक सच्चाइयों को उजागर करता है, जबकि शहरी कथा स्वतंत्रता के बाद उभरती मध्यवर्गीय और पूंजीवादी मानसिकता पर करारा प्रहार करती है। यह उपन्यास इस बात का प्रमाण है कि यथार्थवादी साहित्य समय की सीमाओं से परे होता है और हर युग में नए अर्थ ग्रहण करता है।

इस प्रकार 'गोदान' आज भी केवल एक ऐतिहासिक उपन्यास नहीं, बल्कि भारतीय समाज के लिए एक चेतनात्मक ग्रंथ है, जो हमें न केवल अतीत की याद दिलाता है, बल्कि वर्तमान को समझने और भविष्य को दिशा देने का आधार भी प्रस्तुत करता है। जहाँ स्वतंत्रता–पूर्व भारत में 'गोदान' की ग्रामीण कथा अत्यंत प्रासंगिक थी, वहीं आज के संदर्भ में इसकी नागरीय कथा कहीं अधिक यथार्थ के निकट जान पड़ती है। चुनावी जोड़–तोड़, संपादकीय हस्तक्षेप, पीत पत्रकारिता, पूंजीवादी शोषण, श्रमिक संगठन की असफलता, यौन शोषण की बढ़ती घटनाएं, धार्मिक पाखंड और दलित प्रतिरोध जैसी समकालीन समस्याएं उपन्यास की नगरीय कथा में यथार्थ रूप से चित्रित हैं। अतः 'गोदान' केवल एक साहित्यिक कृति नहीं, बल्कि भारतीय सामाजिक जीवन का ऐतिहासिक दस्तावेज है, जिसकी प्रासंगिकता समय के साथ और भी बढ़ती गई है।

सम्मान :–

1. पद्मभूषण दिनकर सम्मान 2024 एवं
2. विद्या वाचस्पति सारस्वत सम्मान प्राप्त ग्रीन साइंटिस्ट अवार्ड।

संदर्भ :–

1. गोदान – संस्करण 1995, पृ० 143
2. नवम स्कन्द के चौदहवें अध्याय से अनूदित चन्द्रवंश का।
3. गोदान, पृ० 66
4. वही, पृ० 61
5. वही, पृ० 273
6. वही, पृ० 274
7. वही, पृ० 274

संगम Impact Factor : 7.834
Website : www.ginajournal.com
ISSN : 2321-8037
गीना देवी शोध संस्थान द्वारा प्रकाशित बहुभाषिक–बहुविषयक शोध को समर्पित अंतर्राष्ट्रीय मासिक
AN INTERNATIONAL MULTIDISCIPLINARY MONTHLY MULTI LANGUAGE
PEER REVIEWED REFEREED RESEARCH JOURNAL
SANGAM
Vol. 13, Issue 7-8
पृष्ठ : 195–202

तुलसी का रामराज्य : भक्ति में राजनीतिक विमर्श

पीयूष कुमार दुबे
सहायक प्राध्यापक, हिंदी विभाग, कॉलेज ऑफ वोकेशनल स्टडीज, दिल्ली विश्वविद्यालय।

शोध सार :–

यह शोध आलेख गोस्वामी तुलसीदास के साहित्य, विशेषतः रामचरितमानस में अभिव्यक्त राजनीतिक चेतना एवं लोकतांत्रिक मूल्यों का गहन विश्लेषण प्रस्तुत करता है। तुलसीदास सामान्यतः भक्तिकाव्य के मूर्धन्य कवि के रूप में प्रतिष्ठित हैं, परंतु यह अध्ययन उन्हें एक सशक्त सामाजिक–राजनीतिक विचारक के रूप में पुनर्परिभाषित करने का प्रयास करता है। आलेख इस विचार को केंद्र में रखता है कि तुलसी के रामराज्य की संकल्पना मात्र धार्मिक आदर्श नहीं, बल्कि एक समावेशी, न्यायसंगत और लोकहितैषी शासन प्रणाली का आदर्श प्रतिमान है, जो आधुनिक लोकतांत्रिक सिद्धांतों से साम्य रखता है।

तुलसीदास के समय की सामाजिक–राजनीतिक परिस्थिति विशेषतः मुगल सामंतवादी व्यवस्था की पृष्ठभूमि, जहाँ जन–कल्याण गौण और शोषण प्रमुख था, में तुलसी का रामराज्य एक वैकल्पिक राजनीतिक दृष्टिकोण प्रस्तुत करता है। इस आदर्श में जनमत की प्रधानता, सामाजिक समानता, न्याय, उत्तरदायी शासन और मर्यादित स्वतंत्रता जैसे तत्व स्पष्ट रूप से परिलक्षित होते हैं। यह आलेख तुलसी द्वारा वर्णित रामराज्य को एक प्रकार की राजनीतिक स्थापना के रूप में देखता है, जो तत्कालीन व्यवस्था के विरुद्ध एक वैचारिक प्रतिरोध भी है।

यह आलेख तुलसीदास के काव्य में वर्णित विभिन्न प्रसंगों जैसे – राम के युवराज बनने की प्रक्रिया, निषादराज गुह और शबरी जैसे वंचित पात्रों से उनके संबंध, तथा राजा द्वारा प्रजा की आलोचना के प्रति उत्तरदायित्व आदि का विश्लेषण करता है। इन प्रसंगों के माध्यम से तुलसी की गहरी लोकतांत्रिक संवेदना का उद्घाटन होता है, जिसमें राम एक सर्वप्रिय शासक के रूप में चित्रित होते हैं, जो सत्ता का नहीं, सेवा का प्रतीक हैं।

स्त्री विषयक दृष्टिकोण पर यह लेख तुलसीदास का पुनर्पाठ करता है। इस संदर्भ में, आलेख यह इंगित करता है कि तुलसीदास अपनी युगीन सीमाओं के भीतर रहकर भी स्त्रियों की गरिमा, शक्ति और स्वतंत्र अस्तित्व को अनेक स्थलों पर रेखांकित करते हैं – विशेषतः सीता के चरित्र में। तुलसी द्वारा प्रतिपादित 'एकपत्नीव्रत' का आदर्श स्त्री–पुरुष समानता के पक्ष में एक मौन क्रांति के रूप में देखा जा सकता है।

इसके अतिरिक्त आलेख में तुलसी की कर–नीति, राजधर्म, प्रजा के अधिकार एवं शासक के दायित्व पर भी विशेष चर्चा की गई है। 'बरषत हरषत लोग सब, करसत लखे न कोइ' जैसी पंक्तियाँ एक ऐसी कर प्रणाली की रूपरेखा प्रस्तुत करती हैं जो शोषण नहीं, सहभागिता पर आधारित है। तुलसी का यह दृष्टिकोण आधुनिक लोकतंत्र में 'कल्याणकारी राज्य' (Welfare State) की अवधारणा से मेल खाता है।

अंततः, यह शोध इस निष्कर्ष पर पहुँचता है कि तुलसीदास का काव्य एक ओर जहाँ भक्ति और आध्यात्मिक चेतना का श्रेष्ठ उदाहरण है, वहीं दूसरी ओर यह सामाजिक–सांस्कृतिक एवं राजनीतिक विमर्श का भी समृद्ध माध्यम है। उनका रामराज्य केवल धार्मिक श्रद्धा का विषय नहीं, बल्कि एक विचारधारा है – जिसमें मानवीय गरिमा, समानता, न्याय और जन–हित की स्थापना की आकांक्षा है। तुलसीदास की राजनीतिक दृष्टि आज के संदर्भ में भी उतनी ही प्रासंगिक है, जितनी अपने समय में थीय और इसीलिए उन्हें भक्त कवि से आगे बढ़कर लोकनायक और राजनीतिक चिन्तक के रूप में भी पुनर्मूल्यांकित किया जाना चाहिए।

शोध आलेख :–

आधुनिक विश्व की शासन प्रणालियों में लोकतंत्र को सर्वोच्च स्थान प्राप्त है। यह शासन व्यवस्था ऐसी प्रणाली के रूप में प्रतिष्ठित है, जिसमें राज्यसत्ता का संचालन जनसामान्य द्वारा निर्वाचित प्रतिनिधियों के माध्यम से जनहित के परिप्रेक्ष्य में किया जाता है। लोकतंत्र की ऐतिहासिक उत्पत्ति का विश्लेषण करने पर प्राचीन यूनान का उल्लेख प्रमुख रूप से उभरता है। पाश्चात्य इतिहास लेखकों द्वारा ग्रीस को विश्व का प्रथम लोकतांत्रिक राष्ट्र निरूपित किया गया है। आधुनिक लोकतंत्र के विकासक्रम में 1688 ईस्वी में इंग्लैंड में संपन्न कथित 'रक्तहीन क्रांति' एक अत्यंत महत्वपूर्ण ऐतिहासिक मोड़ के रूप में मानी जाती है, जिसके परिणामस्वरूप वहाँ राजशाही की निरंकुश सत्ता का ह्रास हुआ और संसदीय प्रणाली की सर्वोच्चता स्थापित हुई। यद्यपि इंग्लैंड ने लोकतंत्र के औपचारिक स्वरूप को अंगीकार किया, तथापि वह आज भी संवैधानिक राजतंत्र की परंपरा को संरक्षित रखे हुए है तथा पूर्ण लोकतांत्रिक रूपांतरण की दिशा में पूर्णतः अग्रसर नहीं हो सका है। ब्रिटेन के पश्चात अमेरिका, फ्रांस तथा रूस में घटित क्रांतियाँ भी लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं की स्थापना की दिशा में निर्णायक सिद्ध हुईं। अमेरिका आज लिखित संविधान से संचालित एक व्यवस्थित लोकतांत्रिक देश के रूप में स्थापित है, तो फरांस में भी लोकतंत्र की स्थिति सुदृढ़ कही जा सकती है। रूस में कहने को तो संविधान आधारित लोकतंत्र है, परंतु उसका स्वरूप पूर्णतः अधिनायकवादी हो चुका है, जहां संविधान संशोधन के माध्यम से पुतिन 2036 तक के लिए राष्ट्रपति पद सुरक्षित कर चुके हैं।[1]

यह सही है कि आधुनिक लोकतांत्रिक शासन प्रणालियों की स्थापना एवं विकास का ऐतिहासिक श्रेय पश्चिमी देशों को जाना चाहिए। विशेषतः यूनान, इंग्लैंड, फ्रांस और अमेरिका की क्रांतियाँ लोकतंत्र की संस्थागत संरचना के निर्माण में महत्त्वपूर्ण मील के पत्थर सिद्ध हुई हैं। परन्तु, यह उल्लेख करना भी अत्यंत आवश्यक है कि जिन मूलभूत सिद्धांतों – जैसे जन–सहमति, समानता, न्याय, उत्तरदायित्व तथा लोकहित – पर आधुनिक लोकतंत्र की आधारशिला टिकी है, उन सिद्धांतों के समकक्ष अवधारणाएँ भारत की प्राचीन ज्ञान–परंपरा, साहित्य और राजनीतिक विमर्श में भी विद्यमान रही हैं। वैशाली का गणतंत्र[2] तो एक उदाहरण है ही, वेदों और महाभारत सहित विभिन्न भारतीय ग्रंथों में भी गणतंत्र से सम्बंधित व्यवस्थाओं, पद्धतियों और मूल्यों का उल्लेख मिलता है।[3] महाभारत के शांतिपर्व में तो स्पष्ट रूप से गणतंत्र राज्य और उसकी नीति का वर्णन आता है।[4] ऐसे में, यह कहना उचित प्रतीत होता है कि भारतीय वांग्मय में उपस्थित यह लोकतांत्रिक चेतना ही 'नानापुराणनिगमागमसम्मत' की आधारशिला पर अपने महाकाव्य का भव्य भवन खड़ा करने वाले गोस्वामी तुलसीदास के काव्य–सृजन में भी जहां–तहां आती रही है। वस्तुतः भारतीय ज्ञान–परंपरा में लोकतंत्र के संदर्भ में जो कुछ श्रेष्ठ उपस्थित है, उन सबका श्रेष्ठतम सारांश तुलसी के काव्य में रामराज्य का रूप लेकर अभिव्यंजित हुआ है।

लोकतंत्र का मूल उद्देश्य जनमत के सम्मान और जनकल्याण की सर्वोच्चता को सुनिश्चित करना होता है। शासन की वह प्रत्येक प्रणाली, जो व्यापक जनहित को साकार करने में समर्थ हो, लोकतांत्रिक व्यवस्था के मूल स्वरूप में सम्मिलित मानी जाती है। शासन के धरातल पर लोकतंत्र उन्हीं मूल्यपरक सिद्धांतों एवं नीतिगत पद्धतियों को आत्मसात करता है, जो जनसामान्य के जीवन को सुगम, समृद्ध और न्यायसंगत बनाने हेतु अभिप्रेरित हों।

गोस्वामी तुलसीदास के युग की राजनीतिक–सामाजिक संरचना इस आदर्श से कोसों दूर थी। तत्कालीन शासन प्रणाली, विशेषतः मुगल राजसत्ता के अधीन विकसित सामंतवादी ढांचे में, जनसामान्य की स्थिति अत्यंत दयनीय थी। शोषण, अन्याय और सामाजिक असमानता की व्यापक उपस्थिति के कारण नागरिक जीवन में धर्म–अधर्म अथवा उचित–अनुचित का बोध विलुप्त प्रायः था। आर्थिक संकट और दैन्यावस्था ने सामान्यजन को विवश कर दिया था कि वे केवल क्षुधापूर्ति को ही जीवन का अंतिम लक्ष्य मानें।

तुलसीदास ने इस विकट सामाजिक–सांस्कृतिक विघटन की छवि को कवितावली में अत्यंत मार्मिकता से चित्रित किया है। प्रस्तुत कवित्त, जिसमें विभिन्न वर्गों के लोगों की आर्थिक विवशता, नैतिक अधःपतन और पेट की अग्नि के समक्ष समस्त जीवनमूल्यों की पराजय का वर्णन हुआ है, वस्तुतः उस युग के यथार्थ का सजीव दस्तावेज है :–

किसबी, किसान-कुल, बनिक, भिखारी, भाट, चाकर, चपल नट, चोर, चार, चेटकी।
पेट को पढ़त, गुन गढ़त, चढ़त गिरी, अटत गहन-गन अहन अखेट की।।
ऊँचे-नीचे करम, धरम-अधरम करि, पेट ही को पचत, बेचत बेटा-बेटकी।
'तुलसी' बुझाइ एक राम घनस्याम ही तें, आगि बड़वागितें बड़ी है आगि पेट की।।[5]

इस सामाजिक विघटन और दमनकारी व्यवस्था के मध्य तुलसीदास ने 'रामराज्य' की परिकल्पना के माध्यम से एक आदर्श शासन–प्रणाली का सृजन किया, जो यद्यपि राजतंत्रात्मक स्वरूप में अभिव्यक्त होता है, तथापि उसमें निरंकुशता, स्वेच्छाचारिता अथवा दमन का कोई स्थान नहीं है। रामराज्य तुलसी के राजनीतिक आदर्श का चरम प्रतिमान है, जिसमें शासन की समस्त शक्तियाँ जनमत, न्याय और लोकमंगल के हित में नियोजित होती हैं।

रामचरितमानस के उत्तरकाण्ड में उल्लिखित रामराज्य केवल एक आदर्श शासन का नैतिक आख्यान नहीं है, बल्कि तुलसीदास की लोकतांत्रिक दृष्टि का साकार रूप भी है। उल्लेखनीय है कि यह लोकतांत्रिक चेतना रामचरितमानस में केवल अंततः नहीं उभरती, अपितु उसके प्रारंभिक प्रसंगों से लेकर सम्पूर्ण कथा–प्रवाह में वह बारंबार मुखर होती रहती है। तुलसीदास द्वारा प्रस्तुत यह शासन दृष्टि उन्हें भक्त कवि के पारंपरिक दायरे से बाहर लाकर एक सजग समाज–चिंतक एवं दूरदर्शी राजनीतिक विचारक के रूप में स्थापित करती है। राम राज्याभिषेक के प्रसंग में तुलसी ने शासन के जिस रूप का संकेत दिया है, उसमें राजा दशरथ सब की सम्मति का संज्ञान होने पर ही अपने पुत्र राम को युवराज बनाने का विचार करते हैं :–

सब कें उर अभिलाषु अस, कहहिं मनाइ महेसु।
आप अछत जुबराज पद, रामहि देउ नरेसु।।[6]

स्पष्ट है कि राजा दशरथ राम का राज्याभिषेक करने का विचार इसलिए कर रहे हैं, क्योंकि राम उनके

सेवक, मंत्री और प्रजाजनों सहित सबको प्रिय हैं। संभव है कि यदि राम सर्वप्रिय नहीं होते और भरत–लक्ष्मण आदि किसी अन्य राजकुमार को यह जन–स्वीकृति प्राप्त होती तो केवल राजा का ज्येष्ठ पुत्र होने से राम को राज्य नहीं मिलता, अपितु सर्वप्रिय राजकुमार के अभिषेक का विचार किया जाता। राम के ही पूर्वज राजा सगर ने अयोग्य होने के कारण अपने ज्येष्ठ पुत्र असमंजस का त्याग कर प्रजा के प्रिय अपने पौत्र अंशुमान को राजा बना दिया[7] था। भारतीय परम्परा में ऐसे और भी उदाहरण मिलते हैं। तुलसीदास ने भी राम राज्याभिषेक के माध्यम से भारतीय परंपरा में उपस्थित जनमत के महत्व की राजनीतिक दृष्टि के प्रति ही समर्थन व्यक्त किया है।

समानता का प्रश्न आने पर अक्सर तुलसीदास आलोचना की धार पर रख दिए जाते हैं। उन्हें वर्ण–व्यवस्था के समर्थक से लेकर स्त्री–विरोधी तक सिद्ध करने की चेष्टाएँ होती रहती हैं। इस तरह की बात करने वाले लोग अक्सर तुलसी के राम की समतामूलक दृष्टि को भूल जाते हैं। जो राम चक्रवर्ती सम्राट दशरथ के पुत्र हैं और वर्ण से क्षत्रिय हैं, वे तत्कालीन समाज में स्वयं से हर प्रकार हीन माने जाने वाली विभिन्न जातियों/जनजातियों के साथ समानता पर आधारित संबंधों की स्थापना करते हैं। निषादराज गुह संग **'तुम्ह मम सखा भरत सम भ्राता'**[8] के द्वारा भ्रातृत्व का सम्बन्ध स्थापित करना हो या भीलनी शबरी के अतिथि बनकर भक्ति के धरातल पर समता का सुंदर आदर्श गढ़ना हो या वानर जाति के राज्य से वंचित नायक सुग्रीव और राक्षस जाति के विभीषण से मित्रता कर जाति–पांति के समस्त भेदभाव से ऊपर मानवीय संबंधों की उद्घोषणा करनी हो, राम के ये समस्त कर्म समतामूलक समाज की ही प्रस्तावना करते हैं। समतामूलक समाज का यह स्वप्न तुलसी के रामराज्य में पूर्णतः साकार होता है, जिसे रेखांकित करते हुए मूर्धन्य आलोचक रामविलास शर्मा लिखते हैं, **'तुलसी का रामराज्य वर्णहीन नहीं है। लेकिन सरयू के राजघाट पर चारों वर्ण एकसाथ स्नान जरूर करते हैं : राजघाट सब विधि सुंदर वर। मज्जहिं तहां बरन चारिउ नर।'**[9]

स्त्री–विषयक प्रसंगों में **'ढोल गंवार शूद्र पशु नारी। सकल ताड़ना के अधिकारी।'** की ढोल पीटते हुए तुलसी की खूब लानत–मलानत की जाती है। लेकिन ऐसा करते हुए यह भुला दिया जाता है कि यह चौपाई रामचरितमानस में समुद्र द्वारा कही गई है, जो कि एक नकारात्मक पात्र है और नकारात्मक पात्रों के मुख से कभी रचनाकार नहीं बोलता। रचनाकार की वाणी तो सकारात्मक पात्रों के कंठ में ही विराजती है। यहाँ यह सिद्ध करने की कोई चेष्टा नहीं की जा रही कि स्त्रियों के प्रति तुलसी की दृष्टि पूर्णतः आधुनिक और प्रगतिशील थी। परंतु, यह अवश्य ध्यान देने योग्य है कि प्रायः अपनी युगीन सीमा में रहते हुए भी तुलसी ने स्त्रियों को लेकर अवसरानुसार कहीं प्रशंसा तो कहीं करुणा का भाव ही व्यक्त किया है। स्त्री–विरोध का भाव उनमें नहीं है। तुलसी की स्त्री–विषयक दृष्टि का उल्लेख करते हुए रामविलास शर्मा लिखते हैं, **"एक तरफ पति-सेवा का उपदेश, तो दूसरी तरफ पराधीन नारी के लिए स्वप्न में भी सुख न मिलने का क्षोभय यह कला तुलसीदास को छोड़कर और कहीं नहीं है।"**[10]

इसके बाद भी तुलसीदास को जहां कहीं अवसर मिला है, वे स्त्री की एक सशक्त छवि प्रस्तुत करने से नहीं चूके हैं। तीनों लोकों को रुलाने वाले, देव–शक्तियों के लिए भी भयकारी राक्षसराज रावण के समक्ष उसके समस्त प्रलोभनों को अस्वीकार करते हुए उसे कठोर बातें कहने वाली सीता के चरित्र में शक्ति स्वरूपा स्त्री की छवि के ही दर्शन होते हैं।

तुलसी द्वारा पतिव्रता नारी के महिमामंडन की चर्चा भी खूब की जाती हैय परंतु, यह बिसरा दिया जाता है कि उनके रामराज्य में पुरुषों के लिए भी एक–पत्नीव्रत का नियम निर्धारित है : **एक नारिब्रतरत सब झारी। ते मन बच क्रम पतिहितकारी।।**[11] ध्यान देने की बात यह भी है कि 'एकपत्नीव्रत' का आदर्श तुलसी उस युग में रख रहे थे, जब स्त्री को भोग की वस्तु मानते हुए बहुपत्नी का चलन लगभग आम था। यह तुलसी की लोक की विसंगतियों का परिष्कार करने वाली दृष्टि ही थी कि ऐसे युग में उन्होंने पति और पत्नी दोनों के लिए समान नियम की घोषणा कर समानता के मूल्य को समर्थन देने का साहस दिखाया। अंततः हमें इस पर भी विचार करना चाहिए कि जो कवि '**सीय राममय सब जग जानी**'[12] के भाव से समस्त जड़–चेतन को सीताराम का अंश मानते हुए हाथ जोड़कर प्रणाम करने की बात कहता हो, वो किसी भी प्रकार के भेदभाव और विषमता का समर्थक कैसे हो सकता है?

तुलसी व्यक्ति–स्वतंत्रता के विरोधी नहीं हैं, परंतु, उनके युग की जो परिस्थितियां थीं उसमें स्वतंत्रता ने मर्यादाहीन होकर स्वच्छंदता का रूप ले लिया था। सामाजिक–राजनीतिक सभी क्षेत्रों में मर्यादाओं का हनन चरम पर था। स्त्री के लिए तो यह समय और भी कठिन था, क्योंकि उसे भोज्या के भाव से देखते हुए पुरुष–वर्ग अपनी मर्यादाओं को भूल जाता था। यही कारण है कि वाल्मीकि रामायण में लक्ष्मण–रेखा का प्रसंग न होने के बावजूद तुलसीदास ने रामचरितमानस के लंकाकाण्ड में इसका उल्लेख कर दिया है।[13] यह सीता के सुरक्षा की रेखा थी, जिसकी आवश्यकता तुलसी के युग की सीताओं यानी स्त्रियों को भी थी, क्योंकि उस समय का शासक समाज ही रावण हो रहा था। ऐसे विकट समय में भी तुलसी ने स्वतंत्रता के मूल्य का निषेध नहीं किया अपितु मर्यादित स्वतंत्रता की प्रस्तावना की।

तुलसी के राम भी स्वतंत्रता के पक्षधर हैं। उनके समक्ष समर्थक ही नहीं, विरोधी भी अपनी बात कह सकते हैं। युद्ध के काल में वे सबसे मंत्रणा करके ही कोई निर्णय लेते हैं और अपने आसपास ऐसा वातावरण रखते हैं, जिसमें हर कोई खुलकर अपनी बात रख सके। यही कारण है कि रावण द्वारा त्यागे जाने के पश्चात् उसका भाई होते हुए भी विभीषण राम के पास आने का साहस जुटा पाते हैं। तीन दिन तक मार्ग मांगने के बाद भी जब समुद्र उनकी नहीं सुनता तो राम क्रोध अवश्य दिखाते हैं, परंतु, जब भयभीत भाव से समुद्र उपस्थति होता है तो उस पर प्रहार नहीं करते अपितु धैर्य और शांति के साथ उसका पक्ष सुनते हैं। रावण के शासन में अभिव्यक्ति की ऐसी स्वतंत्रता नहीं है। उसने अपने आसपास भय का ऐसा वातावरण बना रखा है कि विरोधी तो दूर उसके मित्र और मंत्री तक उसे उचित सलाह देने का साहस नहीं जुटा पाते। उचित सलाह देने पर वह अपने नाना माल्यवान से लेकर भाई विभीषण तक का अपमान कर देता है। स्पष्ट है कि राम लोकतांत्रिक शासक के आदर्श हैं, वहीं रावण अधिनायकवादी राजतंत्र का चरम उदाहरण प्रस्तुत करता है। इस अर्थ में, राम–रावण संघर्ष का परिणाम अधिनायकवादी राजतंत्र पर लोकतंत्र की विजय का आख्यान भी कहा जा सकता है।

सीता–परित्याग का प्रसंग रामराज्य में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के आदर्श का आख्यान ही है। यद्यपि तुलसीदास जी ने रामचरितमानस में इस प्रसंग का वर्णन नहीं किया है। केवल एक स्थान पर '**सिय निंदक अघ ओघ नसाए**'[14] जैसे अस्पष्ट संकेत करके रह गए हैं। परंतु, रामाज्ञा प्रश्न[15] और गीतावली[16] में उन्होंने इस प्रसंग का स्पष्ट उल्लेख किया है। गीतावली में तो कई पदों में इस प्रसंग का सविस्तार वर्णन मिलता है। वहीं रामज्ञा प्रश्न में दोहा आता है :

सती सिरोमनि सीय तजि, राखि लोग रूचि राम।

सहे दुसह दुःख सगुन गत, प्रिय बियोग परिणाम।

अब प्रजा की इच्छा का सम्मान करते हुए राजा द्वारा अपनी पत्नी का त्याग कर देना, न केवल रामराज्य में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के स्तर को दिखाता है, अपितु प्रजा के प्रति राजा की प्रतिबद्धता का भी द्योतक है। तुलसी के युग का शासक–वर्ग राजधर्म को भूल चुका था। प्रजा पीड़ा में थी, परंतु, शासकों और उनके सामंतों को अपने भोग–विलास से ही अवकाश नहीं था। शासकों के लिए नागरिकों की उपयोगिता केवल भारी–भरकम कर वसूलने के लिए थी। कर लेने के पश्चात् नागरिक–हितों का कोई ध्यान नहीं रखा जाता था। परिणामतः शासक–वर्ग सम्पन्न होकर विलासिता में डूबा था, तो वहीं साधारण जन अन्न के लिए भी मुहताज होते जा रहे थे। देश में विदेशी आक्रांताओं के आने के बाद जो राजतंत्र स्थापित हुआ था उसमें ऐसा होना कोई बहुत विचित्र बात नहीं थी, परंतु, तुलसी को भारतीय ज्ञान–परंपरा से राजतंत्र के जिस धर्माधारित स्वरूप का बोध प्राप्त हुआ था, उसके परिणामस्वरूप उन्होंने रामराज्य के रूप में राजतंत्र का वो उत्कृष्ट रूप प्रस्तुत किया जिसे गांधीजी ने भी लोकतंत्र का सच्चा आदर्श माना।[17]

तुलसी के यहाँ राजधर्म में प्रजा और प्रजा का हित सर्वोपरि है। जिस प्रकार से भी प्रजा का कल्याण हो, वह सब राजा का कर्तव्य है। प्रजा–हित का ध्यान न रखने वाले राजा के लिए तुलसी ने लिखा है :

जासु राज प्रिय प्रजा दुखारी।

सो नृप अवसि नरक अधिकारी।।[18]

तुलसी के युग की कर–प्रणाली जनता के शोषण पर आधारित थी। शासक–वर्ग मनमाने कर लगाकर लोगों से धन उगाही करता था और उस धन का व्यय प्रजा–हित में नहीं, शासकों के भोग–विलास में ही होता था। तुलसी कर लेने के विरोधी नहीं हैं, परंतु, उनकी कर नीति साधारण जनों के शोषण पर नहीं, सर्व समाज के पोषण पर आधारित थी। तुलसी ने जिस कर प्रणाली की अवगाहना की है, वह आज के समय में भी आदर्श मानी जा सकती है :

बरषत हरषत लोग सब, करसत लखे न कोई।

तुलसी प्रजा सुभाग ते, भूप भानु सम होई।।[19]

तुलसी न्यायपूर्ण शासन की बात करते हैं। ऐसी शासन–नीति पर उनका बल है, जिससे सबका समान रूप से कल्याण सुनिश्चित हो। समानता पर आधारित न्याय का शासन तुलसी के राजधर्म की प्रमुख विशेषता है। इसका निर्देशन करते हुए स्वयं राम के मुख से वे कहलवाते हैं :

मुखिया मुख सो चाहिए, खान-पान कहुं एक

पालइ पोषइ सकल अंग, तुलसी सहित विवेक।[20]

इन सभी उदाहरणों से स्पष्ट है कि आज से पांच शताब्दी पूर्व तुलसीदास ने राजधर्म के जिन मूल्यों का प्रतिपादन किया था, वह वर्तमान लोकतंत्र के लिए भी न केवल प्रासंगिक अपितु आवश्यक हैं। तुलसी का राजधर्म उनके मानस में उपस्थित लोकतांत्रिक चेतना का ही तद्युगीन प्रस्फुटन है।

निष्कर्ष :-

विचार करें तो तुलसी को जितनी ख्याति और प्रतिष्ठा भक्त कवि के रूप में मिली है, उसकी तुलना में

उनके अन्य आयामों पर कम ही चर्चा हो पाई है। वे भक्त कवि तो निस्संदेह हैं, परंतु, इसका यह अर्थ नहीं कि भक्ति रस में डूबे वे अपने समय और समाज के प्रति पूर्णतः उदासीन थे। कबीर की ही तरह तुलसी में भी गहरा युगबोध उपस्थित था। जैसा कि आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी ने लिखा है, "**तुलसीदास कवि थे, भक्त थे, पंडित-सुधारक थे, लोकनायक थे और भविष्य के स्रष्टा थे। इन रूपों में उनका कोई भी रूप किसी से घटकर नहीं था।**"[21]

वस्तुतः तुलसी की भक्ति लोक के कल्याण का उपक्रम है। आदर्श मानव के सब गुणों को धारण करने वाले और मानव–कल्याण में समर्थ राम उनके आराध्य हैं। मानवता का कल्याण तुलसी के महाकाव्य की भावभूमि है। रामविलास शर्मा के शब्दों में : "तुलसी ने प्राचीन महाकाव्यों की मानववादी परंपरा को आगे बढ़ाया है। 'न मानुषात श्रेष्ठतरम हि किंचित' पर रामचरितमानस मानो सजीव भाष्य है। अनेक बार तुलसी ने भक्त को भगवान् से बड़ा बतलाया है, इससे अधिक वह मानव–प्रेम का प्रमाण क्या दे सकते थे?"[22]

तुलसी का साहित्य, जीवन का साहित्य है जिसमें मानव–जीवन की विविध छटाएँ उपस्थित हैं। अतः उसे समग्र रूप में समझने के लिए आवश्यक है कि तुलसी को भक्त कवि के साथ–साथ अपने काव्य के माध्यम से लोक–कल्याण की प्रस्तावना करने वाले लोकनायक के रूप में भी समझा जाए।

संदर्भ :-

1. https://www.theguardian.com/world/2021/apr/05/vladimir&putin&passes&law&that&may&keep&him&in&office&until&2036
2. बिहार : एक सांस्कृतिक वैभव, शंकर दयाल सिंह, पृष्ठ 38, डायमंड पॉकेट बुक्स, संस्करण 1999
3. भारतीय राजनीति और संसद : विपक्ष की भूमिका, सुभाष काश्यप, पृष्ठ–9–12, राजकमल प्रकाशन, संस्करण 1998
4. भारतीय राजनीति और संसद : विपक्ष की भूमिका, सुभाष काश्यप, पृष्ठ–9–12, राजकमल प्रकाशन, संस्करण 1998
5. कवितावली, उत्तरकाण्ड, पृष्ठ 115, गीताप्रेस, संस्करण 2017
6. रामचरितमानस, अयोध्याकाण्ड, दोहा 1, गीताप्रेस।
7. श्रीमद्भागवत महापुराण, नवम स्कंध, अध्याय 8, गीताप्रेस।
8. रामचरितमानस, उत्तरकाण्ड 19.3
9. परम्परा का मूल्यांकन, रामविलास शर्मा, पृष्ठ 86, राजकमल प्रकाशन, संस्करण 2018
10. पूर्वोक्त, पृष्ठ संख्या 88
11. रामचरितमानस, उत्तरकाण्ड, 21.8
12. रामचरितमानस, बालकाण्ड, 7.2
13. रामचरितमानस, लंकाकाण्ड, 35.2
14. पूर्वोक्त, 15.3
15. रामाज्ञा प्रश्न, षष्ठ सर्ग, सप्तक 6, दोहा 4–5, गीताप्रेस।
16. गीतावली, उत्तरकाण्ड, पद 25–30, गीताप्रेस।

17. यंग इंडिया, 19 सितंबर 1929
18. रामचरितमानस, बालकाण्ड 70,6।
19. दोहावली, दोहा – 508, गीताप्रेस।
20. रामचरितमानस, अयोध्याकाण्ड, दोहा – 315
21. हिंदी साहित्य की भूमिका, हजारी प्रसाद द्विवेदी, पृष्ठ 101, राजकमल प्रकाशन, संस्करण 2021
22. परम्परा का मूल्यांकन, रामविलास शर्मा, पृष्ठ 92, राजकमल प्रकाशन, संस्करण 2018

Piyush Dwivedi
08750960603
sardarpiyush24@gmail.com

PRINTED MATTER/PRINTING BOOK CLAUSE 121 (A) P & T GUIDE

गुगनराम एजुकेशनल एण्ड सोशल वैलफेयर सोसायटी (रजि.)
द्वारा भिवानी (हरियाणा), काठमाण्डू (नेपाल) से प्रकाशित

ISSN : 2395-7115
Impact Factor 8.642

बोहल शोध मंजूषा
Bohal Shodh Manjusha

AN INTERNATIONAL MULTI DISCIPLINARY, MULTIPLE LANGUAGES
PEER REVIEWED, REFREED RESEARCH JOURNAL

UGC Valid Journal (The Gazette of India, Extraordinary Part III, Section 4, Dated July 2018)

Website :
www.bohalshodhmanjusha.com
Email : grsbohal@gmail.com

Editor :
Dr. Naresh Sihag, Advocate
HOD Hindi, Tantia University
M. : 8708822674, 9466532152

गीना देवी शोध संस्थान
द्वारा श्रीगंगानगर, (राजस्थान), पटियाला (पंजाब) व नेपाल से प्रकाशित

ISSN : 2321-8037
Impact Factor 7.834

Gina Shodh
SANGAM

A Peer Reviewed & Refereed International Research Journal
Journal of Literature, Arts, Culture, Humanities and Social Sciences
UGC Valid Journal (The Gazette of India, Extraordinary Part III, Section 4, Dated July 2018)

Website : www.ginajournal.com
Email : grngobwn@gmail.com
Office : 8708822674

Editor :
Dr. Rekha Soni, Vice Principal
Education, Tantia University
M. 9828531975

गिरधारीलाल घासीराम शोधपीठ
द्वारा नई दिल्ली, आगरा, गाजियाबाद एवं नेपाल से प्रसारित

ISSN : 2348-5639
Impact Factor 6.521

SHODH SAMALOCHAN

AN INTERNATIONAL PEER REVIEWED, REFEREED MULTIDISCIPLINARY
& MULTIPLE LANGUAGES QUARTERLY RESEARCH JOURNAL

UGC Valid Journal (The Gazette of India, Extraordinary Part III, Section 4, Dated July 18, 2018)

Website : https://ginajournal.com/shodh-samalochan/
Executive Editor : Dr. Varsha Rani M. 9671904323
Managing Editor : Dr. Mukesh Verma M. 9627912535

Editor :
Dr. Naresh Sihag, Advocate
M. 8708822674

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक गीना शोध संस्थान भिवानी के लिए डॉ. नरेश सिहाग एडवोकेट ने मनभावन प्रिन्टर्ज भिवानी से छपवाकर कार्यालय 202, पुराना हाऊसिंग बोर्ड, भिवानी-127021 (हरियाणा) से वितरित की।

ISSN 2321:8037